# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 4 मार्च 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 281 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1788 :** पश्चिम बंगाल में कलकत्ता गजट का पहला प्रकाशन हुआ।

**1921 :** हिंदी के लोकप्रिय साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म।

**1930 :** फ्रांस में आयी भयंकर बाढ़ से करीब 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।

**1951 :** नयी दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन किया गया।

**1977 :** रोमानिया में आये जबरदस्त भूकंप से लगभग 1541 लोगों की मौत हुई।

# प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 17,607 करोड़ खर्च करेगी हेमंत सरकार

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपना पहला बजट पेश किया, जिसकी कुल राशि 1.45 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले साल के 2024-25 के बजट 1.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। शिक्षा बजट में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह किसानों, महिलाओं, आदिवासियों और वंचितों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित बजट से पूरे राज्य में महत्वपूर्ण विकास होगा।



### बिजनेस एवं मास कम्युनिकेशन स्कूल की स्थापना की जाएगी

इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है क्योंकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना की जाएगी।

### पांच नये लॉ कॉलेज खुलेंगे

राज्य में लॉ की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका एवं पलामू में कुल पांच नये लॉ कॉलेजों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है।

### उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को दिया जाएगा बढ़ावा

बजट में यह पेश किया गया है कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो और गोड्डा में नवनिर्मित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पढ़ाई शुरू करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा रांची/खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहेबगंज और गिरिडीह में भी इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के जमशेदपुर, गुमला और साहेबगंज जिले में नए राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना तैयार की जा रही है। इसके अलावा जमशेदपुर, धनबाद और दुमका में तीन नए तकनीकी विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, ऐसा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट में कहा है।

### किसानों के लिए बजट में काफी कुछ

वित्त मंत्री ने कहा- पलायन रोकने और रोजगार सृजन करने पर सरकार का फोकस होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। किसानों को ऋण से मुक्त करना, उनकी आय बढ़ाना, किसानों की ऋण माफी में सरकार ने काफी खर्च किया है। कई तालाब और नदी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। तालाबों के गहरीकरण और सिंचाई की व्यवस्था के लिए जलनिधि योजना के लिए 203 करोड़ 40 लाख का बजट रखा गया है। खेती में कृषियंत्र को बढ़ावा देने के लिए यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। 8 हजार 4 सौ लाभुकों के लिए 140 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। पशुपालन के लिए 79 हजार लाभुकों के लिए 255 करोड़ का बजट, मिल्क प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए 38 लाख एक हजार मैट्रिक टन का प्रस्ताव है। प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की उपलब्धता है वह बहुत कम है। हम इसलिए मिल्क प्रोडक्शन पर जोर दे रहे हैं।

### आर्थिक विकास दर 7.5% रहने का अनुमान

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि बजट में सामान्य क्षेत्र के लिए 37,884 करोड़, सामाजिक क्षेत्र के लिए 62,840 करोड़ 45 लाख और आर्थिक क्षेत्र के लिए 44,675 करोड़ 19 लाख का उपबंध है। वहीं सरकार का बेहतर ऋण प्रबंधन पर जोर है। उन्होंने बताया कि अब तक 2283 करोड़ का निवेश हुआ है। झारखंड में पिछले कई वर्षों से स्थापना व्यय की तुलना में योजना व्यय में लगातार इजाफा वित्तीय वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.5% रहने का अनुमान है।

## राज्यपाल को सौंपी बजट की कॉपी

**रांची।** विधानसभा पहुंचने से पहले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की कॉपी दी। इस दौरान राज्य के वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी साथ थे। यहां बजट की कॉपी देने के बाद अब वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर विधानसभा पहुंचे।



## बजट झारखण्ड के समग्र विकास का रोडमैप : हेमंत सोरेन

**रांची।** आज अबुआ सरकार का बजट जन-जन की आकांक्षाओं और युवा झारखण्ड के सतत विकास के संकल्प के साथ जनता को समर्पित किया जा रहा है। यह बजट झारखण्ड के समग्र विकास का रोडमैप है। आज झारखण्ड के समग्र विकास का अबुआ बजट जनता को समर्पित होगा। राज्य के लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी और सुझावों के साथ यह बजट तैयार किया गया है। आज इस अवसर पर मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए, धन्यवाद करता हूँ, जोहार करता हूं।



# झारखंड को 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाएगी हेमंत सरकार

## आर्थिक शक्ति बनाने को सरकार ने कसी कमर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें राज्य की आर्थिक वृद्धि को तेज करने और समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन (10 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सरकार को अगले छह वर्षों तक औसतन 14.2% की वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.6 ट्रिलियन रुपये (4,61,010 करोड़ रुपये) रहा। सरकार की रणनीति इस आंकड़े को 2029-30 तक दोगुना करने की है, जिससे झारखंड को एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित किया जा सके। बजट में गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रावधान किया गया है। मईंया सम्मान योजना को सरकार का प्रमुख फोकस बताया गया, जिससे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जाएगा। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए भी बड़े पैमाने पर निवेश का प्रस्ताव किया गया है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष ध्यान दे रही है। बजट में यह सुनिश्चित किया गया है कि झारखंड की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़े और 2030 तक 10 ट्रिलियन रुपये के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से मैट्रिक परीक्षार्थी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ढ़ोढ़िया नदी के समीप बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से मैट्रिक के छात्र की मौत हो गई। जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार की सुबह करीब 9:15 बजे की है दोनों छात्र बाइक से परीक्षा देने बरकट्ठा जा रहे थे। इसी दौरान रस्ते में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान ग्राम सिमारिया चुगलामो निवासी अर्जुन महतो के बेटे रोहित कुमार (18) के रूप में हुई है। बाइक पर सवार ग्राम बनपुरा चुगलामो निवासी मंटू महतो के बेटे नीतीश कुमार (18) गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से नीतीश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले जाकर भर्ती कराया गया। घटना के बाद अवैध बालू लदा ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा। मामले की सूचना मिलने पर बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी और मृतक के परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन बरकंनगांगों और बराकर घाट से सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर और टीपर गाड़ी से अवैध बालू की तस्करी धड़ल्ले से किया जा रहा है।

# फागुन रंग, रंग दे ओ रे सजन, चढ़े जीवन भर यही रंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** फागुन की मस्ती, होली के रंग और साहित्य की सुरभि से सराबोर बोकारो महिला काव्य मंच के होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष गोष्ठी का आयोजन सोमवार को बोकारो क्लब में हुआ। इस अवसर पर चर्चित साहित्यकार स्मिता की खनकदार आवाज़ में गूंजे गीत ''फागुन रंग रंग दे ओ रे सजन, चढ़े जीवन भर यही रंग'' ने माहौल को होलीमय बना दिया और कार्यक्रम के केंद्रीय भाव को सजीव कर दिया। संस्था के संस्थापक नरेश नाज, राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण एवं प्रदेश अध्यक्ष मोना बग्गा के संज्ञान में संपन्न इस गोष्ठी की अध्यक्षता काजल भलोटिया ने की, जबकि प्रदेश सचिव अर्चना 'अश्क' मिश्रा ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मीडिया प्रभारी स्मिता ने कवरेज का दायित्व निभाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुप्रिया 'सरस' की मधुर सरस्वती वंदना से हुई, जबकि मंच संचालन अमृता शर्मा ने किया। गोष्ठी में फागुन और होली की मादकता को अभिव्यक्ति देते हुए कवयित्रियों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। नीलम झा की ''गुलाबी गाल पर कुछ रंग मेरे भी जमाने दो'', करूणा कलिका की ''फागुन बड़ा शोर करता'', शीला तिवारी की ''सरसों के फूलों में'', स्मिता की ''फागुन रंग रंग दे'', अमृता शर्मा की ''बरसाने में सखियों संग'', गीता कुमारी 'गुस्ताख' की ''भए हैं बलम परदेसिया', रीना यादव की ''मिले छुट्टी चले आना'', दीप्तिमयी निशंक की ''एहसास ममता की'', माला की ''ब्रज में कान्हा खेले होली'', सोनी कुमारी की ''मोहे रंग है ऐसे डारा'', रिंकू गिरी की ''हो गया प्यार गुलाल से'', रिचा प्रियदर्शनी की ''पलाश'', सुप्रिया सरस की ''खुशियों के रंग'', ज्योतिर्मय डे राणा की ''जुदा ना करो'', दीप्ति झा की ''होली'', क्रांति श्रीवास्तव की ''होली के रंग'' और काजल भलोटिया के गीत ''प्रेम रंग'' ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर काव्य मंच की मीडिया प्रभारी स्मिता ने साहित्यिक व्यस्तता के चलते अपने पद से मुक्त होने की घोषणा की। मंच से जुड़ी साहित्यकारों ने उनके योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनकी सक्रियता और समर्पण की सराहना की। उनकी जगह जयंती सिंह को नया मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

# अनियंत्रित पिकअप के पलटने से किशोर की मौत, 23 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खरसावां।** खरसावां-आमदा मुख्य मार्ग पर बोरडा के पास एक पिकअप वैन अनियंत्रित हो कर पलट गया। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। 23 अन्य लोग घायल हो गये। इनमें 10 पुरुष, 5 महिला और 8 बच्चे हैं। गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान जिले के कुम्हार रिडींग गांव निवासी 17 वर्षीय लक्ष्मण कुम्हार के रूप में हुई है। जिले के कुम्हार रिडींग गांव के करीब 2 दर्जन से अधिक लोग रविवार को एक पिकअप वैन में सवार हो कर शादी समारोह में शामिल होने चक्रधरपुर के चैनपुर गांव गए थे। देर रात शादी समारोह से लौटने के दौरान आमदा-खरसावां मुख्य मार्ग पर बोरडा स्कूल के पास वैन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से कुछ घायलों को खरसावां सीएचसी और कुछ लोगों को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने तत्परता दिखाते हुए रास्ते से गुजर रहे एक बारात गाड़ी की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने में अन्य बारातियों ने भी मदद की। प्रशासन की गाड़ी से भी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, एसपी मुकेश लुणायत, एसडीपीओ समीर सैवाय अहले सुबह करीब 3 बजे सदर अस्पताल सरायकेला पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। सभी घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया।



# मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि आकाश को पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन आकाश ने जो प्रतिक्रिया दी, वह राजनीतिक मैच्योरिटी नहीं है। वो अपने ससुर के प्रभाव में स्वार्थी, अहंकारी हो गया है। बसपा सुप्रीमो ने एक दिन पहले ही आकाश को पार्टी के सभी पदों से हटाया था और कहा था कि वे उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा था, 'मेरे जीते-जी और आखिरी सांस तक पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मेरे लिए पार्टी और आंदोलन सबसे पहले हैं, परिवार और रिश्ते बाद में आते हैं। जब तक मैं जीवित रहूंगी, तब तक पूरी ईमानदारी से पार्टी को आगे बढ़ाती रहूंगी। आकाश मायावती के सबसे छोटे भाई के बेटे हैं। उन्हें 15 महीने में 2 बार उत्तराधिकारी घोषित किया गया, लेकिन दोनों ही बार हटा दिया। सबसे पहले 10 दिसंबर, 2023 को उत्तराधिकारी बनाया। 7 मई, 2024 को गलतबयानी की वजह से सभी जिम्मेदारियां छीन ली गईं। 23 जून 2024 को फिर से उत्तराधिकारी बनाया और नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी। लेकिन 2 मार्च 2025 को उनसे फिर सारी जिम्मेदारियां छीन लीं। 3 मार्च को उन्हें पार्टी से ही बाहर कर दिया गया। आकाश ने बसपा के सभी पदों से हटाए जाने के बाद कहा था, 'बहनजी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के जैसा है। मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं

## उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किये गये बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर दिया गया विशेष जोर

# बिहार का बजट तीन लाख करोड़ पार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीन लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछली बार से 38 हजार करोड़ रुपए अधिक है। पहली बार तीन लाख करोड़ के पार हुआ है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया गया है। इसमें 1543 करोड़ रुपये का ऋण प्रस्तावित है। सम्राट चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र केंद्र और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्प से बिहार का विकास करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए शुरू की गई योजनाओं का जिक्र किया। सम्राट चौधरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले साल का बजट मौजूदा वर्ष से 38 हजार करोड़ अधिक होगा। उन्होंने कहा कि बजट में 1543 करोड़ रुपये का ऋण प्रस्तावित है। आर्थिक सेवा में 25 हजार 262 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। सरकार 2,819 करोड़ रुपये का लोन चुकाएगी। इसमें से 1600 करोड़ केंद्र को देना है। इस बार बिहार के बजट में 60 हजार 964 करोड़ रुपये शिक्षा पर खर्च होंगे। वहीं 20 हजार 335 करोड़ स्वास्थ्य विभाग पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा 17 हजार 831 करोड़ गृह विभाग के लिए प्रावधान किया गया है। वहीं 13 हजार 484 करोड़ रुपये ऊर्जा के लिए खर्च किए जाएंगे। एससी एसटी के लिए 1735 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार डबल इंजन की ताकत से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से बिहार में विकास हो रहा है। संस्थागत नीतियां सुगम बनाई गई हैं। हमारा वित्तीय प्रबंधन पहले से बेहतर हुआ है। 2005 से पहले बजट का आकार काफी छोटा था। बजट में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। रोजगार युक्त निवेश को बढ़ावा दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट का आकार 3 लाख 16 हजार 895.02 करोड़ रूपया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकर से 38,169 करोड़ रूपया अधिक है। सम्राट चौधरी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण सड़कों पर 17908 करोड़ रू, ग्रामीण विकास पर 16093 करोड़, उर्जा विभाग 13484 करोड़, समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों पर 13368 करोड़ रूपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में 1289 करोड़ की लागत से बाजार समिति का विकास किया जाएगा। एमएसपी पर अरहर, मूंग और उरद दाल खरीदा जाएगा। सभी प्रखंड में कोल्ड स्टोर बनाया जाएगा। सुधा के तर्ज पर तरकारी सुविधा आउटलेट प्रखंड के स्तर पर खोला जाएगा। प्रखंड में सहकारी समिति का गठन किया गया है। वहीं अब प्राथमिक सब्जी उत्पादन समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन निगम में नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा।




**FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT**

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

**GLOBAL VISION**

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

## अंग्रेजों के जमाने का रेलवे ओवर ब्रिज ध्वस्त

**● 6 घंटे के मेगा ब्लॉक में पूरा हुआ काम**



**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। जिसके बाद इस स्ट्रक्चर को बड़े-बड़े क्रेन के माध्यम से हटाया गया। रेलवे ने इसके लिए 6 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया, जिस दौरान इसे हटाने का काम किया गया।

**हटाया गया ब्रिटिश काल का बना रेलवे ओवर ब्रिज:** रेलवे के मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जमालपुर में रेलवे ओवर ब्रिज को हटाया गया। इसके बाद ऐतिहासिक छोटी पुल और बड़ी पुल लोगों के यादों में सिमट कर रह गई। वहीं इसके लिए मेगा ब्लॉक भी लिया गया था। इस कार्य को समय सीमा में खत्म किया जाय, इसको लेकर बड़े-बड़े क्रेन, सैकड़ों मजदूरों के साथ काफी संख्या में इंजीनियर्स को लगाया गया था। मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने कहा कि जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक दो ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। इसके लिए बड़ी-बड़ी क्रेन, कई इंजीनियर्स और सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को लगया गया था।

**6 घंटे के मेगा ब्लॉक में हुआ काम:** जानकारी के मुताबिक जो मेगा ब्लॉक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 तक था उसे बढ़ाकर 9 बजे से लेकर शाम 3:05 बजे तक कर दिया गया था। इसी समय में सारे कार्य को पूरा कर लिया गया। इस बड़ी रेल ओवर ब्रिज की जगह उसी के पास में एक अत्याधुनिक तकनीक से रेल ओवर ब्रिज को दो साल पहले बना दिया गया था। इस नये ओवर ब्रिज पर वाहनों का परिचालन शुरू करवा दिया गया हैं। जो देखने में भी काफी भव्य लगता है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव:आत्महत्या की आशंका

**● कमरे से मिली लाश, मजदूरी कर चलाता था परिवार**



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कष्टहरणी घाट रोड में एक 18 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान किट्टू कुमार के रूप में हुई है। रविवार की शाम उसकी लाश उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। बताया गया कि मृतक दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। वह मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। घटना के दिन किट्टू पटना से लौटकर दोपहर में अपने कमरे में सो गया था। शाम को जब उसकी मां ने कमरे में लाइट जलाई तो देखा कि वह गमछे के सहारे चौकी से लटका हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### जांच में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के मोबाइल की जांच की जा रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। घटना के समय घर में सिर्फ किट्टू और उसकी मां थे। उसका बड़ा भाई राहुल कुमार ससुराल गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह मुंगेर के लिए रवाना हो गया।

# बेगूसराय-समस्तीपुर को जोड़ने वाला पुल 12 साल बाद भी अधूरा

## अब तक बने सिर्फ 6 पिलर, 10 गांव के लोग प्रभावित, बाढ़ में नाव ही सहारा

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय और समस्तीपुर के बीच बाया नदी है। यह नदी दोनों जिलों को अलग करती है, लेकिन दोनों को जोड़ने और आवागम सुगम बनाने के लिए 12 साल पहले पुल बनाने की योजना बनाई गई। पुल का शिलान्यास भी किया गया, लेकिन अब तक सिर्फ 6 पिलर ही बन पाए। पुल का एक छोड़ समस्तीपुर के मऊ में है और दूसरा बेगूसराय के विशनपुर में है। मऊ और विशनपुर को मिलाकर 10 गांव के लोगों को इस पुल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन गांवों की आबादी करीब 50 हजार है, जो पुल के अभाव में 10 किमी अधिक दूरी तय करने को मजबूर होते हैं।

बाढ़ के समय में परेशानी और बढ़ जाती है। दियारा क्षेत्र करीब 3-4 महीने पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है। ऐसे में नाव ही सहारा रहता है, जो जानलेवा भी होता है। पानी के निकलने के बाद लोग हर साल निर्माणाधीन पुल के बगल में कच्ची सड़क बनाते हैं। इसके लिए कोई चंदा देता है तो कोई श्रम दान करता है। कच्ची सड़क से लोग पैदल या बाइक से आना-जाना करते हैं, लेकिन बड़ी गाड़ी हो या फिर कार उसे 10 किमी दूर दादू पुल से गुजरना पड़ता है। पुल निर्माण क्यों नहीं हो रहा है, इस संबंध में स्पष्ट रूप से कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। मामला बछवाड़ा प्रखंड का है।

**चुनाव आता है तो अधिकारी नजर आते हैं :** स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार राय ने बताया कि 12 साल से पाया खड़ा है। 2013 में विजय कुमार चौधरी ने शिलान्यास किया था। निर्माण पर 9 करोड़ खर्च होने हैं, पर अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है। कभी बोला जाता है भू-अर्जन की समस्या है तो कभी कहा जाता है कि कुछ और गड़बड़ी हुई है। सही जवाब कोई नहीं देता। जब चुनाव का समय आता है तो कुछ अधिकारियों को भेज दिया जाता है, जनता का वोट समेटने के लिए। वोटिंग की प्रक्रिया खत्म होने के बाद कुछ नहीं होता। बाढ़ के समय में इंजीनियर मापी करने आते हैं, बाढ़ खत्म होते ही



इंजीनियर गायब हो जाते।

**चंदा जमाकर कच्ची सड़क बनाते हैं :** स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि हम लोग गांव में 10, 20, 200, 500 रुपए चंदा जमा करके हर साल कच्ची पुल बनाते हैं। मुखिया से भी मदद लेते हैं। मिट्टी भर कर किसी तरह से जाते-जाते हैं। विद्यापति नगर नजदीक में है, वहां कोल्ड स्टोर है। दियारा के किसानों का आलू इसी से होकर जाता है। हमारे बेगूसराय जिला के 10 गांव की आबादी इससे प्रभावित है।

**ढलाई से पहले जमींदारों ने अपनी जमीन कहकर निर्माण रुकवाया :** जहां पुल बन रहा है। वहां बाढ़ के समय बाया नदी उफान पर रहती है। बाया नदी में गंगा का पानी भी मिल जाता है। इसी कारण क्षेत्र में लोग पुल निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। 2008 में दुर्गा पूजा के अवसर पर तात्कालीन सांसद आलोक मेहता विशनपुर आएं थे। लोगों की मांग पर उन्होंने अखाड़ा घाट पर पुल बनवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कोई पहल नहीं हुई।

इसी दौरान सरायरंजन के विधायक विजय कुमार चौधरी जब मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत पहुंचे तो लोगों ने फिर से मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने 2013 में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की आधारशिला रखी। विनय सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से काम भी शुरू हो गया, किसी ने कोई सवाल नहीं उठाया। ग्रामीण बताते हैं, मऊ के कुछ लोगों ने अपनी जमीन बताकर पुल का निर्माण रुकवा दिया है। आवेदन देने वालों का दावा था कि हमारे जमीन पर पुल बनाया जा रहा है। जबकि, स्थानीय लोग बताते हैं कि यह जमीन उनकी नहीं, सरकारी जमीन है। विशनपुर के पूर्व मुखिया श्रीराम राय ने कहा, काम शुरू हुआ, इसके बाद जमींदार अड़ंगा लगाने लगे, जबकि यहां सरकारी और गैर मजरुआ जमीन है। अब तक कुछ क्लियर नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण पुल अर्धनिर्मित हालत में पड़ा हुआ है। करीब 9 करोड़ की लागत से पुल बनना शुरू हुआ था। पहले बोर्ड भी लगा हुआ था, लेकिन वो भी गिरा दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि दोषी हैं, खास करके विजय कुमार चौधरी। इसके साथ जितना भी पुल बनना शुरू हुआ, सब तैयार हो गया, आवागमन शुरू हो गया। वहीं, पुल निर्माण से संबंधित जानकारी लेने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई पर पर बात नहीं हो पाई।

### नदी में डूबकर लोगों की मौत हो जाती है

मऊ धनेशपुर निवासी विमल राय ने बताया कि पुल के बिना सब लोग परेशान हैं, डूब कर कितने लोग हमारे गांव के मर चुके हैं। पुल नहीं है, रास्ता नहीं है, बहुत पानी रहता है। पानी की धार तेज होती है।

### खतरों से खेलकर नाव से करते है सफर

समसीपुर दियारा के बुजुर्ग वासुदेव राय ने बताया कि पुल नहीं बनने से काफी तबाही है, क्या बताएं। सबसे अधिक परेशानी बाढ़ के समय होती है। खतरों से खेल कर नाव से आना जाना करना पड़ता है।

### पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता

रामबाबू राय ने बताया कि %विधायक जी आते हैं, पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता है। लोगों को काफी परेशानी होती है, नाव से आना-जाना पड़ता है, हजारों लोग रोज अप-डाउन करते हैं।

## 6 मार्च को होगा सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन



**मधेपुरा, एजेंसी।** बिहार के सुप्रसिद्ध बाबा नगरी सिंहेश्वर में इस साल 6 से 8 मार्च तक सिंहेश्वर महोत्सव का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, संसद, विधायक और गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगे। सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन 6 मार्च को शाम 4:30 बजे होगा। महोत्सव के दौरान स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उद्घाटन समारोह के बाद पहले दिन सारेगामापा विनर इशिता विश्वकर्मा भक्ति और बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति देंगी। 7 मार्च को जय झा अपनी मधुर आवाज में मैथिली और भक्ति संगीत की प्रस्तुति करेंगे। जबकि 8 मार्च को सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी भोजपुरी, मैथिली और भक्ति गीतों से समा बांधेंगी।

इसके अलावा तीनों दिनों में स्थानीय एवं क्षेत्रीय के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। सिंहेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह बिहार के पर्यटन और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु और पर्यटक बाबा सिंहेश्वर नाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इस बार आयोजन को और भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए सुरक्षा, परिवहन, स्वच्छता और चिकित्सा सेवाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। महोत्सव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा, और प्रशासन हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करेगा।

## बक्सर में हेलिकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा, देखने के लिए उमड़ा पूरा गांव

**बक्सर, एजेंसी।** आज हर कोई अपनी शादी को यादगार बनाना चाहता है। बिहार के बक्सर में ऐसी ही एक शादी देखने को मिली जो चर्चा का विषय बन गयी है। दरअसल, दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने के लिए कोई लग्जरी गाड़ी नहीं बल्कि हेलीकॉप्टर से बारात लेकर पहुंचा था।

**हेलीकॉप्टर से आयी बारात:** बक्सर जिले में ब्रह्मपुर पंचायत के सोवा गांव में पहली बार हेलीकॉप्टर से बारात पहुंची थी। देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा लग रहा था जैसे कोई बड़े नेता का भाषण होने वाला हो। गांव के ही मैदान में हेलीपैड का निर्माण किया गया था।

**1 मार्च को हुई शादी:** दरअसल, ब्रह्मपुर नगर पंचायत निवासी संजय महतो के पुत्र अमित कुमार का विवाह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवा गांव निवासी शिवाजी सिंह की पुत्री सोनी कुमारी से तय हुई थी। विवाह 1 मार्च को संपन्न हुआ। शादी को खास बनाने के लिए दूल्हे के परिवार वालों ने फैसला लिया कि बारात हेलीकॉप्टर से जाएगी।

**14 लाख रुपए खर्च :** परिजनों के मुताबिक इस खास इंतजाम के लिए लगभग 14 लाख रुपये खर्च कर किराए पर हेलीकॉप्टर मंगवाया था। शनिवार की शाम हेलीकॉप्टर से बारात ब्रह्मपुर हाईस्कूल के मैदान से उड़ान भरकर सोवा गांव



पहुंची। ब्रह्मपुर हाई स्कूल के मैदान में हेलीकॉप्टर लैंड की गयी।

**दुल्हन को लेकर उड़ गया दूल्हा:** जैसे ही हेलीकॉप्टर गांव के आसमान में पहुंचा लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं हर कोई इस अनोखी बारात का गवाह बनने के लिए मैदान में एकत्रित हो गए। बारात आने के बाद शादी हुई और फिर अगले दिन दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर उड़ गया।

**गूगल में काम करते हैं अमित कुमार:** ब्रह्मपुर नगर पंचायत मुंबई में गूगल कंपनी में काम करते हैं। इसके अलावा इनका अपना व्यवसाय भी है। पिता खेती-किसानी के साथ व्यवसाय भी संभालते हैं। अमित ने कहा कि अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से बारात लाया गया। दूल्हा अमित कुमार ने कहा कि मेरे भाई की इच्छा के अनुसार सबकुछ हुआ है। इन लोगों ने कहा था कि आपकी शादी अनोखे तरीके से होगी। इसलिए हेलीकॉप्टर से बारात लायी गयी।

**अनोखी शादी की चर्चा :** बक्सर में अनोखी शादी की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहला मौका था जब गांव में हेलीकॉप्टर से बारात आई थी।

## बोली-पति ने कर ली दूसरी शादी

## घर में नहीं दी एंट्री, पुलिस के साथ पहुंची पत्नी 11 साल बाद कोर्ट के आदेश पर आई थी



**सीवान, एजेंसी।** सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के लगड़पुरा गंडक नहर स्थित एक एजेंसी प्रोपराइटर के यहां रविवार के दिन उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार पुलिस के सहयोग से न्यायालय सिविल जजसीनीयर डिवीजन /ए सीजीएम देवरिया घरेलू हिंसा वार्ड संख्या 4262/ 2018 के आदेश के अनुपालन में इश्तहार चस्पा करने पहुंची, जहां पुलिस के पहुंचते हीहंगामा खड़ा हो गया। हंगामा होते ही आस-पड़ोस के दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए। वही घंटों बाद हंगामा शांत हुआ। वहीं पीड़िता मनसा देवी के प्रार्थना पत्र के आलोक में पीड़िता के पति कृष्ण चंद्र मिश्र को अपनी विवाहिता पत्नीको साथ रखना एवं अवरोध पैदा करने पर कानून के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करने का आदेश है।

### पीड़िता को लेकर लौटी पुलिस

न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया है कि प्रतिपक्षीकृष्ण चंद्र मिश्रा अपनी विवाहिता पत्नी को अपने गृहस्थी वाले निवास में सुविधा पूर्वक रखें। इसे लेकर मैरवा थानाएवं देवरिया जनपद के भटनी थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के जवानों के मौजूदगी में घंटों मश्क्कत करती रही। जहां बाद में प्रतिपक्षी कृष्ण चंद्रमिश्रा के भाई प्रकाश चंद्र मिश्रा द्वारा लगड़पुरा स्थित मकान में हिस्सा नहीं होने की बात बताते हुए पुलिस को लिखित बयान दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस पीड़िता को लेकर चली गयी।

### प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2012 में हमारी शादी 20 लाख रुपए दहेज देकर मैरवाके लगड़पुरा निवासी अरुण चंद्र मिश्रा के पुत्रकृष्ण चंद्र मिश्रा से हुई, शादी के कुछ ही दिनों के बाद घरवाले प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2013 में महज 4 माह की बेटी को लेकर मायके चली गयी। मैरवा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से महिला कोर्ट के आदेश के बाद मैरवा पहुंची थी,हालांकि मैरवा स्थित घर पर मौजूद महिला के भसुर प्रकाश चन्द्र मिश्रा का कहना है कि मैरवा का मकान उनका है,कृष्ण चन्द्र मिश्रा उनके भाई है उनको गांव में उनका हिस्सा दे दिया गया है,इसके बाद महिला वापस चली गयी है,फिलहाल मामले की अच्छे से जांच की जा रही है व उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग किया गया।

## राज्य में हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा

**पटना, एजेंसी।** राज्य के लोगों को 24 घंटे पेयजल सप्लाई की योजना पर काम किया जा रहा है। हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा। उत्तर बिहार की नदियों के पानी को दक्षिण बिहार में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। जलापूर्ति योजना के लिए पीएचईडी को 2000 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। राज्यभर में जलापूर्ति योजनाओं को पंचायती राज विभाग से स्थानांतरित करके लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है। इसके लिए हर घर नल का जल निश्चय योजना के तहत करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नवंबर 2024 में राज्यव्यापी पेयजल सर्वेक्षण के तहत कुल 1,17,000 से अधिक योजनाओं का सर्वे हुआ था। सर्वेक्षण के क्रम में अक्रियाशील पाए गए कुल 5 लाख से अधिक घरों में हाउस कनेक्शन दे दिया गया है। अबतक कुल 9.35 लाख से अधिक घरों में नल का जल पहुंचाया जा रहा है। मास्टर प्लान की योजनाओं पर काम : बिहार के सभी जिला मुख्यालय, शहरों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके साथ पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया सहित अन्य शहर का विस्तार किया जाएगा। जिससे शहर का फैलाव किया जा सके। 44 शहरों का जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान तैयार करने के लिए प्लानिंग एरिया अधिसूचित करते हुए प्लानिंग एरिया अथॉरिटी का गठन किया गया है। नगर निकायों को कचरा मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही नगर विकास व आवास के लिए 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। बिहार के 72045 वार्डों में घर-घर से कचरा उठाया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा उठाने के लिए लगभग 7000 ई-रिक्शा का इस्तेमाल होगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अबतक चारों शहरों को 2800 करोड़ रुपए मिलेंगे। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 27 शहरों में स्वीकृत 37 योजनाओं के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट किया जाएगा।

# विवाहिता के आत्महत्या मामले में परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में विवाहिता का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पहले बिजली करंट का झटका देकर और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई और फिर आत्महत्या साबित करने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। वहीं, पुलिस का कहना है कि हत्या या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर छानबीन चल रही है।

**संदिग्ध हालत में मिली लाश:** यह घटना गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र की है। जहां भोकतौरी में विवाहिता का शव होने की सूचना पुलिस को मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से झूलते शव को बरामद किया। पुलिस ने घटनास्थल को पहुंचकर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### बिजली का करंट दे-देकर मार डाला

मृतका की पहचान सतीश प्रसाद की 22 वर्षीय पत्नी विभा कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, सूचना मिलते ही मृतका के मायके भदवर थाना के टंडवा से लोग भोकतौरी गांव को पहुंचे। बेटी का शव देखते ही परिजनों में चित्कार मच गया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की बेरहमी तरीके से हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया था ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिखाया जा सके।

### हिरासत में पति समेत ससुराल पक्ष के लोग

वही, पुलिस ने फिलहाल ससुराल वालों को हिरासत में लिया है। मृत विवाहिता के पति, देवर, ससुर, सास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि विभा के मोबाइल में कुछ आपत्तिजनक फोटो थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी।

एफएसएल और टेक्निकल सेल की मदद से तहकीकात जारी है। डुमरिया थाना के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार का कहना है कि भोकतौरी गांव में एक विवाहिता का शव बरामद किया गया है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। यह हत्या है या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर पुलिस की जांच चल रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। मृतक के परिजनों के द्वारा केस दर्ज किया गया है और ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### दो साल पहले हुई थी शादी

मृतक के पिता विजय प्रसाद और भाई राहुल कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में भोकतौरी गांव में सुरेश प्रसाद के पुत्र सतीश प्रसाद से विभा की शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मारपीट और प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज को लेकर लगातार यह सब जुल्म चल रहा था। मृतक के पिता विजय प्रसाद ने कहा कि पहले उनकी बेटी को बिजली करंट से झटका दिया गया, जिसके कारण शव के गले और पैर में जले के निशान है। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। जहरीला इंजेक्शन भी दिया गया है। दोनों हाथों पर इंजेक्शन लगाने का दाग भी है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

## पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ें : कृष्णा :प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने कहा

**पटना, एजेंसी।** बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कांग्रेसियों से कहा कि पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ दें। फील्ड में जाकर जनता की परिक्रमा करें, संगठन को मजबूत बनाएं। विधानसभा चुनाव के टिकटों में उनको ही तरजीह मिलेगी, जिनका जनाधार है, जो जनता के बीच रहते हैं। जो नेता सिर्फ परिक्रमा में व्यस्त रहते हैं, उन्हें चिह्नित किया जाएगा। वे रविवार को सदाकत आश्रम में 'संविधान बचाओ एवं बिहार बचाओ' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओबीसी/ईबीसी वर्ग को विश्वास दिलाया कि पार्टी इस वर्ग की भागीदारी में सुधार करेगी।

# 22 एवं 23 मार्च को आयोजित होगा विष्णु धाम महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के चंद्रिका स्मृति भवन के प्रांगण में विष्णु धाम महोत्सव आयोजन समिति सत्र 2024-25 की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने किया। सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श किया एवं 22- 23 मार्च को विष्णु धाम के प्रांगण में आयोजित होने वाले महोत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। इस क्रम में विष्णु धाम परिसर में आयोजन समिति के अधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों, वर्तमान महोत्सव के प्रायोजकों का नाम शीलापट्ट पर लिखवाने का निर्णय लिया गया। विष्णु धाम के गरिमा एवं महिमा को उल्लिखित करने वास्ते एक सात पन्ने का फोल्डर निकालने का निर्णय लिया गया। इसकी जिम्मेवारी संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं मधुसूदन त्रिवेदी को दी गई। 22 मार्च को शोभा यात्रा,कलश यात्रा,परिसर में षोडशोपचार विधि से पूजा पाठ कराने की जिम्मेवारी गायत्री शक्तिपीठ एवं श्रीराम प्रज्ञा मंडल को दी गई। श्रीराम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार, गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राम ध्यान प्रसाद एवं अशोक शौंडिक इस कार्य को करेंगे। महोत्सव के दिन परिसर अवस्थित सभी मंदिरों को सजाने, महाप्रसाद वितरण एवं सफाई कार्य की जिम्मेवारी न्यास समिति को दी गई। न्यास समिति के कोषाध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कल्पवृक्ष धाम महोत्सव परता के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति में सभी सदस्य महोत्सव को सफल बनाने के लिए कृत संकल्पित हुए। मौके पर कोषाध्यक्ष दिलावर सिंह, कुंदन कुमार सोनू, रिंकू कुमार, अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंहा सहित अन्य उपस्थित थे।




## जांच टीम ने की छापेमारी : कई अवैध क्लिनिक और पैथोलैब बंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिलाधिकारी औरंगाबाद के निर्देशानुसार रफीगंज में अवैध क्लिनिक और पैथोलैब की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। इस टीम ने शहर के महाराजगंज में मदीना अस्पताल, महाराजगंज मोड़ पर सजन्ता अस्पताल, और हर्ष गोपाल नारायण अल्ट्रासाउंड लैब की जांच की। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। मदीना अस्पताल में डॉक्टर एम.एस. कलाम ने बताया कि अस्पताल पहले ही बंद कर दिया गया है और वे सिर्फ मकान खाली करने आए थे। वहां कोई मरीज या स्टाफ नहीं मिला। सजन्ता अस्पताल में डॉक्टर से मुलाकात नहीं हो सकी। अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं था। दो कर्मी–सुभी कुमारी और दिनेश कुमार–मौजूद थे, जिन्होंने बताया कि डॉक्टर साहब पिछले चार दिनों से अस्पताल नहीं आ रहे हैं। हर्ष गोपाल नारायण अल्ट्रासाउंड लैब भी बंद पाया गया। इसके अलावा, अंचल अधिकारी भारतेंदु और औरंगाबाद के डॉ. भोला प्रसाद के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने अन्य स्थानों पर भी जांच की। मेन रोड, रफीगंज स्थित शिवम इमरजेंसी हॉस्पिटल, राजा विगहा मेन रोड स्थित फैमिली पैथोलैब, राजा विगहा स्थित आराध्या हॉस्पिटल और श्री साईं अस्पताल ये सभी संस्थान बंद मिले। हालांकि, रेलवे गोमती, नोनिया टिल्हा स्थित के.पी. मेमोरियल अस्पताल ने अपना रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसका प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारी को भेजा जाएगा।

# शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना अंतर्गत विस्थापित से राजगीर थाना पुलिस ने अवैध शराब के धंधा करने वाले के पास छापामारी कर 183 बोतल विदेशी शराब के साथ राजबल्व कुमार पिता श्रवण यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर विस्थापित निवासी श्रवण यादव के यहां छापामारी की गई। जिसमें 183 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। बरामद विदेशी शराब में 375 एमएल का 177 बोतल एवं 750 एमएल का 7 बोतल है। उन्होंने कहा कि होली पर्व को लेकर शराब की विशेष छापामारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शराब पीना एवं बेचना दोनों ही जुर्म है इसलिए लोगों को इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। शराब पीते या बेचे जाने पर किसी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा।



### दो आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के अफ्तर बिगहा गांव से मारपीट के दो आरोपित को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अख्तर बिगहा गांव निवासी अरविंद बिंद हुआ जितेंद्र बिंद के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मारपीट के अभियुक्त है। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### हथियार व कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** स्थानीय पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक कारतूस के साथ दो बदमाश को पड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पकड़ा गया बदमाश स्थानीय थाना क्षेत्र के हुसैना गांव निवासी भाषो यादव का पुत्र लल्लू यादव और राजीव यादव का पुत्र अखिलेश कुमार है। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के परनावां गांव निवासी स्व. सीताराम यादव के पुत्र वाले यादव से दोनों में कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों बदमाश ने वाले यादव के घर पर जाकर चढ़ गया, तभी बाले यादव ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाश को कारतूस के साथ दबोच लिया। इस संबंध में बाले यादव के लिखित आवेदन पर सरमेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## झोपड़ी में लगी आग हजारों की संपत्ति राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बरहोग गांव में सोमवार की शाम एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। इस दौरान झोपड़ी पूरी तरह आग की लपेट में आ गयी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस आगलगी में किसी को कोई हताहत नहीं हुई। पीड़िता किरण देवी ने बताई कि उनका आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिससे सब परिवार दो बेटा और दो बेटी के साथ एक झोपड़ी में रह रही थी। पति संजय राम को करीब 10 वर्ष पहले निधन हो गया था। जिसके कारण मां, बेटी और बेटा के साथ एक ही झोपड़ी में रहकर गुजर बसेरा कर रही थी। इसी दौरान खाना बनाने के क्रम में सोमवार को झोपड़ी में आग लग गई। जिससे झोपड़ी बुरी तरह जलकर खाक हो गया। इस अगलगी की घटना में गला व कपड़े समेत हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई।

## यक्ष्मा मरीजों की खोज में आशा फैसिलीटेटर निभा रही हैं मुख्य भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी प्रखंडो में यक्ष्मा मरीजों की खोज को लेकर 100 डे अभियान चलाया जा रहा है ताकि 2025 तक टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाया जा सकें। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही आशा और आशा फैसिलीटेटर भी लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करते हुए मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाका प्रखंड क्षेत्र के करसहिया गांव को टीबी मुक्त बनाने के लिए आशा फैसिलिटेटर 'कामनी कौशल' लोगों के बीच जाकर उन्हें टीबी के लक्षण, व उससे बचाव का संदेश पहुंचा रहीं है। बता रहीं है की दो हफ्ते से ज्यादा समय से खांसी, बलगम, बुखार, कमजोरी, वजन में कमी हो तो यह टीबी के लक्षण हो सकते है, समय न गवाए मुफ्त में जांच जरूर कराए। उन्होंने बताया कि टीबी एक गंभीर एवं संक्रमित करने वाला रोग है जिससे लोगों को कष्टदायी जीवन से गुजरना पड़ता है,वहीं इससे संक्रमित लोग जाने अनजाने में अपने ही परिवार व आसपास के लोगों को संक्रमित करते है इसलिए सरकार ऐसे लोगों को तुरंत पहचान करने के लिए कैंप लगा रहीं है, ताकि नए पोर्टेबल मशीन एवं नए लगने वाले इंजेक्शन से जांच कर तुरंत टीबी संक्रमित व्यक्ति की पहचान करने के साथ निःशुल्क इलाज उपलब्ध करा रहीं है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ संजीव ने कहा कि वर्ल्ड विजन इंडिया के सहयोग से कैम्प का आयोजन हुआ जिसमें बीपी, शुगर, लंबाई, वजन और टीबी के संदिग्ध मरीजों का स्क्रीनिंग अल्ट्रा पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन से किया गया। जिसमें 56 लोग टीबी के संदिग्ध रोगी पाये गये, जिनका बलगम संग्रह कर ट्रू नट टेस्टिंग के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ढाका भेजा गया टेस्ट रिपोर्ट आने पर टीबी का मेडिसिन शुरू किया जायेगा। वहीं हेल्थ कैम्प का निरीक्षण डब्लूजेसीएफ के नेशनल टीम के द्वारा किया गया।



## दो दिवसीय होगा सत्यचंडी धाम महोत्सव

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं शक्तिपीठ सत्यचंडी धाम रायपुरा के प्रांगण में सत्यचंडी धाम महोत्सव आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महोत्सव अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने किया।उपस्थित सदस्यों ने विचार समन्वय किया एवं 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को भव्य एवं दिव्य तरीके से सत्यचंडी धाम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। 2022 ई से सत्यचंडी धाम महोत्सव का आयोजन होते आ रहा है जिसकी निरंतरता को बरकरार रखते हुए एवं राजकीय मान्यता जब तक मिल न जाए तब तक इसे जन सहयोग से कराने का निर्णय लिया गया।

## 4 मार्च से 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जहानाबाद एवं अरवल जिले के पंचायत एवं नगर निकाय स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस कार्यक्रम महिलाओं को अधिकारों ,सामानता और उसके योगदान को सम्मान देने के लिए दुनिया भर के तमाम देश हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करना और उसको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। बताया गया कि इन्हीं सभी जानकारी को 'प्राधिकार आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्यक्रम अधिकार मित्र के सहयोग से मंगलवार 4 मार्च से 08 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए अधिकार मित्र द्वारा घर- घर जाकर महिलाओं के अधिकार, उसके संरक्षण, उसके योगदान आदि भूमिकाओं के संबंध में लोगों को जागरुकता के माध्यम से जानकारी देंगे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं को भी विधिक सहायता के माध्यम से सहयोग प्रदान करने के लिए सभी सार्थक पहल विधिअनुसार सुनिश्चित किया जाएगा। बताया गया कि उसी दिन राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिले वासियों से अनुरोध है कि इस आयोजन में बढ- चढकर हिस्सा लें और लंबित अपराधिक सुलहनिय मामलों का निपटारा करा लें।

## संघ ने की विशिष्ट शिक्षकों के वेतन की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा नवादा जिला अंतर्गत सक्षमता पास नियोजित शिक्षक जिसने 1 जनवरी 2025 से विशिष्ठ शिक्षक के रूप में विद्यालय में योगदान दिये हैं। काफी संख्या में शिक्षकों का प्राण जेनरेट हो चुका है। दो माह बीत जाने के बाद भी उन सभी विशिष्ट शिक्षकों का वेतन भुगतान विभाग के द्वारा नहीं किया जा सका है। विदित हो हिंदुओं का सबसे बड़ा होली त्यौहार14 मार्च 2025 को है और मुस्लिम का त्यौहार रमजान 2- मार्च 2025 से आरंभ हो गया है। राशि के अभाव में होली और रमजान फीका न पड़े। उक्त दोनों त्यौहारों को देखते हुए विशिष्ट शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा को ज्ञापन सोपा है और उन्होंने कहा की विशिष्ट शिक्षकों का अभिलंब वेतन भुगतान किया जाय। ज्ञापन सौंपते वक्त आलोक कुमार जिला सचिव, सुरेश कुमार सिंह जिला कार्यालय सचिव, अजय कुमार जिला उपाध्यक्ष, विनोद कुमार जिला उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सुमन जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र वीर जिला संयुक्त सचिव, दिनेश कुमार शर्मा जिला संयुक्त सचिव, पूनम कुमारी प्रखंड सचिव नवादा, देव कुमार जिला उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## वाकरपुर में जन सुराज उद्घोष सभा की तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** चकिया अनुमंडल के कल्याणपुर प्रखंड स्थित वाकरपुर मध्य विद्यालय के खेल मैदान में 6 मार्च 2025 को दोपहर 1:00 बजे से जन सुराज उद्घोष सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा में जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर मुख्य वक्ता होंगे। सभा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए 3 मार्च को मोतिहारी में जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम शरण यादव ने की। इस बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महासचिव किशोर कुमार ने कहा, यह सभा बिहार में जन सुराज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। हमें इसकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस दौरान जिला प्रभारी अजय द्विवेदी, प्रदेश महासचिव सरवर अली, राघवेंद्र पाठक और कृष्ण कांत मिश्रा समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जनजागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को सभा में लाने के लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि गांव-गांव जाकर प्रचार अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से अधिकतम लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। सभा स्थल पर व्यापक तैयारियां की जाएंगी, जिसमें मंच, सुरक्षा और आमजन की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि यह जनसभा बिहार की राजनीति में बदलाव की बुनियाद रखेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।




## महिला के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के सतगीर गांव में एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि रविवार की शाम को राधे बिगहा गांव निवासी गणेश मांझी की पत्नी कालो देवी ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताई कि उसके साथ एक युवक द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट किया गया। सूचना के आलोक में पुलिस बलों द्वारा मामले का सत्यापन किया गया वहीं थाने में पदस्थापित एएसआई जयशंकर पाण्डेय ने पुलिस बलों की मदद से आरोपित युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान सतगीर गांव निवासी स्व बालेश्वर यादव के पुत्र बिट्टू यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लिखित आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 97/25 में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं गिरफ्तार युवक को सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।




## बिहार बजट पर कांग्रेस का तीखा हमला शशि भूषण राय ने सरकार को घेरा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हाल ही में पेश किए गए बिहार राज्य बजट पर जिला कांग्रेस कमिटी, पूर्वी चंपारण के अध्यक्ष इं. शशि भूषण राय उर्फ गप्पु राय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट को बिहार की जनता के लिए निराशाजनक करार देते हुए सरकार पर कठोर प्रहार किया। गप्पु राय ने कहा, इस बजट में न तो नए कारखानों की स्थापना की कोई योजना है और न ही रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस नीति बनाई गई है। सरकार ने यह तक नहीं बताया कि वह पेपर लीक जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए क्या कदम उठाएगी। गप्पु राय ने मोतिहारी में वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने इसे पुनः चालू करने के लिए कोई ठोस योजना पेश नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मिल स्थानीय अर्थव्यवस्था और लाखों लोगों के रोजगार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने मोतिहारी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और बंद पड़े आयुर्वेदिक कॉलेज की दुर्दशा को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा, बिहार सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रही है। इस बजट में न तो बुनियादी ढांचे के विकास की कोई ठोस पहल की गई।


**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/एमईडीएसटीएन/24, दिनांक: 27.02.2025।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण के लिए कृपया ई-नीलामी कैटेलॉग के जरिये वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **कैटेलॉग संख्या: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-10। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय:** 17.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या** एवं **विवरण** निम्नानुसार हैं: **1** ; एए/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-एमईडीएसटीएन-8-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के सेवड़ाफुली जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **2** ; एए/2; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचआर-एमईडीएसटीएन-9-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के भद्रेश्वर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **3**; एए/3; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-एमईडीएसटीएन-10-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के चंदननगर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **4**; एए/4; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-सीएनएस-एमईडीएसटीएन-11-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के चुंचुड़ा स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **5** ; एए/5; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-एमईडीएसटीएन-12-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के बैंडेल जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **6**; एए/6; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एमईडीएसटीएन-13-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के तारकेश्वर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **7**; एए/7; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-एमईडीएसटीएन-14-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के डानकुनी स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **8** ; एए/8; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमईडीएसटीएन-15-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के रामपुरहाट स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव।

(HWH-643/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter


# दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला का शुभारम्भ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सोमवार को जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में प्रगति के लिए आधुनिक तकनीकों और यंत्रों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं तकनीकों की जानकारी देना, उनकी उत्पादकता बढ़ाना और कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने सभी किसान भाईयों को कहा कि इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें। जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि 82 प्रकार के विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान देय है। योजना अन्तर्गत इस वर्ष जिले को कुल भौतिक लक्ष्य 1698 प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध अभी तक 706 लाभुक किसानों के बीच अनुदानित दर विभिन्न कृषि यंत्रों का वितरण करते हुए अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है। इस वर्ष इस योजना के साथ-साथ केन्द्र प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना भी संचालित की जा रही है जिसके तहत 20 लाख की लागत पर 12 लाख अनुदान वाले स्पेशल कृषि यंत्र बैंक स्थापित करने हेतु जिले को कुल 12 लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध हमने कुल 12 भौतिक लक्ष्य की पूर्ति कर ली है साथ ही 10 लाख की लागत पर 4 लाख अनुदान वाले कृषि यंत्र बैंक स्थापित करे हेतु जिले को प्राप्त कुल लक्ष्य-07 में से अभी तक 05 लक्ष्य की पूर्ति कर ली गई है एवं 10 लाख की लागत पर 8 लाख अनुदान वाले फार्म मशीनरी बैंक हेतु जिले को प्राप्त कुल लक्ष्य-02 में से 01 फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना की जा चुकी है। आज के आयोजित मेले में जिला पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी,, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक, शष्य प्रक्षेत्र, अनुमंडल, कृषि पदाधिकारी, रजौली एवं नवादा, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, कौआकोल, प्रगतिशील कृषक मनोज कुमार के साथ-साथ जिले के सभी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, सहायक तकनीकि प्रबंधक, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, नवनियुक्त प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के साथ-साथ किसान बंधु उपस्थित हुए।





Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 03-03-2025 22:02 Page 1



# प्रेमिका को खेत में ले जाकर रेता गला, सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव में आमना खातून की हत्या के मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। इस हत्या के पीछे प्रेम संबंध और आर्थिक लेन-देन की कहानी सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मधुबनी जिले के मो. मुस्तकीम नदाफ को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि महिला से उसका पांच सालों से प्रेम संबंध था और उसने उसे दो लाख रुपये भी दिए थे। जब वह शादी के लिए दबाव बना रहा था, तो महिला बार-बार टालमटोल कर रही थी। इसी मानसिक तनाव में आकर उसने इस निर्मम हत्या को अंजाम दिया।

जानकारी के मुताबिक, आमना खातून की शादी घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के सिमरी गांव के मो. रसीद से हुई थी, जो सूरत में मजदूरी करता है। घटना के समय भी रसीद सूरत में ही था, जबकि आमना अपने दो साल के बेटे के साथ गांव में रह रही थी। इसी दौरान उसकी नजदीकियां मुस्तकीम नदाफ से बढ़ गईं और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए।

गिरफ्तार आरोपी मो. मुस्तकीम नदाफ ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी को आमना ने उसे फोन कर मिलने बुलाया था। जब वह पहुंचा, तो आमना अपने बेटे को लेकर घर से बाहर आई और कमला बांध तक पहुंची। वहां से मुस्तकीम उसे बाइक पर बैठाकर आगे ले गया। फिर बाइक खड़ी कर उसने आमना को गेहूं के खेत में ले जाकर पहले पेट में चाकू मारा, फिर उसका गला रेतकर हत्या कर दी।

## पिता के साथ डाक्टर के पास जा रही बेटी की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा।** सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने पिता के साथ डॉक्टर के पास जा रहे युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना भराहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधमा चौक के पास एनएच-107 पर घटित हुई। मृतका की पहचान मुरलीगंज थाना क्षेत्र के रहिका टोला वार्ड संख्या 13 निवासी मनोज कुमार झा की बेटी हिना कुमारी के रूप में हुई। मनोज कुमार झा मुरलीगंज के प्रतिष्ठित गरौदिया दुकान के कैशियर हैं।

जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत पिता मनोज कुमार झा ने बताया कि सोमवार को वह अपनी सबसे छोटी बेटी हिना को इलाज के लिए मधेपुरा ले जा रहे थे।

कुंभ मेले से लौटने के बाद से हिना के दाहिने हाथ में दर्द था। इसी कारण हड्डी डॉक्टर को दिखाने वे मधेपुरा जा रहे थे। जैसे ही बुधमा चौक के पास पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने हिना पर गोली चला दी। गोली उसकी पीठ में लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गोली लगते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और पिता-पुत्र को जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हिना को मृत घोषित कर दिया।

## बेलगाम ट्रैक्टर ने छात्रा को कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। जिले के फेकला थाना क्षेत्र के बलहा गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से 12 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान बलहा गांव निवासी शिवनारायण साह की बेटी कंचन कुमारी के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलते ही फेकला थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। जबकि ठोकर मारने वाले ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। वहीं, फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

घटना को लेकर मृतका की मां और बलहा पंचायत की पंच पचिया देवी ने बताया कि उनकी बेटी छठी कक्षा में पढ़ती थी।

वह हमसे पैसे लेकर कॉपी लाने के लिए दुकान गई थी। इस दौरान एक मिट्टी लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

# नाबालिग लड़की ने विवाहिता से रचायी शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधेपुरा।** शहर की एक नाबालिग का अपनी विवाहिता महिला दोस्त के साथ घर से भाग शादी रचाने का मामला काफी चर्चा में है। नाबालिग की बहन के आवेदन पर सदर थाना में गत 12 दिसंबर को अपहरण का मामला दर्ज कराया था। वहीं, विवाहिता की मां ने भी गत 20 दिसंबर को सहरसा जिले के सौरबाजार थाने में अपहरण का रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

नाबालिग की तलाश में जुटी सदर थाना की पुलिस ने नाबालिग को उसकी प्रेमिका यानी विवाहिता के साथ पूर्णिया से बरामद किया। दोनों को गत 25 फरवरी को पूर्णिया से मधेपुरा लाया गया। इसके बाद 27 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर शनिवार को नाबालिग को उसके भाई और विवाहिता को उसके पति के हवाले कर दिया गया।

### न्यायालय में दोनों ने जताई साथ रहने की इच्छा

पूर्णिया से बरामद नाबालिग से जब पूछताछ की गई तो अपहरण का मामला प्रेम-प्रसंग में शादी रचाने का निकला। नाबालिग का विवाहित महिला दोस्त के साथ शादी रचाने के मामले का सामने आने पर सदर थाने की पुलिस ने दोनों को बयान दर्ज करवाने हेतु न्यायालय में पेश किया।

न्यायालय में मजिस्ट्रेट के सामने दिए अपने बयान में नाबालिग ने कहा कि वह अपनी दोस्त यानी विवाहित महिला के साथ घर से भागकर पटना पहुंची। पटना में एक मंदिर में हमदोनों ने स्वेच्छा से शादी रचा ली। आगे की जिंदगी हम दोनों साथ-साथ बिताना चाहते हैं।

सदर थाने की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर युवती को उसके भाई और विवाहिता महिला को उसके पति को बुलाकर सौंप दिया।

बताते चलें कि गत 12 दिसंबर को सदर थाना में शहर के एक मुहल्ले की नाबालिग का अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस अपहृत की बरामदगी को लेकर वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान आरंभ किया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को पता चला कि अपहृत नाबालिग पूर्णिया शहर में किराए के घर में रह रही है।

पुलिस टीम पूर्णिया पहुंची तो उसको उसके विवाहित महिला दोस्त के साथ बरामद करते हुए मधेपुरा लाया। इधर, बरामद विवाहित महिला की मां ने भी 20 दिसंबर को सहरसा जिले के सौरबाजार थाना में घर से भागने का मामला दर्ज करवाया था।

बरामद युवती और उसकी महिला विवाहिता दोस्त ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हमदोनों ने 10 दिसंबर को ट्रेन से पटना पहुंचकर एक मंदिर में जाकर शादी रचा लिया।

# मुख्य सचिव ने सहार प्रखंड के महादलित टोलों का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव दिवेश सेहरा एवं निदेशक श्याम बिहारी मीणा ने सहार प्रखंड के एकवारी एवं बरूही गांव स्थित महादलित टोलों का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कार्ड), उज्ज्वला योजना,आंगनबाड़ी सेवाएं, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, आयुष्मान भारत कार्ड, हेल्थ कैंप, वास-भूमि/वास-गीत पर्चा जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई।साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन,विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन,मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना और कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना की स्थिति का भी आकलन किया गया। इसके अलावा,मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बुनियाद केंद्र से जुड़े कार्यक्रम (चश्मा वितरण, हियरिंग ऐड, तिपहिया साइकिल वितरण), दिव्यांगजन योजनाएं (राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, दिव्यांग कार्ड, दिव्यांग विवाह योजना), मनरेगा जॉब कार्ड, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, बिजली कनेक्शन, नल-जल एवं नाली- गली योजना, जीविका समूह, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना और स्वच्छ भारत मिशन (लोहिया स्वच्छता शौचालय, सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय)जैसी योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया एवं उनकी समस्याओं को सुना। इसके पश्चात सहार प्रखंड कार्यालय में संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी महादलित टोलों का रोस्टर तैयार कर विशेष कैंपों के माध्यम से सरकार की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर डॉ. अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता, अनुमंडलाधिकारी(आरा सदर), सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी,डीआरडीए डायरेक्टर,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (संदेश एवं सहार) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच सीओ से जबाव तलब

**पटना।** दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन में शिथिलता पर पांच अंचल अधिकारियों से स्पष्टीकरण और एक के वेतन पर रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सोमवार को राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान यह कार्रवाई की। बिहटा, संपतचक, धनरुआ, बेलछी, पालीगंज एवं घोसवरी के अंचल अधिकारी इस कार्रवाई की जद में आए हैं। जिलाधिकारी ने हिदायत दी है कि कार्य में सुस्ती और लापरवाही किसी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी।

मिशन जीरो एक्सपायर्ड के तहत दाखिल-खारिज के 75 दिनों से अधिक तथा परिमार्जन प्लस के 36 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों को 22 मार्च तक शून्य करने का निर्देश दिया गया। समाहरणालय में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिला में दाखिल-खारिज के 97 प्रतिशत से अधिक मामलों को निष्पादित किया गया है। समीक्षा में बिहटा के अंचल अधिकारी का प्रदर्शन काफी असंतोषजनक पाया गया। उनके यहां दाखिल-खारिज के 75 दिन से अधिक 3,448 मामले लंबित हैं। सबसे पुराना मामला 24 अप्रैल 2023 से लंबित है।ि

# बेगूसराय में सरकार बनायेगी कैंसर हॉस्पिटल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भौगोलिक तथा औद्योगिक दृष्टिकोण से एक बड़ा जिला होने के साथ-साथ बिहार की अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान रखता है। लेकिन औद्योगिक दृष्टिकोण से विकसित जिला होने के साथ ही यहां गंभीर रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसमें कैंसर जैसी प्रमुख बीमारियां भी शामिल हैं। आज विधानसभा में बजट पेश होने के बाद बेगूसराय को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है तथा बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनवाने की बात कही गई है।इसको लेकर आम लोगों के साथ-साथ चिकित्सकों में भी काफी खुशी है।

इस संबंध में जब बेगूसराय सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि बेगूसराय की कुल आबादी लगभग 35 लाख के आसपास है और यहां 18 प्रखंड हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 28 हजार लोगों का ही स्क्रीनिंग किया गया है, जिसमें अब तक 28 ओरल कैंसर के मरीज, 18 ब्रेस्ट कैंसर के 18, सर्वाइकल कैंसर के दो एवं 9 अन्य कैंसर के मरीज की पहचान हो पाई है। अभी व्यापक पैमाने पर जागरूकता की आवश्यकता है और इसे यदि बड़े स्तर पर जांच की जाए तो आम लोगों को काफी सहूलियत होगी। बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनने से न सिर्फ बेगूसराय जिले बल्कि बेगूसराय के पड़ोसी खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर सहित अन्य जिलों को लाभ होगा। अतः कैंसर अस्पताल बनने से यहां के लोगों एवं चिकित्सकों में खुशी स्वाभाविक है।

इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के तहत केंद्र सरकार द्वारा जानलेवा और लाइलाज बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस दिशा में बेगूसराय के भाजपा कार्यकताओं ने अभूतपूर्व प्रयास करते हुए रिकॉर्ड स्तर पर कैंसर मरीजों से संपर्क कर उनकी सहायता सुनिश्चित की गई। लेकिन जब इस स्तर पर कैंसर मरीजों का भयावह डेटा सामने आया, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय बना।

केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने बताया कि वर्तमान डीएम श्री तुषार सिंगला ने इस स्थिति और जिले की पानी की विस्तृत रिपोर्ट दी जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि बेगूसराय में कैंसर मरीजों की संख्या चिंताजनक है। इस रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोलने का प्रावधान किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल में बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की भी अहम भूमिका रही। उनके सतत प्रयास और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हो पाया है। उन्होंने न केवल इस समस्या को गंभीरता से लिया, बल्कि इसके समाधान की दिशा में ठोस कदम भी उठाए। बेगूसराय के लोगों को आने वाले दिनों में कैंसर के इलाज के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## मुंगेर से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

**मुंगेर।** मुंगेर देश और दुनिया में योगाश्रम, जमालपुर रेल कारखाना, चंडिका स्थान, सीताकुंड और आईटीसी के कारण जाना जाता है। आनंदमर्ग के संस्थापक आनंदमूर्ति उर्फ प्रभात रंजन सरकार की जन्मस्थली भी मुंगेर का जमालपुर ही है। ऐसे में विश्व के विभिन्न हिस्से से हर साल सैकड़ों की संख्या में सैलानी योगाश्रम तथा जमालपुर का भ्रमण करने आते हैं। ऐसे में सफियाबाद स्थित हवाई अड्डा से हवाई सेवा शुरू करने की मांग वर्षों से उठती रही है। सोमवार को राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में मुंगेर से 19 सीट वाला छोटा विमान उड़ाने पर मुहर लग गई है।

यहां सरकार अब जल्द ही उड़ान सेवा शुरू करेगी। बजट में उड़ान योजना के तहत मुंगेर सहित राज्य के कई शहरों में हवाई अड्डे को विकसित किया जाएगा। 19 सीटों तक की क्षमता वाले छोटे विमानों के संचालन के लिए तैयार किया जाएगा। दरअसल, सफियाबाद में बने हवाई अड्डा के मैदान पर प्रधानमंत्री सहित कई दिग्गज नेताओं का हेलिकाप्टर उतरता रहा है। यहां से नियमित हवाई उड़ान शुरू होने का सपना अब तक साकार नहीं हो सका। इस बीच राज्य सरकार की ओर से मुंगेर से छोटा विमान सेवा शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में शहरवासियों में एक आस जगी है।

# रेलवे क्राइम ब्रांच को जालसाजों की लगी भनक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रेलवे में फर्जी बहाली की जांच में रोज चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। जीआरपी और रेलवे की क्राइम ब्रांच को देश में फैले जालसाजों के रैकेट के साथ उनके एजेंट की भी जानकारी मिल गई है।

जांच टीम ने पाया कि फर्जी बहाली में एक-एक चीज को सही दिखाने का प्रयास किया गया। पूरी प्रक्रिया को वास्तविक बहाली की तरह पूरा किया गया। प्रशिक्षण के लिए जारी पत्र में रेल मंत्रालय के पदाधिकारी के फर्जी दस्तखत से लेकर मुहर का उपयोग किया जाता था।

विदित हो कि रेलवे में नौकरी होने के बाद उसका सारा ब्योरा रेलवे इंप्लाई सेल्फ सर्विस (आरइएसएस) में रहता है।इसमें कर्मचारियों की ज्वाइंनिंग से लेकर रिटायरमेंट तक का पूरा ब्योरा रहता है। जांच में यह बात सामने आई कि फर्जी भर्ती वाले जालसाजों ने आरइएसएस की भी फर्जी वेबसाइट बना ली थी। ट्रेनिंग पूरा करने के बाद आरइएसएस की फर्जी वेबसाइट पर पूरा ब्योरा लिखकर चढ़ा देते थे। मोबाइल पर लिंक भेजकर शिकार बनाए गए अभ्यर्थियों को इस बात का अहसास करा देता था कि रेलवे में पक्की नौकरी लग गई।

इसके पहले वह डीआरएम ऑफिस के पास फार्म भरवा कर ट्रेनिंग के लिए छपरा के अवतार नगर और मोतिहारी के भटहां में भेजते थे।

अवतार नगर में ग्रुप डी, कॉमर्शियल क्लर्क सहित अन्य पद तथा मोतिहारी के भटहां में आरपीएफ की ट्रेनिंग देता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार दीपक तिवारी, चंदन कुमार उर्फ जेपी राय, प्रिंस यादव, पप्पू सिंह और सक्षम श्रीवास्तव इस फर्जी भर्ती की मॉनिटरिंग करता था। इसमें दीपक तिवारी और सक्षम श्रीवास्तव जेल में हैं, अन्य सभी फरार है। इन सभी के खिलाफ कुर्की जब्ती के लिए कोर्ट को पत्र दिया गया है।

सक्षम श्रीवास्तव एनसीसी का छात्र रह चुका है, इसलिए वह आरपीएफ की ट्रेनिंग देता था।

# महिलाओं पर नीतीश सरकार मेहरबान

- बनेगा पिंक टॉयलेट
- चिन्हित होंगे वेंडिंग जोन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार वर्ष 2025-26 का बजट पेश कर चुकी है। बिहार के डिप्टी सीएम व वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश के लिए 3 लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया है। नए बजट में सभी तबके का ख्याल रखा गया है। महिलाओं का भी नए बजट में खास ध्यान रखा गया है। महिलाओं के लिए नीतीश साकार ने नौ बड़ी घोषणाएं की हैं। आइए, उनपर एक नजर डालें।

राज्य के प्रत्येक पंचायत में गरीब कन्याओं के विवाह के लिए नीतीश सरकार चरणबद्ध तरीके से कन्या विवाह मंडप का निर्माण काराएगी ताकि बहुत ही कम शुल्क पर विवाह भवन एवं विवाह से संबंधित सभी सुविधायें उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा, इसका संचालन भी महिला स्वयं समूहों द्वारा ही कराया जायेगा। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, बिहार के सभी बड़े शहरों में स्थापित व्यापार स्थल यानी कि वेंडिंग जोन में महिलाओं के लिए अलग स्थल चिह्नित किया जाएगा। प्रायोगिक तौर पर पटना में चलन्त व्यायामशाला की शुरूआत की जाएगी। इसमें प्रशिक्षक भी सिर्फ महिलायें होंगी।

राज्य के सभी शहरों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की स्थापना की जाएगी। प्रथम चरण में एक माह के अंदर 20 पिंक टॉयलेट स्थापित किये जायेंगे। बिहार के प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं को स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से महिला हॉस्टल की स्थापना की जाएगी।

बिहार के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए पिंक बस का परिचालन किया जाएगा। खास बात यह है कि इसमें सवारी, चालक और कंडक्टर सभी महिलाएं होंगी।

चालक और कंडक्टर के रूप में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम से चालक, कंडक्टर और डिपो मेन्टेनेंस स्टाफ के पदों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की जायेगी। महिला स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए महिला चालकों को व्यावसायिक ई-रिक्शा और दो पहिया वाहन खरीदने पर नगद अनुदान का प्रावधान किया जाएगा। राज्य के प्रमुख शहरों में महिला वाहन परिचालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी, जिसमें प्रशिक्षक भी महिलायें होंगी।

बजट में महिला पुलिस कर्मियों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। महिला सिपाहियों को राज्य सरकार पदस्थापन थाने के नजदीक आवास उपलब्ध कराएगी। इसके लिए सरकार आसपास के घरों को किराये पर लेगी।

# एड्स व सामाजिक सुरक्षा विषय पर कार्यशाला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को मुख्य धारा कार्यक्रम के तहत एचआईवी एड्स व सामाजिक सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकारण कार्यशाला सोमवार को आयोजित किया गया।

जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप ने की। कार्यशाला में संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश मंडल, गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद, नगर परिषद अररिया के सिटी मिशन मैनेजर नीरज कुमार, रजनी कुमारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एड्स अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यशाला में जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई के डीपीएम अखिलेश कुमार सिंह द्वारा उपस्थित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित एसएचजी समूह के सदस्यों को एचआइवी एड्स के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इससे बचाव संबंधी उपाय सहित अन्य जानकारी समूह के सदस्यों के साथ साझा किया। डीपीएम एड्स ने एचआईवी संक्रमितों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी समूह के सदस्यों को दी। उन्होंने कार्यशाला में प्राप्त जानकारी को समुदाय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों के प्रचारित व प्रसारित करने का अनुरोध समूह के सदस्यों से किया।

# जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

- डीएम ने ली संचालित योजनाओं की जानकारी
- बैठक में पदाधिकारियों को दिये गये कई टास्क

नवबिहार टाइम्स टीम

**आरा/अररिया।** जिला पदाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और उनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इन योजनाओं में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कार्ड), आंगनबाड़ी सेवाएं, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), आयुष्मान भारत कार्ड, हेल्थ कैंप, तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना और कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना शामिल थीं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी महादलित टोलों का रोस्टर तैयार कर विशेष कैंपों के माध्यम से सरकार की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा),डीआरडीए डायरेक्टर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**अररिया से संवाददाता के अनुसार** जिला पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागर में सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, योजनाओं को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने एवं सतत अनुश्रवण तथा प्रशासन को और अधिक संवेदशील बनाने के उद्देश से जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यों के प्रगति एवं उपलब्धि की समीक्षा के साथ बाढ़ पूर्व तैयारी एवं जिला में विद्यालयों के अंदर पोषण वाटिका के क्रियान्वयन से संबंधित भी समीक्षा की गई।

बैठक में परमान सभागार से सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडलस्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी संबंधित अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय से जुड़े रहे। इसी प्रकार पथ निर्माण विभाग अन्तर्गत इन्डो-नेपाल बॉडर रोड की प्रगति, श्रम संसाधन विभाग अन्तर्गत संचालितई विभिन्न योजनाओं की स्थिति, राजस्व विभाग अन्तर्गत दाखिल-खारिज/ परिमार्जण, अभियान बसेरा-2, नीलाम पत्र वाद की स्थिति, आईसीडीएस अन्तर्गत आगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालय निर्माण, पेयजल की आपूर्ति, मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वर्षा जल संचयन का निर्माण, विद्युत कनेक्शन, सहकारिता विभाग अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति एवं बिहार राज्य फसल सहायत योजना सहित आपूर्ति विभाग एवं संबंधित नगर परिषद के कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

मौके पर उप विकास आयुक्त अररिया, अपर समाहर्ता अररिया, सिविल सर्जन अररिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया सहित सभी संबंधित वरीय उप समाहर्ता, सभी जिलस्तरीय पदाधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद उपस्थित थे।

## दुर्घटनाग्रस्त होने से बची मिथिला एक्सप्रेस

**मोतिहारी।** बिहार में आज एक बार फिर एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रक्सौल से हावड़ा जाने वाली मिथिला एक्सप्रेस ट्रेन डिरेल होने से बाल-बाल बची है। ड्राइवर ने सूझ बुझ का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर सैकड़ों पैसेंजरों की जान बचा ली।

दरअसल मोतिहारी के रक्सौल से हावड़ा जाने वाली मिथिला एक्सप्रेस आज अपने तय समय पर रक्सौल से खुली थी, तभी रक्सौल नहर के पास रेलवे फाटक बंद होने के कारण एक युवक जल्दबाजी में फाटक के बगल से रेलवे लाइन पार करने की कोशिश कर रहा था।इसी दौरान उसकी बाइक ट्रैक के बीच में ही फंस गई। युवक बाइक निकालने की कोशिश में लगा रहा, लेकिन तब तक ट्रेन बहुत करीब आ गई। नतीजतन युवक को बाइक छोड़ कर भागना पड़ा। ट्रेन के रुकते ही युवक फिर से वहां पहुंच गया।चूंकि ट्रेन की गति काफी तेज थी, इसलिए ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बाद भी ट्रेन बाइक को कुछ दूर तक घसीटती रही। उसके बाद ट्रेन के चालक ने तुरंत रेलवे लाइन से बाइक को हटवाया और आरपीएफ को घटना के संबंध में जानकारी दी।

# कमांडेंट अवार्ड समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया-बोधगया मुख्य सड़क मार्ग पर पहाड़पुर गांव के पास स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) परिसर में सोमवार को कमांडेंट अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वैसे कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

गया ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसएस दहिया द्वारा कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के मेडल से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उन्होंने अपने पासआउट होने वाले ऑफिसर्स को शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि इस बार यहां पासिंग आउट परेड 8 मार्च को है। वहीं 7 मार्च को मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जवानों द्वारा एक-से-बढ़कर एक रोमांचक करतब प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार गया ओटीए से 170 कैडेट्स पास आउट हो रहे है। वहीं पहली बार गया के ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) से 18 महिलाएं सैन्य अधिकारी बनेंगे। हालांकि इस बार बिहार के छह कैडेट्स भी शामिल हैं। इस मौके पर ओटीए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसएस दहिया ने कहा कि 8 मार्च को पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 170 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट होंगे। जिसमें 18 महिलाएं शामिल हैं। इसके बाद ये विशेष ट्रेनिंग के बाद सैन्य अधिकारी बनेंगे। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि 18 जुलाई वर्ष 2011 में गया ओटीए की स्थापना हुई थी। तब से गया ओटीए लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। देश के प्रशिक्षण देने वाले उत्तम संस्थानों में गया ओटीए की गिनती की जा रही है। यहां कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके बाद वे सैन्य अधिकारी बनकर देश की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्विस कमीशन की शुरूआत की गई है। जिसके तहत मेल और फीमेल दोनों कैडेट्स को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था शुरू की गई है। निश्चित रूप से गया ओटीए के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

गया के अवसर प्रशिक्षण अकादमी में आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड से पहले कमांडेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक अवधि में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ओटीए कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एसएस दहिया ने कैडेट्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर बत्रा बटालियन को पूरे प्रशिक्षण अवधि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कमांडेंट बैनर से सम्मानित किया गया। वही बेस्ट बटालियन की ट्रॉफी भी बत्रा बटालियन ने ही जीती। जबकि इंटर कंपनी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की विजेता ट्रॉफी गुरेज कंपनी ने जीती।

# आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को मिला 'नवरत्न' का दर्जा

## रेल मंत्री ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन और इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन को नवरत्न कंपनी का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इस घोषणा के साथ ही रेलवे की सभी सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रम नवरत्न का दर्जा हासिल कर चुकी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि पर दोनों कंपनियों की टीमों को बधाई दी और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के बदलाव का एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने वित्त मंत्री का भी इस मौके पर धन्यवाद किया। 2014 के बाद से रेलवे की सभी सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों को नवरत्न का दर्जा मिल चुका है। आईआरसीटीसी जो कि रेलवे मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,270.18 करोड़ का कारोबार और 1,111.26 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इस दौरान इसकी कुल



नेटवर्थ 3,229.97 करोड़ रही। इस कंपनी के नवरत्न बनने का यह गौरवशाली क्षण इसलिए भी खास है क्योंकि 2025 में यह कंपनी अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रही है। इससे रेलवे की कैटरिंग, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं का विस्तार करने में सहायता मिलेगी। 1986 में स्थापित आईआरएफसी भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार में वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली प्रमुख संस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसका कारोबार 26,644 करोड़ रहा जबकि शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ दर्ज किया गया। इसके साथ ही यह अब देश का तीसरा सबसे बड़ा सरकारी गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान बन गया है।

# कृषि विभाग में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं : विजय कुमार सिन्हा

## हम किसानों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी सिस्टम तैयार करेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को कृषि विभाग का पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कई बड़े बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने कृषि विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करने और किसानों के हित में पारदर्शी व्यवस्था बनाने का ऐलान करते हुए कहा कि हम किसानों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी सिस्टम तैयार करेंगे जहां भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग पूरी तरह से करप्शन और कास्ट फ्री होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देगी और योजनाओं का



लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, पदभार ग्रहण करने से पहले विजय सिन्हा ने भगवान गणेश की पूजा की, लड्डू का भोग लगाया और शंखनाद कर शुभ कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह कदम शुभता और सकारात्मक ऊर्जा के प्रतीक हैं, जो विभाग के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। इस मौके पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव संजय अग्रवाल ने गुलदस्ता भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कृषि सुधार, किसानों को अधिक लाभ दिलाने और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। विजय सिन्हा ने यह भी संकेत दिया कि कृषि क्षेत्र में तकनीक, आधुनिक संसाधन और किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा।

# विकसित भारत 2047 की नींव को मजबूत करने वाला बजट : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने बिहार बजट 2025-25 का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत 2047 की नींव को मजबूती प्रदान करने वाला है। स्वास्थ्य-प्रक्षेत्र व स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर 20 हजार 335 करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा है इससे आम लोगों व गरीबों को स्वास्थ्य-सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध होगी। बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोले जाने की घोषणा भी स्वागतयोग्य है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में 3.17 लाख करोड़ रुपए का बिहार का बजट पेश किया है जो पिछले साल से 38 हजार करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि



सरकार सबसे ज्यादा 60 हजार करोड़ से ज्यादा शिक्षा पर खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि बजट में 52 नई घोषणाएं की गई हैं। इसमें महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणा की गई हैं जिनमें स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाने, बड़े शहरों में पिंक बस सर्विस शुरू करने जो महिलाओं के लिए होगी और इसमें ड्राइवर-कंडक्टर भी महिलाएं ही होंगी जो महिला सुरक्षा की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार की ओर से हर पंचायत में विवाह मंडप बनाने जहां गरीब लड़कियों की शादी कराई जाएगी। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए हॉस्टल खोलने आदि की घोषणाएं भी स्वागत योग्य है। सरकार की एमएसपी पर अरहर, मूंग और उड़द की दाल खरीदने व हर ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज खोले जाने की घोषणा से कृषि प्रधान राज्य बिहार के किसान लाभान्वित होंगे। यह बजट समग्र रूप से विकास व आधारभूत संरचना की अभिवृद्धि करने वाला है।

# बजट पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताई खुशी, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस बजट को बिहार के सुंदर भविष्य के लिए सबसे बेहतर बजट करार देते हुए कहा कि इसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की झलक दिखाई देती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 3.17 लाख करोड़ रुपए के इस बजट में समावेशी विकास और समता मूलक समाज की स्थापना की कल्पना स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसे किसान, नौजवान, महिलाओं और गरीबों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, कृषि, रोजगार और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है जिससे राज्य के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को इस बजट के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और सम्राट चौधरी की कुशल वित्तीय प्रबंधन क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# भागलपुर कृषि मेला सह किसान सम्मान में खादी स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/भागलपुर।** कृषि मेला सह किसान सम्मान में इस बार बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लगाए गए खादी उत्पादों के विशेष स्टॉल दर्शकों और खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह मेला 3 और 4 मार्च को कृषि भवन परिसर, तिलकामांझी, भागलपुर में आयोजित किया जा रहा है जहां खादी के परंपरागत और आधुनिक परिधानों के साथ-साथ हस्तशिल्प उत्पादों की भी प्रदर्शनी की गई है। खादी स्टॉल पर खादी वस्त्र, सिल्क एवं कॉटन साड़ियों, जैविक रंगों से बने कपड़े, पुरुषों के लिए कुर्ते-पायजामे, जैकेट और अन्य पारंपरिक परिधान उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए खादी बैग, होम डेकोर उत्पाद, हस्तनिर्मित साबुन, हर्बल उत्पाद और अन्य ग्रामोद्योग सामग्री भी स्टॉल पर प्रदर्शित की गई हैं। बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की मीडिया प्रतिनिधि ने बताया कि इस पहल



का उद्देश्य स्थानीय खादी उद्योग को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण कारीगरों को एक बड़ा मंच देना और लोगों को खादी अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा 'खादी सिर्फ एक कपड़ा नहीं, बल्कि स्वदेशी आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है।'

वहीं मेला आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, विद्यार्थी और आम नागरिक भाग ले रहे हैं। मेले में मिट्टी सुधार, जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, पशुपालन और सहकारिता से जुड़े विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए हैं जिससे किसानों और उद्यमियों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

भागलपुर और आसपास के जिलों के नागरिकों से खादी स्टॉल का अवलोकन करने और स्वदेशी वस्त्रों को बढ़ावा देने की अपील की गई है। खादी और ग्रामोद्योग के इन उत्पादों को अपनाकर न केवल स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाया जा सकता है बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर बिहार' अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

# सत्ता की व्याकुलता में गलत बोलते हैं तेजस्वी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सियासी बयानबाजी तेज होती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के एक बयान पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अखबारों की सुर्खियों में बने रहने और सत्ता की व्याकुलता में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव का सरकार और भाजपा के प्रति जहर उगलना उनकी सत्ता सुख की आतुरता को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव खुद को 36 साल की उम्र में सबसे बेहतर राजनेता मानते हैं, लेकिन वे राजद के पिछले 15 वर्षों के शासन की कोई ठोस उपलब्धि नहीं गिना सकते जब भी राजद सत्ता में आया, शासन व्यवस्था को अव्यवस्थित करने, खजाना लूटने और परिवारवाद को बढ़ावा देने का ही काम किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव को बिहार की जनता की बजाय सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों की चिंता रहती है। मां, बहन, भाई के सिवा उन्हें बिहार की जनता नहीं दिखती। जब-जब उन्हें मौका मिला, उन्होंने शासन व्यवस्था को बर्बाद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर राजद फिर सत्ता में आया तो बिहार एक बार फिर 'जंगलराज' में बदल जाएगा। फिर से वही लूट, अपहरण, हत्या, डकैती, कुशासन और अंधेरे का बिहार देखने को मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने नीतीश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज बिहार विकास के रास्ते पर है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो प्रगति हुई है, वह आजादी के बाद किसी भी सरकार के शासनकाल में नहीं हुई। हमारी सरकार माई-भाई-बहन तक सीमित नहीं है, बल्कि सबका विकास करने वाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, ऊर्जा, खेल, परिवहन, ग्रामीण विकास, पर्यटन और पर्यावरण सहित हर क्षेत्र में विकास किया है।

# भारत के निर्माण में महिला उद्यमिता की अहम भूमिका : नीतीश मिश्रा

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ महिला उद्यमी फागुनोत्सव, लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उद्यमी फागुनोत्सव का समापन समारोह ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 27 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित इस मेले में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आसाम, कश्मीर, झारखंड, बिहार सहित अन्य राज्यों की सैकड़ों महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। एमएसएमई, सिडबी, नाबार्ड और डब्लूसीडीसी के सहयोग से आयोजित इस मेले में कुल 200 स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी कुल बिक्री 1 करोड़ 93 लाख रही। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस सफल आयोजन के लिए बिहार



महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों ने इस मेले में स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत के निर्माण में महिला उद्यमिता की अहम भूमिका रही है। आज महिलाएं उद्यम सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं और सशक्त हो रही हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बजट को लेकर भी चर्चा की। वहीं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि इस मेले को लेकर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया रही जबकि बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि ऐसे आयोजन से महिलाओं का हौसला बढ़ता है और वो बड़े स्तर पर अपने द्वारा तैयार किये हुए उत्पादों का प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय मेले में लोगों की अच्छी भीड़ रही। इस मेले में अनु बिजपुरिया के स्टॉल को प्रथम स्थान, सुष्मिता सिन्हा एवं प्रिया रंजन को दूसरा व रश्मिका को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष हम पुनः इस मेले का बड़े स्तर पर आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीजीएम सतपाल आजाद, बीआईएस पटना के निदेशक संतोष सुमन, एमएसएमई डीएफओ पटना के सहायक निदेशक सुनील अग्निहोत्री, डब्लूसीडीसी के निदेशक राजीव वर्मा, बिहार म्यूजियम के सहायक निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार महिला उद्योग संघ की उपाध्यक्ष इंदु अग्रवाल, किरण रंजन, कार्यकारी निदेशक साधना झा, सचिव मेनका सिन्हा, कोषाध्यक्ष अंकिता तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अम्बिका देव, रुचि चौधरी, नितिका अग्रवाल, प्रियंका सिन्हा, शाम्भवी आदि की मुख्य भूमिका रही।

# अब सुन और बोल सकेंगे मूक-बधिर बच्चे

## केंद्र सरकार की एडीआईपी योजना से बच्चों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में अब पांच साल तक के मूक-बधिर बच्चों को कॉक्लीयर इम्प्लांट के जरिए सुनने और बोलने में मदद मिल रही है। वर्ल्ड हियरिंग डे (3 मार्च) के मौके पर इएनटी विशेषज्ञों ने बताया कि एडीआईपी योजना के तहत गरीब बच्चों का यह इलाज मुफ्त किया जा रहा है। इसके अलावा बोन एंकर हियरिंग एड तकनीक से माइक्रोसिया (जन्मजात बाहरी कान न होना) और यूनिलेटरल हियरिंग लॉस (एक कान से सुनाई न देना) जैसी समस्याओं का भी इलाज संभव है। पारस एचएमआरआई की इएनटी विशेषज्ञ डॉ. रश्मि प्रसाद ने जो मरीज तेज आवाज या वायरल इंफेक्शन के कारण अपने किसी एक कान या दोनों कान से सुनने की क्षमता खो बैठे हैं, ऐसे लोगों के लिए बोन एंकर हियरिंग एड की सुविधा भी पारस एचएमआरआई अस्पताल में प्रदान की जा रही है। डॉ. अभिनीत लाल ने बताया कि अब तक 100 से ज्यादा सफल इम्प्लांट किए जा चुके हैं। जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि सही समय पर इलाज से सुनने की क्षमता दोबारा पाई जा सकती है, इसलिए समस्या को नजरअंदाज न करें। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच और सही इलाज से सुनने की क्षमता को बचाया जा सकता है।

# मधुरेश नारायण के लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था 'लेख्य मंजूषा', 'प्रांगण' एवं 'स्पर्श प्रकाशन' के संयुक्त तत्वावधान में मधुरेश नारायण की लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण आज जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना के सभागार में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता एवं लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि समाज में फैली विषमताएं, जीवन के कटु अनुभव और संघर्षों की तपिश को आत्मसात करते हुए जो सृजन की राह पर आगे बढ़ता है, वही नीलकंठ कहलाता है। मधुरेश नारायण की इस संग्रह की लघुकथाएं



इसे विस्तार देती है। बिहार संग्रहालय के अवर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मधुरेश जी की लघुकथाएं राजनीतिक अवसरवादिता और समाज में व्याप्त पाखंड को उजागर करती है। ये समाज को साहित्य का दर्पण दिखाती है। इस अवसर पर डा. किशोर सिन्हा, डा. अनिता राकेश, डा. प्रमोद कुमार, डा. नरेंद्र पाठक, पूनम कोरियाई, दिव्या रश्मि, शशि शरण, कमल नयन श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सुनील कुमार इत्यादि ने भी 'नीलकंठ' लघुकथा संग्रह को समाज और साहित्य के लिए उपयोगी बताया और लेखक को बधाई दी। यह राष्ट्र की नई पीढ़ी का पथ आलोकित करेगी। श्री कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि लघु कथाएं हमारे जीवन का आइना हैं। उन्होंने कहा कि मधुरेश नारायण रचनात्मक साहित्य को प्रकाशमान करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कवि इं. शुभ चन्द्र सिन्हा ने किया।

# बिना परमिशन के जेल के बाहरी परिसर में काट दिए पेड़

## एसडीएम ने काम बंद करा कर दिये जांच के आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एक तरफ सरकार हरियाली बचाओ अभियान के तहत हरे भरे पेड़ को युद्धस्तर पर लगा रहे हैं। ताकि पर्यावरण सुरक्षित और संरक्षित रहे बावजूद इन नियमों को ही ताक पर रख कर सरकारी परिसर में ही हरे पेड़ को काट रहे हैं वे भी बिना परमिशन के पेड़ को काट दिए जा रहे हैं। यह तस्वीर मसौढ़ी जेल के बाहरी परिसर की है जहां पर हरे पेड़ को काटा जा रहा है एवं कई सूखे पेड़ को भी काट दिए गए हैं, इस पूरे मामले में जेल सुपरिटेंडेंट महेश रजक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा परमिशन नहीं दी गई है जबकि हमें जानकारी मिली थी कि सूखा पेड़ काटा गया है। इस पूरे मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि काम को रुकवा दिया गया है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। बहरहाल इस पूरे मामले में जिलाधिकारी पटना डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह और वन विभाग के पदाधिकारी से भी बात की गई है। उन्होंने कहा है कि जेल परिसर हो या कोई निजी जमीन प्रशासन से पेड़ को काटने के लिए परमिशन लेना आवश्यक है। हरे वृक्षों को काटना कानून जुर्म है। बहरहाल इस पूरे मामले में पेड़ों को कटाई और उसका परिवहन रोक दी गई है। मसौढ़ी एसडीएम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान में नीतू नवगीत ने स्वच्छता की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इन बातों के साथ आज सोमवार को महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत का संगीतमय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नीतू जी ने पटना नगर निगम के द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी और समझाया कि कैसे अपने घर और शहर को साफ रखने में सहयोग करें।सूखा कचड़ा और गीला कचड़ा अलग-अलग रखने की जानकारी दी। इसके अलावा निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वे में कैसे भाग लें इस बात की भी जानकारी दी। अपने कोकिल स्वर में इन्होंने स्वच्छता संबंधी कई



गीत सुनाया। इस संगीतमय प्रस्तुति में हार्मोनियम पर सुश्री दिव्या श्री ने एवं तबला पर रविश मिश्रा ने संगत दिया। गीतों का सिलसिला जब शुरू हुआ तब यह होली के मस्ती भरे गीतों तक पहुंच गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 58 की वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी भी उपस्थित थीं। इन्होंने भी छात्राओं को नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी दी और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उषा यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 कुमारी निमिषा ने किया।

# भारतमाला प्रोजेक्ट को रुकवा कर किसानों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बन रही भारतमाला सड़क आमस दरभंगा से लेकर रामनगर तक बन रहे सड़क को धनरूआ में छाती पंचायत के नोनियाबिघा और लक्ष्मुबिघा के बीच किसानों ने विरोध प्रदर्शन करके काम रुकवाया। दरअसल किसानों की माने तो इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल लगी हुई है। अगले महीने तक वह गेहूं की फसल की कटाई हो जाएगी ऐसे में जब तक फसल की कटाई नहीं हो जाती है तब तक भारतमाला प्रोजेक्ट काम को रोकने की मांग कर रहे थे उसके बाद मुआवजे को भी लेकर के नाराजगी थी। सूचना पाकर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी एवं थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार मौके पर पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया और बताया कि फसल पककर तैयार हो जाएगी उसके बाद काम लगाया जाएगा।

# नदी की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने मकान बना किया कब्जा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एक तरफ महंत रामनारायण पूरी 10 + 2 उच्च विद्यालय की जमीन तो दूसरी तरफ बड़ी नदी के मार्ग को अतिक्रमण करते हुए ग्रामीणों ने अवरूद्ध कर दिया। हालत यह है कि स्थानीय दुकानदारों ने धीरे-धीरे नदी की जमीन को मिट्टी से भरकर उस पर मार्केट और बड़े-बड़े मकान खड़ा कर दिए और आज भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है मामला तब प्रकाश में आया जब बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू सकसोहरा बाजार के नई सड़क निर्माण के बाद जब उसके उद्घाटन समारोह में पहुंचे तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को बताया कि ग्रामीणों के द्वारा कई बार अंचलाधिकारी और एसडीओ को अतिक्रमण की लिखित शिकायत की गई उसके बावजूद भी आज तक अतिक्रमण का दौड़ जारी है जिसके चलते बाजार आने जाने में लोगों को काफी



कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं दर्जनों लोगों ने अवैध जमीन पर मार्केट खड़ा कर रखा है और उससे प्रति माह लाखों रुपए का कारोबार कर रहा है। विद्यालय की जमीन पर शुरू में कब्जा करने के दौरान जब शिकायत की गई थी तो स्थानीय प्रशासन ने कुछ दिन के लिए अवैध निर्माण पर रोक लगाते हुए चौकीदार को निर्माण स्थल पर ड्यूटी लगा रखी थी फिर लेनदेन के बाद लोग निर्माण कार्य शुरू कर दिया। हालत यह है कि इलाके की बड़ी नदी का मार्ग नाला में तब्दील होकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में बाढ़ आने पर नदी का पानी बाजार में घुस जाएगा चूंकि नदी का मार्ग बिल्कुल बंद होता जा रहा है। ग्रामीणों ने बाढ़ एसडीओ शुभम कुमार के द्वारा बेलछी के अंचलाधिकारी और सकसोहरा थाना को तुरंत अतिक्रमण हटाते हुए उसकी जानकारी देने को कहा था, लेकिन अंचलाधिकारी पीयूष कुमार मिश्रा के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते अतिक्रमण करने वाले लोगों का हौसला बुलंद है ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पर मोटी रकम वसूली का भी आरोप लगाया है जिसके बदौलत हर दिन अतिक्रमण का दौर जारी है।

# विधायक ने विधानसभा में की गरीबों को मुफ्त बिजली देने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बिहार विधानसभा सत्र के दौरान फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास ने राज्य सरकार से गरीबों को राहत देने की मांग उठाई। उन्होंने 200 यूनिट तक बिजली गरीब उपभोक्ताओं को मुफ्त देने और सभी नागरिकों का बकाया बिजली बिल माफ करने की अपील की। विधायक रविदास ने कहा कि महंगाई के इस दौर में गरीबों को बिजली का भारी भरकम बिल चुकाना मुश्किल हो रहा है। सरकार को जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

# 2025-26 का बिहार बजट एक प्रगतिशील बजट : तारकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार बजट- 2025 को प्रगतिशील बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से युवाओं, किसानों और महिलाओं की समृद्धि के द्वार खुलेंगे और विकसित बिहार के सपनों को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2025-26 का बिहार बजट लगभग 3.17 लाख करोड़ का है जिसमें शिक्षा पर सबसे अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और ऊर्जा के लिए भी बेहतर बजटीय प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। कृषि बाजार समिति के आधुनिकीकरण, खेल संरचनाओं के निर्माण, प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम, बेगूसराय में कैंसर अस्पताल के निर्माण, महिलाओं के लिए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर और पिंक बस, प्रमुख शहरों में कामकाजी



महिलाओं के लिए छात्रावास, गरीब बेटियों की शादी के लिए सरकारी कन्या मंडप सहित खाद्य प्रसंस्करण नीति के निर्माण, अरहर, मूंग, उड़द आदि का न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण करने, प्रखंड लेवल पर 'तरकारी सुधा' आउटलेट खोले जाने, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी किए जाने इत्यादि कई महत्वपूर्ण प्रावधान 2025-26 के बजट में किए गए हैं।

## संपादकीय

# खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है।

दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है।

इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं।

# भाजपा अध्यक्ष पद की दौड़: सात महारथियों के बीच मुकाबला, रेस में कई नाम

**बीते दिनों देश में चली राजनीतिक चर्चा के रूप में अब ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के बीच में अध्यक्ष पद को लेकर किसी फार्मूले पर सहमति बन चुकी है और ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं की होली के त्योहार से पहले भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी में देशव्यापी सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन पर्व के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां हो रही है इसी क्रम में अब बारी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर है भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में चल रहे नाम पर गौर करें तो इनमें सबसे आगे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम सबसे आगे है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले शिवराज सिंह चौहान सांगठनिक लिहाज से पार्टी में सबसे वरिष्ठ नेताओं की सूची में भी आते हैं।**

प्रदीप कुमार वर्मा

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में चर्चित भारतीय जनता पार्टी में इन दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ चल रही है। हरियाणा, महाराष्ट्र और फिर दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कवायद तेज हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ संघ की कसौटी पर कौन सा चेहरा फिट बैठेगा? इसको लेकर कई नामों की चर्चा हो रही है। भगवा खेमे में चल रही इस कथित मैराथन में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सबसे आगे चल रहे हैं। चौहान के साथ-साथ छह अन्य पार्टी नेता भी अध्यक्ष पद पर कागज होने की लाइन में हैं। इनमें पार्टी के कई दक्षिण भारतीय चेहरे भी शामिल हैं। भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपना कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद दो बार अध्यक्ष के रूप में विस्तार ले चुके हैं। अब पार्टी की कोशिश है कि इसी महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाए।

बीते दिनों देश में चली राजनीतिक चर्चा के रूप में अब ऐसा माना जा रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के बीच में अध्यक्ष पद को लेकर किसी फार्मूले पर सहमति बन चुकी है और ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं की होली के त्योहार से पहले भाजपा को राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। भारतीय जनता पार्टी में देशव्यापी सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन पर्व के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां हो रही है इसी क्रम में अब बारी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर है भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में चल रहे नाम पर गौर करें तो इनमें सबसे आगे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम सबसे आगे है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले



शिवराज सिंह चौहान सांगठनिक लिहाज से पार्टी में सबसे वरिष्ठ नेताओं की सूची में भी आते हैं।

इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के साथ-साथ लोकप्रियता और संगठन में पकड़ को लेकर भी चौहान का कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि चौहान को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वाभाविक दावेदार के तौर पर माना जा रहा है। इससे पूर्व भी मोदी 3.0 सरकार के बाद शिवराज सिंह चौहान के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की अटकलें लगी थीं। लेकिन तब उन्हें कृषि मंत्री का दायित्व सौंप दिया गया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में एक और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम भी शामिल है। यादव को एक कुशल संगठन कर्ता के रूप में जाना जाता है और उनके राजनीतिक कौशल को लेकर किसी को कोई गुरेज नहीं है। यादव कई राज्यों में बतौर प्रभारी पार्टी की नैया पार लगा चुके हैं। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री एवं संघ से जुड़े धर्मेंद्र प्रधान का नाम भी अध्यक्ष बनने की संभावित सूची में है।

धर्मेंद्र प्रधान पूर्व में पेट्रोलियम मंत्री से लेकर वर्तमान में शिक्षा मंत्री का कामकाज का संभाल संभाल रहे हैं। इसके साथ उड़ीसा चुनाव में उनकी भागीदारी से पार्टी आलाकमान की नजरों में उनका कद बढ़ा है। इसी के चलते प्रधान को जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। इस कवायद में एक अन्य राजनीतिक विमर्श के रूप में पार्टी आला कमान की कोशिश हाल में दक्षिण भारत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दक्षिण भारत से ही किसी को अध्यक्ष बनाने की भी है। दक्षिण भारत से भाजपा अध्यक्ष बनने के स्वाभाविक एवं प्रबल दावेदारों में सबसे आगे प्रहलाद जोशी का नाम है। करीब 62 साल के प्रल्हाद जोशी कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। जोशी धारवाड़ लोकसभा सीट से लगातार 5 वीं बार सांसद के साथ-साथ केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं।

इस लिस्ट में एक ओर नाम जी किशन रेड्डी हैं। उन्हें अध्यक्ष बनाकर बीजेपी ओबीसी और साउथ दोनों को संदेश दे सकती है। रेड्डी को सरकार और संगठन दोनों का अनुभव है। वर्ष 2019 से लगातार केंद्र में मंत्री रेड्डी पीएम मोदी के पुराने विश्वस्त हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किसी महिला नेता पर भी दाव खेल सकती है। हाल में दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आने वाली रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया है। इसके साथ ही महिला शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके भी पार्टी ने महिलाओं के प्रति अपने दृष्टिकोण को उजागर किया है। ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाली विनीता श्रीनिवासन का नाम सबसे आगे है। पेशे से वकील श्रीनिवासन वर्तमान में भाजपा की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह कोयंबटूर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से तमिलनाडु विधान सभा की सदस्य हैं।

दक्षिण भारत से अध्यक्ष पद की दौड़ में एक अन्य महिला नेत्री डी पुरंदेश्वरी हैं। करीब 65 वर्षीयडी पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव की बेटी हैं। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल में स्पीकर पद के लिए भी उनका नाम इससे पहले चर्चा में रह चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी पर अगर कोई दक्षिण भारतीय काबिज होता है तो यह कोई पहली बार नहीं होगा। इससे पूर्व भी भाजपा ने कुल 11 राष्ट्रीय अध्यक्षों में दक्षिण भारत से आने वाले तीन नेताओं को इस कुर्सी पर बिठाया है। इनमें जना कृष्णमूर्ति, बंगारू लक्ष्मण और वेंकैया नायडू के नाम शामिल हैं। भाजपा आलाकमान की मंशा है कि वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल के साथ तमिलनाडु और केरल में चुनाव होने हैं। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा किसी दक्षिण भारतीय नेता को ही बिठाए।ऐसे में माना जा रहा है कि दक्षिण के नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद मिल सकता है। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या

प्रियंका सौरभ

भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों का मुद्दा एक बड़ी चुनौती है, जिसने न्याय प्रणाली को गहराई से प्रभावित किया है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या न्याय प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई वर्तमान प्रणाली की प्रभावशीलता और दक्षता पर गंभीर सवाल उठाती है। ऐसी देरी का कानूनी ढांचे पर हानिकारक और व्यापक प्रभाव पड़ता है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय की पहुँच में बाधा डाल सकती हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को नुक़सान होता है। जैसे-जैसे मामले लंबित होते हैं, कानूनी प्रणाली में जनता का भरोसा कम होता जाता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता को लेकर निराशा और संदेह पैदा होता है। नतीजतन, लोग विवादों को निपटाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर सकते हैं। यह लंबित मामला देरी का एक चक्र बनाता है, जिससे अदालतों के लिए नए मामलों को निपटाना मुश्किल हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः अनसुलझे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है।

कहे तो आज देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में लंबित मामलोंज्ज का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ च्च्न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200,000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेजीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेज़ी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है।

# जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

ललित गर्ग

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरुआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, च्वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश, यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफ़ेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फ़िन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज़ झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा।

लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

# बजट ऐसा हो, जिससे रोजगार के बढ़े अवसर

**झारखंड वासी रोजी-रोटी के लिए झारखंड से जो पलायन कर रहे हैं। यह सिलसिला रुके। झारखंड खनिज संपदा के मामले में देश का पहला ऐसा प्रांत है, जिसके पास प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। इसके बावजूद हर झारखंड का राजकीय राजकोषीय घाटा बढ़ता चला जा रहा है।? भीषण बेरोजगारी की समस्या से झारखंड जूझ रहा है।? बीते तीन वर्षों से बरसा नहीं होने के कारण झारखंड के किसान अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने के लिए विवश हो रहे हैं। बजट से पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार संतोष कुमार गंगवार ने 26 फरवरी को झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाया है। किंतु ये गिनाई गई उपलब्धियां जमीनी हकीकत से बिल्कुल परे लगती हैं। बजट के प्रावधान के अनुरूप जमीनी स्तर पर बजट की राशि खर्च हुई होती, तब आज झारखंड की तस्वीर ही बदली होती। इसका सबसे बड़ा कारण है, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार।**

विजय केसरी

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को आगामी तीन मार्च को राज्य का बजट प्रस्तुत करना है। बतौर वित्त मंत्री के रूप में उनका यह पहला बजट होगा। राज्यवासियों को उम्मीद है कि बजट से उनकी परेशानियां कम होंगी। राज्यवासी चाहते हैं कि झारखंड सरकार का बजट ऐसा हो, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े। झारखंड वासी रोजी-रोटी के लिए झारखंड से जो पलायन कर रहे हैं। यह सिलसिला रुके। झारखंड खनिज संपदा के मामले में देश का पहला ऐसा प्रांत है, जिसके पास प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है। इसके बावजूद हर झारखंड का राजकीय राजकोषीय घाटा बढ़ता चला जा रहा है।? भीषण बेरोजगारी की समस्या से झारखंड जूझ रहा है।? बीते तीन वर्षों से बरसा नहीं होने के कारण झारखंड के किसान अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने के लिए विवश हो रहे हैं।

बजट से पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार संतोष कुमार गंगवार ने 26 फरवरी को झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाया है। किंतु ये गिनाई गई उपलब्धियां जमीनी हकीकत से बिल्कुल परे लगती हैं। बजट के प्रावधान के अनुरूप जमीनी स्तर पर बजट की राशि खर्च हुई होती, तब आज झारखंड की तस्वीर ही बदली होती। इसका सबसे बड़ा कारण है, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार, बजट की अधिकतम राशि लील जाता है। पिछले दिनों की कैग एक रिपोर्ट आई, जिसमें यह बात उभर कर सामने आई है कि झारखंड सरकार कोविड के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी गई राशि खर्च नहीं कर पाई है। यह विचित्र स्थिति है।? केंद्र सरकार द्वारा प्रेषित राशि जो झारखंड के स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए खर्च की जानी चाहिए नहीं की गई। पिछले दिनों प्रांत के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण और कोयला मंत्री किशन रेड्डी से आग्रह किया कि बीते 3 वर्षों से झारखंड में बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष कई परेशानियां उत्पन्न हो गई हैं। राज्य सरकार झारखंड में कृषि, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, पशुपालन,बागवानी की योजनाओं को सुदृढ़ बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहती है।? इसलिए झारखंड का बकाया कोयला की रॉयल्टी के साथ झारखंड के विकास के लिए अधिकतम राशि शीघ्र अति शीघ्र दी जाए।

झारखंड अलग प्रांत निर्माण के बाद इस प्रांत में कई सरकारें आई



और गईं। खनिज संपदा से भरे झारखंड में जो विकास दिखना चाहिए, नहीं देख पा रहा है। इस प्रदेश के लिए यह सबसे निराशाजनक स्थिति है। झारखंड राज्य के बने 25 वर्ष बीतने को है, लेकिन झारखंड की तस्वीर में अभी तक कोई विशेष बदलाव नहीं आ पाया है। झारखंड की बुनियादी समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई है। कुछ नई सड़के जरूर बनी है, लेकिन सड़कें टिकाऊ नहीं है। सड़कें बनने के कुछ ही दिनों बाद जर्जर हो जाती हैं। प्रांत की सरकार स्वास्थ्य पर बजट में करोड़ों रुपए प्रावधान करती हैं, लेकिन राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों की हालात बहुत ही बुरी हैं। ऐसे हालात में गरीब मरीज भी इन स्वास्थ्य केंद्रों में जाना उचित नहीं समझते हैं। स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी आयुष्मान एवं अन्य योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहती हैं। फलतः झारखंड के गरीब लोग भी बड़े अस्पतालों में इलाज कराने के लिए विवश हैं। झारखंड के गरीब मरीज लूटे जा रहे हैं। बजट के प्रस्तावित करोड़ों रुपयों का बंदरबांट हो जा रहा है।

शिक्षा का भी हाल कमोबेश यही यह है। हर वर्ष शिक्षा के विकास के लिए प्रांत की सरकार सैकड़ों करोड़ रुपए बजट में प्रस्तावित करती है। इसके बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में कोई बेहतर सुधार होता नहीं दिख रहा है। सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। फलस्वरूप झारखंड के 24 जिलों में निजी स्कूलों की बाढ़ आ गई है। लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने को विवश हैं। जबकि सरकारी स्कूलों को बड़े-बड़े भवन आवंटित है। इन सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी प्रशिक्षित है। इसके बावजूद पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण नहीं हो पा रही है। इसलिए सरकारी स्कूलों के प्रति आमजन में अच्छी धारणा नहीं है। सरकारी स्कूलों की बदहाली का दूसरा आलम यह भी है कि इन स्कूलों को पारा शिक्षकों के हवाले कर दिया गया है। इन सरकारी स्कूलों में आधे से ज्यादा पारा शिक्षक पढ़ा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पारा शिक्षक को जितना वेतन दिया जाना चाहिए, नहीं दे पा रही है। जबकि उन सबों से काम सरकारी शिक्षकों की तरह लिया जा रहा है। फलस्वरुप पारा शिक्षकों मैं आक्रोश व्याप्त है। वे सभी हमेशा आंदोलन करते ही नजर आते हैं। तब ऐसी स्थिति में उनसे पढ़ाई की क्या उम्मीद की जा सकती है? इसके साथ ही सरकारी शिक्षकों की अन्य सरकारी कार्यों में प्रतिनियुक्ति कर दी जा रही है। इससे छात्रों की पढ़ाई पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। राज्य सरकार शिक्षा के विकास में करोड़ों रुपए खर्च कर भी परिणाम हासिल नहीं कर पा रही है।

सरकारी स्तर पर राज्य के विकास के लिए जो भी योजनाएं बन रही है, सब भ्रष्टाचार के कारण सरकारी अधिकारियों, नेताओं और बिचौलियों के जेब में चली जा रही है। इस विषय पर विचार करने पर एक बात स्पष्ट रूप से सामने आती हैं कि सरकारी खर्च पर बनने वाले बिल्डिंग, भवन, अतिथिशाला, पार्क, पुल आदि के निर्माण में बहुत बड़ी गड़बड़ी हो रहा है। इस प्रांत में जो भी नए भवनों का निर्माण हो रहा है, सबमें जबरदस्त भ्रष्टाचार निहित है। राज्य के कई जिलों में वृहद समाहरणालयों का निर्माण हुआ है। इन समाहरणालयों जाकर देखने से प्रतीत होता है कि इसके निर्माण में जबरदस्त भ्रष्टाचार हुआ है। अभी इन समाहरणालयों के उद्घाटन के ज्यादा महीने नहीं बीते हैं। टाइल्स टूट रहे हैं। दीवारों में दरारें आ गई हैं। छत पर पानी का जमाव भी भयंकर रूप से हो रहा है। जबकि सरकार ने इसके निर्माण के लिए शत-प्रतिशत राशि खर्च जरूर कर दी, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण इन भवनों का बड़ा बुरा हाल है। इस राज्य के एक पूर्व बड़े अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि आज से लगभग तीस वर्ष पूर्व जमीन पर कुछ काम दिखता था। पहले 20त्न कार्यालयों में रिश्वत ली जाती थी। 20 प्रतिशत ठेकेदार कमाता था। 60 प्रतिशत काम जमीन पर होता था। लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल बदल गई हैं। आज ठेकेदार का मुनाफा 20 प्रतिशत ही है। लेकिन सरकारी कार्यालयों का रिश्वत 60 हो गया है। काम मात्र 20 प्रतिशत हो रहा है। अब बताइए एक रूपए की जगह सिर्फ 20 पैसे का जमीन पर काम हो रहा है। इस परिस्थिति में झारखंड का चतुर्दिक विकास कैसे संभव है?

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी चंवर समीप सोमवार की देर शाम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया.जहां उनका इलाज चल रहा है. घायलों की पहचान बड़हरिया निवासी राहुल कुमार व कोलकाता के श्रीरामपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह के रूप में हुई.घायलों के परीजनों ने बताया कि ओमप्रकाश कोलकाता से सीवान आया था. उसे जंक्शन से अपने साथ लाने के लिए उसका जीजा राहुल बाइक से गए हुए थे. दोनों बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे.तभी उन्हें एक ट्रक ने धक्का मार दिया और चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया. इससे दोनों घायल हो गए.

### तीस लाख की चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महादेवा थाना क्षेत्र के नई बस्ती में दस फरवरी को एक बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब तीस लाख की चोरी कर ली थी. इस मामले में पीड़ित मालवीय नगर नई बस्ती निवासी मनोज कुमार तिवारी ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी. प्राथमिकी के 21 दिन बीतने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों की गिरफ्तारी तो दूर उनकी पहचान भी नहीं कर सकी है. पुलिस के हाथ पूरी तरह से खाली है. चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने से चोरी का सामान भी बरामद नहीं हुआ है. इससे पीड़ित के स्वजनों में डर बना हुआ है.

### साइकिल और मोटरसाइकिल भिड़ंत में चौकीदार जख्मी

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइकिल और मोटरसाइकिल भिड़त मे साइकिल सवार लौरिया थाने का चौकिदार रुदल पासवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। वह साप्ताहिक परेड में भाग लेने थाने आया था। परेड में भाग लेकर अपने घर बेलवा लखनपुर जा रहा था। जैसे ही लौरिया से चनपटिया रोड में पैक्स गोदाम के पास पहुंचा वैसे ही चनपटिया के तरफ से मोटरसाइकिल सवार दो ब्यक्ति आ रहे थे। और साइकिल सवार ब्यक्ति को ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार ब्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया।

### 130 बोतल शराब जब्त,दो गिरफतार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड पुलिस ने 130 बोतल शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि 100 बोतल के साथ रामपुरवा के अखिलेश यादव एवं 30 बोतल के साथ पुरूषोतमपुर के भेडीहारी के लड्डू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### अनुमंडल कार्यालय पहुंचे सांसद दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार सोमवार को अनुमंडल कार्यालय पहुचे और नगर में सब्जी मंडी के लिए स्थायी जगह उपलब्ध कराने, आर्य वीर पुस्तकालय निर्माण के लिए एनओसी, मृतप्राय गौशाला कमिटी को भंग कर नया कमिटी बनाने, नया धर्मशाला निर्माण में आने वाली समस्याओं का निराकरण करते



हुए निर्माण कार्य शुरू कराने, मुख्य बाजार में शौचालय का निर्माण एवं बेलवा साठी नहर का जीर्णोद्धार करने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। सांसद श्री कुमार ने बताया कि शहर में सब्जी मंडी, नया धर्मशाला निर्माण, बेलवा साठी नहर जीर्णोद्धार समेत अन्य विषयो को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराते हुए आवश्यक करवाई को लेकर निर्देश दिया गया है। इधर एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सभी मुद्दों पर संबंधित विभाग को अग्रेतर करवाई के लिए निर्देशित किया जा रहा है। मौके पर भाजपा के रामेश्वर सराफ आदि उपस्थित थे।

### टीएलएम मेला में बच्चो ने दिखाया हुनर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इसमें कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर से चयनित सर्वश्रेष्ठ टीएलएम को प्रदर्शित किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा व समग्र शिक्षा अभियान के निर्देश के आलोक में मेला का आयोजन किया गया था।मेला में बच्चो की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। मेला में सीआरसी के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह,लेखपाल विवेकानंद व बीआरपी आदि मौजूद रहे ।

### फसल चराने को लेकर मारपीट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर तुतुहिया गांव में खेत मे घुसी बकरी को रोकने पर वृद्ध महिला व उसके घरवालों से मारपीट की घटना हुई है। मामले में फुलजान अंसारी ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में रामपुर तुतुहिया गाव के सफी अहमद, कुसुमतारा खातून, नईम मिया व संजुर मिया को आरोपित किया है। आरोप है कि सफी अहमद की करीब आधा दर्जन बकरी उसके खेत मे घुसकर फसल को नुकसान कर रही थी और वह खेत के पास ही खड़ा होकर चुपचाप देख रहा था। पूछताछ के बाद खेत से बकरी पकड़कर निकलने के दौरान आरोपी गाली गलौज करने लगे।विरोध करने पर उसे व उसकी वृद्ध पत्नी को बुरी तरह से मारपीट कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी पतोह के साथ भी मारपीट की गई।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

### बीडीओ ने किया कचरा संग्रह घर का उद्घाटन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्मित 21 वां कचरा संग्रह घर का बीडीओ वरुण केतन ने मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्य प्रकाश उप मुखिया पार्वती देवी वार्ड सदस्य अलीराज हुसैन प्रखंड समन्वयक मधुसूदन कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक नरेश कुमार बैठा पंचायत सचिव सुमन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोचारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह मुखिया महासंघ के जिला सचिव सत्य



प्रकाश, वार्ड सदस्य अलीराज हुसैन, स्वच्छता पर्यवेक्षक नरेश कुमार बैठा, वार्ड सदस्य दिनेश कुमार, मुखिया गीता देवी, सुनील कुमार, ग्रहण माझी, भिखारी देवान ,तेतरी देवी ,प्रदीप कुमार राम, आवास सहायक निधि कुमारी, रंजन कुमार देवरे ,वजीर अहमद समेत रूप लाल मुखिया ,रोहित मुखिया ,रामप्रवेश मुखिया, राजन राम, रवि कुमार राम ,सोहन माझी ,महंत माझी अफरोज मियां ,सदरे आलम, ब्रिज किशोर कुमार, अमन कुमार राउत ,अशोक हजरा नबी जान मियां आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण केंद्र की समीक्षा बैठक

**उपायुक्त ने सभी संबंधित एजेंसियों को किए गए एमओयू एवं कार्यादेश के अनुरूप प्रशिक्षण केंद्र के सुचारू रूप से संचालन का दिया निर्देश**



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज जिला कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र के बेहतर संचालन को लेकर उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास केंद्र के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को निर्देश दिया कि वे कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी बनाते हुए अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करें, उन्हें प्लेसमेंट दिलाए, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक के दौरान कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार, प्रशिक्षुओं के प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित एजेंसियों को किए गए एमओयू एवं कार्यादेश के अनुरूप प्रशिक्षण केंद्र के सुचारू रूप से संचालन का निर्देश दिया। वहीं जिले में सोलर टेक्नीशियन एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़े नए प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन प्रारंभ करने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी को ससमय प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया गया। जिससे प्रशिक्षण केन्द्रों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा सके। इस बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जेएसपीएलएस के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खूँटी से 100 कृषक पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण हेतु पूसा, समस्तीपुर के लिए रवाना



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत जिला उद्यान कार्यालय, खूँटी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 100 कृषकों को पाँच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर, बिहार) भेजा गया। इस अवसर पर उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर कृषकों को रवाना किया। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) सहित अन्य अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कृषक उन्नत उद्यानिकी तकनीकों, सीडलिंग उत्पादन, संरक्षित खेती के तरीके, मधुमक्खी पालन एवं परागण द्वारा उद्यानिकी फसलों पर सकारात्मक प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। जिला उद्यान पदाधिकारी, खूँटी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से कृषक आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर सकेंगे तथा अन्य किसानों को भी प्रेरित करेंगे। इस पहल से जिले में उद्यानिकी खेती को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## एसपी ने एमएच नगर थाने का किया निरीक्षण

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीवान एसपी अमितेश कुमार ने सोमवार को एमएच नगर थाने का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी श्री कुमार ने बताया कि थाना से संधारित सभी रिकॉर्ड, सभी कार्य जो किए जा रहे या जो नहीं किए जा रहे और जिसमें सुधार की अपेक्षा है, सभी का



जायजा लिया गया। थाना को निर्देश दिया गया कि दागी अपराधियों की जांच करें ताकि अपराधी का मनोबल हतोत्साहित हो अपराध की योजना न बनाएं। साथ ही अनुसंधान को और बेहतर और त्वरित गति से करना है ताकि कैसे उचित समय पर उचित न्याय आम जनता को मिल सके। जनता से प्राप्त आवेदनों को किस तरह से उसका सही से संधारण कर अगर मामला सही है तो प्राथमिकी दर्ज करने को निर्देशित किया। एसपी को थाने पहुंचते ही सभी पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर थानाध्यक्ष मिहिर कुमार, पुअनि लव पासवान, रिंकू कुमारी, गौतम कुमार ,वेदिका आर्या,सोहन मिश्रा, दुर्गेश कुमार आदि पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव का निधन, सारण में शोक की लहर

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार और पंचायत एकमा के राजापुर गांव निवासी 65 वर्षीय वीरेंद्र कुमार यादव का सोमवार को पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। विगत 28 फरवरी को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पटना के आईजीएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। लगभग तीन दशक से हिंदी पत्रकारिता में सक्रिय रहे वीरेंद्र कुमार यादव अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियां, नाती-पोते समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से एकमा समेत पूरे सारण जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शाम को जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव राजापुर पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के करूण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। उनके अनुज अवधेश के अनुसार वीरेंद्र कुमार यादव का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 9 बजे मांझी क्षेत्र के डुमाईगढ़ स्थित सरयु नदी के घाट पर किया जाएगा।



इन्होंने जताई शोक संवेदनाः वीरेंद्र कुमार यादव के असामयिक निधन पर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, चिकित्सकों व बुद्धिजीवियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक जताने वालों में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्नातक एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, शिक्षाविद डॉ लालबाबू यादव, डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजीत कुमार सिंह, डॉ अमित तिवारी, देवकुमार सिंह, ई. जयप्रकाश सिंह, राजीव कुमार शर्मा, नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, राजद नेता सुभाष यादव, सुधांशु रंजन, सोनू यादव, जीतेंद्र यादव, जितेन्द्र सिंह, कन्हैया यादव, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, जदयू नेता महेश सिंह, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, लखन लाल प्रसाद, अरुण सिंह, कमल कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह व अरविंद सिंह, उदय शंकर गुड्डू, माकपा नेता अरुण कुमार, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, कांग्रेस नेता सुग्रीव सिंह, नरेंद्र प्रताप मिश्र , मुखिया ओमप्रकाश सिंह, एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, जन सुराज नेता मुन्ना भवानी, लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, रौशन भवानी, डॉ राहुल प्रकाश सिंह, सत्येंद्र भवानी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ एचके वर्मा, डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव, अमन कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चंद्रप्रकाश राज, राजीव रंजन, डीएस तोमर, राकेश कुमार सिंह, संतोष गुप्ता, जाकिर अली, मनोरंजन पाठक, राघव पांडेय, मोतीचंद प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, मनोज सिंह, के के सिंह सेंगर, सुनील पंडित, वीरेश सिंह, हेमंत शर्मा, सुनील तिवारी, रामेश्वर गोप, देवेंद्र सिंह, देवकुमार शर्मा, संजीव शर्मा, अमित कुमार सिंह, विनीत कुमार, संजीत अकेला, चंदन श्रीवास्तव, विजय सिंह, प्रशांत पांडेय, संजय पांडेय, नागेंद्र राय, निपुण सिंह, सत्येंद्र यादव आदि पत्रकारों व समाजसेवियों ने उनके योगदान को याद करते हुए इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## न्यायालय के आदेश पर एक घण्टे के लिए कैदी आया बाहर, रचाई शादी

**शहर के महादेवा रीद स्थित राधे कृष्ण मंदिर में हुई शादी**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के दुधड़ा के रहने वाले प्रेमी कैदी हरेराम सिंह और भिट्ठी की खुशी कुमारी ने मंदिर में एक दूसरे से सोमवार को शादी रचा ली.बताया जाता हैं कि हरेराम सिंह और भीठी की खुशी कुमारी के बीच बीते कुछ वर्षो पहले प्रेम हो गया और प्रेम इतना परवान चढ़ा की घर से भाग के दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया. लेकिन खुशी के परिवार वालो को ये नागवार गुजरी और प्रेमी हरेराम सिंह पर लड़की को जबरदस्ती भगा लेने का मामला थाना में दर्ज करा दिया . जिसके बाद पुलिस भी त्वरित करवाई करते हुए प्रेमी और प्रेमिका को बरामद करते हुए प्रेमी को जेल भेज दिया था . लगभग एक साल से मामला न्यायालय में चल रहा हैं और हरेराम सिंह जेल में बंद हैं.सोमवार की



दोपहर एसीजेएम प्रथम कमलेश कुमार की अदालत ने केश की सुनवाई के दौरान आदेश दिया कि एक घण्टे के अंदर लड़का और लड़की आपसी सहमति से मन्दिर में हिन्दू रीति रिवाज के साथ शादी कर न्यायालय में सूचित करें. फिर आदेश मंडल कारा सीवान को भेजा गया और कैदी प्रेमी हरेराम सिंह को पूरे सुरक्षा के बीच महादेवा रॉड स्तिथ राधा कृष्ण मंदिर में लाया गया जहां लड़की खुशी पहले से मौजूद थी .दोनों ने पूरे हिन्दू रीति रिवाजों के साथ वकील व पुलिस के समक्ष शादी सम्पन्न हुई.जिसके बाद हरेराम को पुनः मंडल कारा भेज दिया गया.

**कड़ी सुरक्षा के बीच भरा खुशी का मांग**

इधर जैसे ही लोगों की इसकी भनक मिली कि एक कैदी की शादी उसकी प्रेमिका से होने वाली है. जिसके बाद पूरा मंदिर परिसर लोगों से भर गया. जहां हिंदी रीति रिवाज के अनुसार पंडितों के मंत्र उच्चारण के बीच कैदी प्रेमी हरेराम सिंह ने कड़ी सुरक्षा के बीच खुशी का मांग भरा. जिसके बाद लोगों ने उसे आशीर्वाद दिया.

## दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाली गई कलश यात्रा

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बंगरा गांव के काली मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्रीदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया. महायज्ञ को ले सोमवार को बाला बाबा मठ के मठाधीश महामंडलेश्वर बद्री नारायण दास जी के देख रेख में वाराणसी से पधारें आचार्य राकेश शुक्ला, अमित तिवारी, चंद्रशील त्रिपाठी, शिव प्रसाद त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोचार के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई. निकली गई कलश यात्रा में आस्था व भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा था. हाथी, घोड़े व बैंड बाजे के साथ इंद्रधनुषी छटा विखेर रहीं 11 सौ कन्याओं से सुसज्जित कलश यात्रा की शुरूआत यज्ञ स्थल से हुई और गांव के पोखरा से विधिवत पूजन के साथ जलभरी की गई. जिसके बाद कलश यात्रा बंगरा, कल्याणपुर, दुरेजी, रामलखन चौक व बाबा मोड़ होकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची. कलश यात्रा में उस समय आस्था भारी पड़ी जब व्रत रखकर कलश यात्रा में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. नंगे पांव चल रहे कलश यात्रियों का उत्साह देखते बन रहा था. इस दौरान जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातारण भक्तिमय हो गया था. ग्रामीण कलश में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश कर रहे थे. श्रद्धालुओं की स्वागत में लोगों द्वारा अपनी घरों के सामने रंगोली बनाए गए थे। स्वयंसेवकों की ओर से जगह-जगह प्याऊ व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी. मौके पर मुख्य यजमान सुंदरा देवी, दिनेश सिंह, रजनीश कुमार उर्फ झबलु सिंह, आजाद सिंह, सुनील प्रसाद, अमित कुमार बबुआजी, पिंटु सिंह, सरपंच नागेंद्र किशोर सिंह, बीडीसी मुन्ना ठाकुर, जय प्रकाश सिंह, बटर बाबा, कामेश्वर सिंह, अंकुर सिंह, चंदन बाबा, तारकेश्वर सिंह, कौशल सिंह, मुकेश सिंह, रिंकू उपाध्याय सहित सभी ग्रामीण थे.



## गंभीरपुर मुखिया पति ने आवास सहायक के साथ मारपीट कर छीने बाइक व कागजात

**आवास सहायक ने की प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौतन प्रखंड क्षेत्र के गंभीरपुर पंचायत के आवास सहायक लालबाबू यादव ने स्थानीय मुखिया पति पर गाली गलौज मारपीट कर बाइक व कागजात छीनने का आरोप लगाया है.पीड़ित आवास सहायक लालबाबू यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए अपने आवेदन में कहा हैं कि एक मार्च को अपने कार्य क्षेत्र में आवास सर्वे संबंधित कार्य का निपटारा कर प्रखंड कार्यालय में बैठक में शामिल होने के लिए जा रहा था. तभी गंभीरपुर पंचायत के मुखिया हाजरा खातुन के पति नयमुद्दीन अंसारी एवं उनके पुत्र दिलशाद अंसारी रास्ते में गोपालबाबा स्थान के पास गंभीरपुर में मुझे रोक कर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहने लगे कि आवास सर्वे का कार्य मेरे दरवाजे पर आकर बैठ कर करो. मैं जिस व्यक्ति को कहूँगा उसी का नाम आवास सर्वे में जोड़ना है. जिसको मैंने मना कर दिया. जिस पर नयमुद्दीन अंसारी मुखिया का धौस दिखाते हुए मुझे गाली देने लगे और मोटरसाइकिल से चाभी निकाल लिए तत्पश्चात दोनों बाप बेटो ने मिलकर जान से मारने के नियत से मुझे मारने पीटने लगे. इसी क्रम में मेरे कपडे फट गए और मेरे पाकेट से कुछ रूपए एवं गले का चैन पिता, पुत्र के द्वारा निकाल लिया गया. मैं किसी तरह वहां से जान बचा कर भागा और इन सारी घटनाओ कि जानकारी विकास मित्र के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया. वही उनलोगों द्वारा छीनी गई मेरी बाइक के डिक्की में आवास सर्वे एवं आवास से संबंधित दस्तावेज डिकी एवं थैला में रखा था.

## डीपीएम ने लिया रेफरल अस्पताल का जायजा

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेफरल अस्पताल का जायजा सोमवार को डीपीएम ने लिया। डीपीएम विशाल कुमार सिंह ने नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन व रेफरल अस्पताल का जायजा लिया व कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बघौना के सब सेंटर के नए बिल्डिंग का भी जायजा लिया। कर्मियों ने बताया कि जल्द ही नए भवनों का उद्घाटन सुबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा किया जाना है। जिसको लेकर जायजा लिया गया। उन्होंने कर्मियों को जल्द नए भवन में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गायत्री शक्तिपीठ नानोसती में 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर 1151 कुमारी कन्याओं ने पंचायत भ्रमण करते हुए बिनवालिया मठ स्थित कोहडा नदी से जल भरकर यज्ञ स्थल पर लाया गया।जहां वैदिक मंत्रों चारण के द्वारा गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कर दिया गया।उपरोक्त बातों की जानकारी अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश्वर प्रसाद यादव ने दी।उन्होंने बताया कि जल यात्रा में हाथी घोड़ा ऊंट बाजे गाजे साथ मां गायत्री की जयकारा लगाते हुए पंचायत भ्रमण करते हुए बिनवालिया स्थित कोहडा नदी से जल भरकर योग स्थल पर लाया गया।मुखिया पति अरुण यादव,देवेंद्र नाथ प्रसाद, सतीश प्रसाद ,चंद्रिका साह ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग का अवतरण,साधना , स्वाध्याय ,संयम से ही बौद्धिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। वहीं जल यात्रा के पूर्व राष्ट्रीय ध्वज लहराकर राष्ट्रगान गाया गया।हरिद्वार शांतिकुंज से भी प्रतिनिधि गायत्री यज्ञ में पधारे हैं।जिससे



उपस्थित मनुष्य को देवत्व का ज्ञान प्रदान करेंगे।शांतिकुंज हरिद्वार के विशिष्ट प्रतिनिधियों द्वारा संगीत एवं प्रवचन का भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस यज्ञ में डॉक्टर चिन्मय पंड्या देव संस्कृत विश्वविद्यालय से पधार रहे हैं।इस मौके पर जिला युवा मंडल प्रमुख विनीत कुमार, परमानंद यादव, सतीश प्रसाद, जीउत यादव, बाबू नंद यादव,अनुपमश्रीवास्तव, मुखिया पति अरुण यादव,आलोक श्रीवास्तव,चंदेश्वर कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद यादव, आलोक कुमार अजीत यादव बाबू नंद यादव राकेश कुमार वर्मा सुमन लता गौरी देवी मनी किरण सुनीता भारती सीमा कुमारी मुसाफिर राय, कुसुम दीदी, विश्वनाथ प्रसाद सहित अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल रहे।

## नेशनल हाईवे पर गड्ढों की वजह से आए दिन होते हैं हादसे

**कुडू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच 143ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने पूरे सड़क पर बना जानलेवा गड्ढे इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इन गड्डो में हर समय नाली का गंदा पानी भरा रहता है। इसके दुर्गन्ध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदा पानी का छिड़काव आम लोगों पर होते रहता है। गड्ढे के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ज्ञात हो कि कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इंदिरा गांधी चौक से लगभग एक सौ फीट पहले तक करके लंबे समय से संवेदक बंद कर दिया है।

## रिविलगंज विष्णुपुरा में बाईपास निर्माण के लिए मिट्टी भराई

**बिना सूचना कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध**

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर से सटे रिविलगंज विष्णुपुरा इलाके में बाईपास निर्माण कार्य के तहत मिट्टी भराई शुरू होते ही स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना रैयतों को जानकारी दिए उनकी जमीन पर मिट्टी भराई का काम शुरू कर दिया गया, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। जैसे ही ग्रामीणों को इस कार्य की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे और काम रुकवा दिया। बाईपास निर्माण से जुड़े इस कार्य में कई भूखंडों पर बिना पूर्व सूचना के मिट्टी भरने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार विकास कार्य करे, लेकिन भूमि मालिकों को बिना मुआवजा दिए और बिना सहमति के जमीन पर कार्य शुरू करना अन्यायपूर्ण है। ग्रामीणों ने मांग की कि प्रशासन पहले रैयतों को उचित मुआवजा प्रदान करे और सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करे, तभी वे इस कार्य को आगे बढ़ाने देंगे। घटनास्थल पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम भी पहुंची। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास किया और जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया। हालांकि, ग्रामीण इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब चाहते हैं और जब तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं होता, वे निर्माण कार्य को जारी नहीं होने देंगे।

**प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग, जल्द समाधान की उम्मीद**

इस पूरे मामले को लेकर जिला प्रशासन से दखल देने की मांग की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, बाईपास निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन कुछ भूखंडों पर बिना सूचना कार्य शुरू हो गया, जिससे यह विवाद खड़ा हुआ। अब प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने में जुट गया है। छपरा बाईपास का निर्माण शहर के विकास के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है, क्योंकि इससे छपरा शहर में यातायात की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। लेकिन जब तक स्थानीय रैयतों को संतोषजनक जवाब और उचित मुआवजा नहीं मिलता, तब तक इस निर्माण कार्य में अड़चन बनी रह सकती है।

# गोल्ड के सस्ता होने की उम्मीदें धूमिल

## 88,000 के पार जा सकता है सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल की शुरुआत से अब तक सोने की कीमतों में 8,310 यानी 10.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 1 जनवरी को सोना 79,390 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जो अब बढ़कर 87,700 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई, जो 2,100 गिरकर दो हफ्ते के निचले स्तर 96,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। पिछले सेशन में चांदी 98,500 प्रति किलो पर बंद हुई थी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सोने-चांदी में खरीदारी करे या नहीं एक्सपर्ट्स की मानें तो सोने की कीमतों में गिरावट की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रहीं है।

बता दें सोने की कीमतों में शुक्रवार, 28 फरवरी को गिरावट देखी गई, जो नवंबर के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण सोने पर दबाव बना, क्योंकि निवेशक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के संकेतों के लिए अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा का इंतजार कर रहे थे।

**ग्लोबल मार्केट में फिर बढ़ी सोने की चमक-** बता दें सोने के भाव सोमवार को अमेरिकी डॉलर की कमजोरी और ग्लोबल ट्रेड वार की आशंकाओं के बीच बढ़ोतरी के साथ कारोबार कर रही हैं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत बढ़कर 2,868.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 1.1 प्रतिशत बढ़कर 2,880.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

**शुक्रवार को क्यों आई थी सोने में गिरावट-** मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वीपी कमोडिटीज राहुल कलंतरी ने लाइव मिंट से कहा, सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर गिरावट देखी गई, क्योंकि डॉलर इंडेक्स में मजबूती आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मैक्सिको और कनाडा पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 4 मार्च यानी कल से लागू होंगे। इससे डॉलर को मजबूती मिली है, जिससे धातुओं की कीमतों पर दबाव बना है। कमोडिटी एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, जिससे अमेरिका में आयात पर कुल टैरिफ दर 20 प्रतिशत हो गई है। इससे बाजार की उम्मीदें खत्म हो गई हैं कि इन टैरिफ को टाल दिया जाएगा।

### रिकॉर्डों की झड़ी लगाने वाले गोल्ड की मार्च में ठंडी शुरुआत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में रिकॉर्डों की झड़ी लगाने वाले सोने की मार्च में ठंडी शुरुआत हुई है। शादियों का यह सीजन अपने चरम पर है। इस बीच आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट है। आज यानी सोमवार 3 मार्च को 24 कैरेट सोने के दाम में मामूली गिरावट नजर आ रहा है। आज सर्राफा बाजार में सोना महज 36 रुपये सस्ता होकर 85020 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। दूसरी ओर, चांदी 173 रुपये सस्ती होकर 93480 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। वहीं, एमसीएक्स पर सोने का 4 अप्रैल का वायदा भाव 0.55 पर्सेंट महंगा होकर 84682 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। जबकि, चांदी डेढ़ बजे के करीब 0.42 पर्सेंट ऊपर 94726 रुपये प्रति किलो पर थी। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

### 14 से 23 कैरेट गोल्ड के लेटेस्ट भाव

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 36 रुपये टूटकर 84680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव भी अब 33 रुपये सस्ता होकर 77878 रुपये पर आ गया है। 18 कैरेट का भाव भी 27 रुपये नीचे 63765 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 21 रुपये गिरकर 49737 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

**फरवरी में रिकॉर्डों की झड़ी-** अगर इस साल की बात करें तो 2025 में अब तक सोना 9280 रुपये और चांदी 7463 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## मुकेश अंबानी की कंपनी पर लगाई गई 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड पर पेनाल्टी लगाई गई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार कंपनी पर यह पेनाल्टी बैटरी प्लांट लगाने में असफल रहने पर लगाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिश है कि विदेशी इंपोर्ट्स में कटौती की जाए। बता दें, रिलायंस न्यूज एनर्जी लिमिटेड उन कुछ कंपनियों में से एक थी। जिन्होंने बैटरी सेल मैन्युफैक्चरिंग के लिए सफल बोली लगाई थी।

**125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई-** पीएम मोदी की अगुवाई वाली सरकार की कोशिश है कि बैटरी सेल के मोर्चे पर लोकर प्रोडक्शन को बढ़ाया जाए। जिसके विदेशों पर निर्भरता कम हो। इसी को देखते हुए 2022 में सरकार ने बोलियां आमंत्रित की थी। जिसमें रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने सफल



बोली लगाई थी। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार लेकिन अब डेडलाइन मिस होने की वजह से 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई है।

**इस कंपनी पर भी लगी पेनाल्टी-** रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड अलावा राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड पर भी इतनी ही पेनाल्टी लगाई गई है। कंपनी को एंडवांस केमेस्ट्री सेल प्रोग्राम के लिए पेनाल्टी लगाई है। बता दें, इन कंपनियों की तरफ से अभी तक कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों पर 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन डेडलाइन तक काम पूरा ना करना दर्शाता है कि मार्केट के डायनेमिक्स में बदलाव हो रहा है।

## पेट्रोल हुआ सस्ता, डीजल की कीमतों में भी बदलाव

**नई दिल्ली**, एजेंसी। सप्ताह के पहले दिन, सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.06 प्रतिशत गिरकर 70.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि ब्रेंट क्रूड 74.43 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर बना रहा। इसके असर से भारत के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम बदले हैं—कुछ जगहों पर ईंधन महंगा हुआ है, तो कुछ शहरों में कीमतों में राहत मिली है।




**इन शहरों में महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल-** नोएडा-ग्रेटर नोएडा – पेट्रोल 94.98 (+21 पैसे), डीजल 88.13 (+24 पैसे) गुरुग्राम – पेट्रोल 95.04 (+13 पैसे), डीजल 87.90 (+13 पैसे) लखनऊ – पेट्रोल 94.69 (+11 पैसे), डीजल 87.81 (+13 पैसे) आगरा – पेट्रोल 94.48 (+2 पैसे), डीजल 87.54 (+2 पैसे) चेन्नई – पेट्रोल 100.90 (+10 पैसे), डीजल 92.49 (+10 पैसे)

## ठंडे मार्केट में भी गर्मी दिखा रहे एसी बनाने वाली कंपनियों के शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस मार्च में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका के चलते एसी बनाने वाली कंपनियों के शेयर के भाव उबलने लगे हैं। आज गिरावट भरे बाजार में भी टाटा की कंपनी वोल्टास के शेयर 2.66 पर्सेंट चढ़ चुके हैं। दूसरी ओर ब्लू स्टार में भी 1.62 पर्सेंट की तेजी है। जॉनसन कंट्रोल भी हरे निशान पर है। वोल्टॉस के शेयर आज 1347.15 रुपये पर ओपन हुए और 1336.10 रुपये के दिन के निचले स्तर तक फिसलने के बाद छलांग लगाते हुए 1373 रुपये के लेवल का टच कर गए। 5 सत्रों में यह 4.60 पर्सेंट चढ़ चुका है और पिछले एक महीने में सवा चार फिसद टूटा है। यह स्टॉक भी छह महीने में 26 पर्सेंट लुढ़का है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1944.90 रुपये और लो 1023.95 रुपये है। एसी बनाने वाला दूसरा बड़ा ब्रांड ब्लू स्टार के शेयर भी आज ठंडे बाजार में भी गरम हैं। आज ब्लू स्टार के शेयरों में गर्मी है। 1937.40 रुपये पर खुलने के बाद ये दिन के हाई 1975 रुपये तक पहुंच गए। हालांकि, एक समय 1909.55 रुपये के दिन के निचले स्तर को टच करने को भी मजबूर हुए। सुबह सवा 11 बजे के करीब ब्लू स्टार के शेयर 2.78 पर्सेंट की तेजी के साथ 1971 रुपये पर थे। इसका 52 हफ्ते का ळ्ज्ञर्ठ 2417 और लो 1222.40 रुपये है।

### जॉनसन कंट्रोल इंडिया

अगर एसी उद्योग से जुड़े एक अन्य स्टॉक जॉनसन कंट्रोल इंडिया की बात करें तो आज यह बढ़त के साथ 1630 रुपये पर खुला और 1654.85 रुपये के डे हाई पर पहुंच गया। बाद में 1617.05 रुपये तक फिसल गया और दोपहर 12 बजे के करीब 0.53 पर्सेंट ऊपर 1631.70 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का हाई 2620.10 रुपये और लो 951.35 रुपये है। जॉनसन कंट्रोल इंडिया पिछले 5 दिनों में महज 0.07 पर्सेंट चढ़ा है। जबकि, पिछले एक महीने में 4.19 पर्सेंट गिरा है। अगर पिछले छह महीने के इसके प्रदर्शन को देखें तो इसने करीब 25 पर्सेंट का निगेटिव रिटर्न दिया है।

### अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया

हालांकि, अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के शेयर दो पर्सेंट से अधिक टूटकर 5504 रुपये आसपास ट्रेड कर रहे थे। आज 5630 रुपये पर खुले और देखते ही देखते 5810 रुपये के इंट्राडे हाई के बाद फिसल गए। इसका 52 हफ्ते का हाई 8177 रुपये और लो 2992.50 रुपये है। पांच सत्रों में यह करीब 8 फीसद टूटा है। एक महीने में इसने 15 पर्सेंट से अधिक का निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले छह महीने में 23 फीसद से अधिक चढ़ा है। इस साल अबतक 28 फीसद से अधिक टूटा है।

## माधुबी पुरी बुच मामले में सेबी और बीएसई पहुंचे बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और अन्य प्रमुख लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अब इस आदेश के आने के बाद मार्केट रेगुलेटर सेबी कानूनी कदम उठाने जा रहा है। रविवार को जारी किए गए बयान में कहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने 1994 में बीएसई में लिस्ट हुई कंपनी के क थि त अनिमियतता के मामले में जो आदेश किया है उसके जवाब में कानूनी मदद ली जाएगी। इस पूरे प्रकरण में मार्केट रेगुलेटर ने कहा कि वह तय नियमों को मानने के लिए



प्रतिबद्ध है। अब इस मामले में बीएसई और सेबी बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। कोर्ट 4 मार्च को इस याचिक पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। तब तक कोर्ट ने एफआईआर रजिस्टर्ड ना करने का मौखिक आदेश दे दिया है। बता दें, शनिवार को कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच, पूर्व बीएसई चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल और बीएसई एमडी एंड सीईओ सुंदरम् राममूर्ति सहित अन्य तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए।

### सेबी ने क्या कुछ कहा

मार्केट रेगुलेटर ने अपने बयान में कहा है कि ये अधिकारी उस समय (1994) अपनी पोस्ट पर भी नहीं थे। सेबी ने कहा, कोर्ट ने बिना नोटिस जारी किए या सेबी को तथ्य प्रस्तुत करने का मौका दिए बगैर ये अनुमति दे दी

### बीएसई ने क्या कुछ रहा है

बीएसई ने अपने प्रेस रिलीज में कहा है कि कोर्ट पेपर्स में काल्स रिफाइनरीज का नाम सामने आया है। कंपनी की लिस्टिंग 1994 में हुई थी। एक्सचेंज ने अपने बयान में कहा है, जिन अधिकारियों का नाम है वो सभी कंपनी की लिस्टिंग के दौरान चिन्हित पद पर नहीं थे।

और कंपनियों के साथ भी नहीं जुड़े थे। बीएसई ने इस पूरे एप्लीकेशन को छोटो और दुख पहुंचाने वाला करार दिया है। बीएसई ने आगे अपने बयान में कहा कि बिना किसी नोटिस और तथ्यों के प्रस्तुत करने का मौका दिए बगैर इस एप्लीकेशन की अनुमति दे दी गई। बीएसई आवश्यक कानूनी कदम उठाने जा रहा है।

## बाजार में गिरावट के बाद भी बंद न करें एसआईपी, चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में रखें भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट लगातार जारी है। सेंसेक्स और निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के बाद से अब तक क्रमशः 14.86 फीसदी और 15.80 फीसदी टूट चुके हैं। ऐसे में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने वाले निवेशकों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या उन्हें अपना निवेश जारी रखना चाहिए या बंद कर देना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि गिरते बाजार के कारण एसआईपी बंद नहीं करना चाहिए। जो निवेशक चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में भरोसा करते हैं, उन्हें बाजार में गिरावट को अवसर मानकर लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न पाने के लिए अपना निवेश बढ़ा देना चाहिए।




**निवेश के मूल्यांकन का उचित समय-** निवेश सलाहकार स्वीटी मनोज जैन का कहना है कि एसआईपी निवेश का सिर्फ एक तरीका है। आखिरकार, आपका पैसा किसी फंड में जाता है, इसलिए बाजार में गिरावट के बीच यह मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपने सही फंड में निवेश किया है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम क्षमता के अनुरूप है।

### ऐसे समझें गणित

बाजार में गिरावट के दौरान निवेशकों को अधिक संख्या में म्यूचुअल फंड यूनिट मिलते हैं, जिससे उनकी औसत लागत घट जाती है। बाजार में जब सुधार होता है, तो निवेशकों को एकतरफा तेजी वाले बाजार की तुलना में अधिक रिटर्न मिलता है। उदाहरण...अगर कोई निवेशक हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी करता है, तो 20 साल में 10 फीसदी रिटर्न के हिसाब से उसके पास 76 लाख से ज्यादा का फंड जमा होगा। बाजार में सुधार के दौरान रिटर्न बढ़कर 15 फीसदी होने पर 10,000 रुपये का यही मासिक निवेश 20 साल में बढ़कर 1.51 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा।

## 19 प्रतिशत भर चुका है आईपीओ, अभी दो दिन मिलेगा दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय बाजार की स्थिति बहुत खराब चल रही है। ऐसे में ज्यादातर कंपनियां आईपीओ लाने से बच रही हैं। लेकिन इस कठिन माहौल में भी बालाजी फॉस्फेट्स का आईपीओ ओपन है। जिस पर दांव लगाने का आखिरी दो मौका बचा है। बता दें, कंपनी के आईपीओ का साइज 50.11 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 59.40 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के तहत कंपनी 12.18 लाख शेयर जारी करके 8.53 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी।

यह आईपीओ 28 फरवरी को खुला था। निवेशकों के पास आईपीओ पर दांव लगाने के लिए 4 मार्च तक का मौका है। दांव लगाने वाले निवेशकों को शेयरों का अलॉटमेंट 5 मार्च को किया जा सकता है। वहीं, कंपनी की लिस्टिंग 7 मार्च को प्रस्तावित है।




### क्या है प्राइस बैंड

बालाजी फॉस्फेट्स आईपीओ का प्राइस बैंड 66 रुपये से 70 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 2000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,32,000 रुपये का दांव लगाना होगा।

### एक दिन में 19 प्रतिशत हुआ सब्सक्राइब

इस आईपीओ को पहले दिन 19 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ 22 प्रतिशत सब्सक्राइब किया गया। क्यूआईबी कैटगरी में आईपीओ को जीरो गुना सब्सक्राइब किया गया। वहीं, एनआईआई कैटगरी में आईपीओ को 27 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। कंपनी का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 27 फरवरी को खुला था। एंकर निवेशकों के जरिए कंपनी ने 4 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बता दें, कंपनी ने अरिहंत कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया था। वहीं, स्काई लाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। इस कंपनी के प्रमोटर आलोक गुप्ता और मोहित एरेन हैं। बता दें, ग्रे मार्केट में कंपनी की स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रे मार्केट में स्टॉक जीरो रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 03-03-2025 21:50 Page 1



# चार लाख किसानों का सरकार ने किया लोन माफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में किसानों के लिए आमदनी बढ़ाने पर सर्वाधिक खर्च कर रही है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए बजट में चार हजार 587 करोड़ से अधिक की राशि रखी गई है।

इसका लक्ष्य किसानों को ऋण और सूखे की समस्या से मुक्ति दिलाना है। सरकार इसके साथ ही मिलेट मिशन के तहत श्रीअन्न की खेती को भी बढ़ावा देगी। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत चार लाख किसानों के दो लाख तक के लोन माफ किए गए हैं। इसपर अबतक 769 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। नए वित्त वर्ष में किसानों को अनुदान पर बीज देने के लिए 95 करोड़ रुपए बजट में प्रस्तावित किए गए हैं।

राज्य में 1200 सरकारी और निजी तालाबों का गहरीकरण कराया जा रहा है। इससे करीब 12000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में इसी कार्य के लिए 204.40 करोड़ की राशि रखी गई है।



तालाबों में जल स्थिर रहने से किसान साल में तीन तरह की फसल उगा सकेंगे। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

इसके अलावा उन्हें पावर टीलर, पंप सेट, मिनी ट्रैक्टर जैसे उपकरण देने के लिए 140 करोड़ की राशि प्रस्तावित की गई है। इसका लाभ 8400 लाभुकों को मिलेगा। राज्य में उद्यानिकी की प्रगति से किसानों की आय बढ़ेगी और पलायन रुकेगा। नए वित्त वर्ष में सब्जी की खेती, किसानों के प्रशिक्षण, मधुमक्खी पालन और चाय की खेती के लिए सहायता दी जाएगी। इसके लिए बजट में 304 करोड़ की राशि रखी गई है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 304.85 करोड़ का बजट रखा गया है। झारखंड मिल्क डेवलपमेंट फेडरेशन के माध्यम से दूध के संग्रह करने और विपनन का काम बढ़ाया जाएगा। राज्य में 4.10 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार मिलेगा।

सुखाड़ की समस्या से निबटने के लिए किसानों को राज्य मिलेट मिशन योजना से जोड़ा जा रहा है। इससे कम पानी में भी किसान श्रीअन्न की खेती कर अपनी आजीविका चला सकते हैं।

बजट में इसके लिए 24 करोड़ की राशि रखी गई है। इसके अलावा धान समेत अन्य उपजों के संग्रह के लिए लैम्पस और पैक्स के तहत 118 नए गोदाम बनाए जाएंगे।

इसपर 259 करोड़ खर्च किया जाएगा। किसानों को सूखे की स्थिति में हुए नुकसान से बचाने के लिए फसल बीमा के तहत 350 करोड़ की राशि रखी गई है।

## फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे जवान पर प्राथमिकी

**जादूगोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा थाना क्षेत्र स्वासपुर के सीआरपीएफ कैंप में फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नौकरी करने के मामले में सुमित कुमार राघव के विरुद्ध जादूगोड़ा थाना में कैंप के नीरज कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपित मिजोरम के ममीत जिले के ममीत थाना क्षेत्र फैजाक का निवासी है। घटना 23 दिसंबर 2024 से 21 जनवरी 2025 के बीच की है। जवान पर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र देकर नौकरी पाने का आरोप है। इससे पहले 14 फरवरी को नागालैंड के फेकबासा के निवासी अनिश कुमार सिंह के विरुद्ध जादूगोड थाना में कैंप के डिप्टी कमांडेंट विक्की पांडे की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब तक 8 जवानों पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। ओडिशा के बीरामित्रपुर के बलियापोस के हाथीबाड़ी निवासी मनीष कुमार, सचिन राज और शिकेष साह, सुंदरगढ़ के सुरदा निवासी विकास कुमार, टेटेकेले ग्राम के बिट्टू कुमार और राउरकेला के सरला मार्केट के मेहताब रोड निवासी मनु कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# दूसरी बार हुआ बाल बजट पेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बजट की खासियत बाल बजट है। लगातार दूसरी बार पेश बाल बजट के अंतर्गत राज्य में संचालित कुल 200 योजनाओं में से 42 योजनाएं बच्चों के नाम की गई हैं और इन पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9411 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। यह राशि पिछली बार से 6 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह भी है कि कुल योजना आकार के हिसाब से बच्चों पर 10 प्रतिशत राशि खर्च होगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने दावा किया कि यह राज्य में बच्चों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन का दस्तावेज तो है ही। साथ ही यह सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि कैसे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सुरक्षा और समग्र विकास को लेकर सरकार प्रयासरत हैं।

झारखंड में बड़ी संख्या में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति और अन्य समुदायों के बच्चों के लिए एक समर्पित बाल बजट पेश किया गया है। यह बजट नीति-निमार्ताओं, प्रशासन, नागरिक-समाज-संगठनों और आम जनता को यह समझने में मदद करता है कि बच्चों से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों पर कितना और कैसे खर्च किया जा रहा है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सरकारी योजनाओं और नीतियों में बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए।

यह शिक्षा के अधिकार स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, बाल संरक्षण, पोषण संबंधी योजनाओं और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ प्रस्तुत करता है। समग्र योजनाओं को देखें तो यह कुल बजट का दस प्रतिशत हिस्सा है। इस प्रकार राज्य सरकार अगले वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में दस प्रतिशत अधिक राशि व्यय करना चाहती है। वित्त मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बच्चों में निवेश करना देश और समाज के भविष्य में निवेश करने के समान है। बाल बजट में प्रदेश के बच्चों की स्थिति को दशार्या गया है। साथ ही बच्चों से संबंधित विभिन्न काल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई है। यह बजट राज्य में बाल उन्मुख नीति निर्माण और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बाल बजट राज्य में बच्चों की स्थिति को सुधारने में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगा और झारखंड में बच्चे के विकास की दिशा में एक प्रभावी टूल साबित होगा। बाल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ बच्चों को कुपोषण, शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में कमी, बाल श्रम और शोषण जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में निहित उनके अधिकारों को स्वीकार करते हुए बाल बजट पेश किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसमें बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित किया जाता है। अच्छी तरह से तैयार बाल बजट के माध्यम से सरकार आवंटन, व्यय और बाल-केंद्रित कार्यक्रमों पर उनके प्रभाव की जांच करना चाहती है।

# सूबे में खुलेंगी 26 नई यूनिवर्सिटी-कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के इस बजट में स्कूली शिक्षा से अधिक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया गया है। हालांकि, योजना आकार की बात करें तो स्कूली शिक्षा पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की तुलना में कई गुना अधिक है।

स्कूली शिक्षा में राज्य सरकार ने जहां गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया है, वहीं, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में आधारभूत संरचनाओं के विकास पर जोर दिया है। इसी कारण, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के विकास के लिए कई नए संस्थानों की स्थापना का प्रस्ताव बजट में किया गया है।

**बनेगा एजुकेशन हब**

बजट घोषणा के अनुसार, राज्य में तीन नए विश्वविद्यालय तथा इतने ही तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। राज्य के जमशेदपुर, गुमला एवं साहिबगंज में जहां नए विश्वविद्यालयों की स्थापना होगी, वहीं, जमशेदपुर, धनबाद तथा दुमका में तीन नए तकनीकी विश्वविद्यालयों की स्थापना होगी।

बजट घोषणा में बोकारो एवं गोड्डा में नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पढ़ाई शुरू करने की बात कही गई है। वहीं, रांची, खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहिबगंज तथा गिरिडीह में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना किए जाने का भी जिक्र किया गया है।

राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कौशल विश्वविद्यालय तथा फिन-टेक यूनिवर्सिटी की भी स्थापना का भी प्रस्ताव किया गया है।

साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग एवं देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की स्थापना का भी प्रस्ताव है।

## हत्या का प्रयास

**जादूगोड़ा।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के एक युवक की कुछ बदमाशों ने पिटाई कर दी। जबरन शराब पिलाने की कोशिश की गई। हाथ-पैर बांधकर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया गया।

उन्होंने धमकी दी कि यदि इस घटना की शिकायत थाना में की गई, तो उसे और स्वजन को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। मामले में युवक की शिकायत पर सीतारामडेरा थाना में बारीडीह निवासी मुकेश सिंह, जितेंद्र सिंह और अज्ञात तीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आरोपितों पर अप्राकृतिक यौनाचार करने, जान से मारने की धमकी देने, गाली देने और हत्या का प्रयास करने का आरोप है। घटना एक मार्च की है। पुलिस मामले में आरोपित मुकेश सिंह और उसके साले जितेंद्र सिंह से पूछताछ कर रही है।

सीतारामडेरा थाना प्रभारी विनय मंडल ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुकेश सिंह और पीड़ित युवक पहले करीबी मित्र थे। जब पीड़ित युवक को पता चला कि मुकेश अवैध धंधों में लिप्त है और उसे भी शामिल करने की कोशिश कर रहा है, तो उसने उससे दूरी बना ली।

# बजट पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सरकार ने 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। बजट को लेकर अब विपक्ष ने सरकार को घेरा है। हेमंत सोरेन के पूर्व साथी चंपई सोरेन ने बजट को पूरी तरह से खोखला करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक दिशाहीन बजट है, जिसमें राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है।

चंपई ने कहा, कुल मिलाकर, यह बजट नहीं, एक ढोल है, जो ऊपर से तो बहुत बड़ा दिख रहा है, लेकिन अंदर से खोखला है। कहने को तो इसमें कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से हर बार वहीं कहानी कही जाती है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है।

सोरेन ने दावा किया कि कागज पर बड़ी-बड़ी योजनाएं घोषित कर रही इस सरकार को कोई याद दिलाए कि उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनकी ही जिम्मेदारी है। पिछले बजटों की कितनी योजनाएं पूरी हुई। अबुआ बजट के नाम लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

बीजेपी नेता ने कहा कि जब राज्य में ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन और वृद्ध, दिव्यांग, विधवा लोगों को कई महीनों से पेंशन तक नहीं मिलती हो, तो क्या उम्मीद रखें। पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार के क्षेत्र में सिर्फ हवा-हवाई घोषणाएं हो रही हैं।

पेयजल की दर्जनों योजनाएं अधूरी हैं, जबकि लोग डोभे से पानी लेने को मजबूर हैं। अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, खाट पर जा रहे मरीजों और अस्पतालों में अव्यवस्था की तस्वीरें आम हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश बजट को खोखला बताया है। मरांडी ने कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन प्राण विहीन है, ताकत विहीन है।

उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है न गरीबी दूर होगी। राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार द्वारा पेश 2025-26 के बजट को सिर्फ आकार में बड़ा और आंकड़ों का खेल बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से राज्य की जनता को कुछ लाभ नहीं होने वाला, यह अबुआ नहीं बल्कि बबुआ बजट है। राज्य सरकार ने 2029 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है, लेकिन उसकी तैयारी का कोई रोडमैप नजर नहीं आया। पिछले बजट की तुलना में पूंजीगत व्यय में मात्र 7 हजार करोड़ की वृद्धि की गई है जो काफी कम है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने हेमंत सोरेन सरकार के बजट को जनता को ठगने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले वादे सरकार अबतक पूरे नहीं कर पाई है। अब बजट के जरिए एकबार फिर से झूठ का पिटारा लेकर पहुंच गए हैं। ऐसे में इनके वादे पर कौन भरोसा करेगा।

जिन योजनाओं की घोषणा की है उनके लिए धन कहां से आएगा यह भी स्पष्ट नहीं है। युवाओं के रोजगार, नए उद्योग पर सरकार का कोई विजन बजट में सामने नहीं आया।

# शराब से राजस्व बढ़ाने की योजना पर चल रही पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राज्य में राजस्व को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शराब से राजस्व बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लाई जा रही हैं। सरकार एसओपी तैयार कर रही है, ताकि आदिवासी और मूलवासी को रोजगार मिले और विभागीय पदाधिकारियों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़े। इस बार देसी शराब पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार का लक्ष्य 3500 से 4000 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाना है।

झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दुमका परिसदन में मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि केंद्र सरकार को झारखंड में नल जल योजना को सुचारू ढंग से चलाने के लिए अविलंब 6500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए।

उन्होंने कहा कि इस राशि के मिलने से राज्य में नल-जल योजना के कार्यों में तेजी आएगी। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल जल योजना के तहत 22,000 करोड़ रुपये का प्राविधान किया है।

इस राशि में केंद्र और राज्य को 50-50 प्रतिशत राशि देनी थी, लेकिन केंद्र से अब तक मात्र आधी राशि ही मिल पाई है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस योजना को 2024 में पूर्ण करा लिया जाना था, लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी मियाद बढ़ाकर अब वर्ष 2028 कर दी है। इससे कई योजनाएं अटकी हुई हैं।

राज्य सरकार अब इस पर विचार कर रही है कि इन योजनाओं को कैसे बेहतर ढ़ंग से चलाया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिले। जो योजनाएं 90 से 95 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी हैं, उनका सर्वे कराकर उसे राज्य सरकार की राशि से पूरा किया जाएगा, ताकि जनता को पेयजल किल्लत का सामना नहीं करना पड़े।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्तर से भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बकाया राशि की मांग की गई है।

# शहरों में बिछेगा सड़कों का जाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए सड़कों को बेहतर करने की योजनाएं सरकार की प्राथमिकता सूची में आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में भी है। इसके तहत 1200 किलोमीटर से अधिक के सड़कों का उन्नयन और 10 उच्चस्तरीय पुल बनाने की योजना है। इसमें रेलवे ओवरब्रिज फ्लाइओवर भी शामिल हैं।राज्य गठन के वक्त प्रदेश में सड़कों की कुल लंबाई 5400 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 14879 किलोमीटर हो चुकी है। पथों का घनत्व वर्ष 2024-2025 के आरंभ में 177 किलोमीटर प्रति 1000 वर्गक किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 188.69 किलोमीटर प्रति 1000 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

राज्य में पथों के घनत्व में वृद्धि के साथ महत्वपूर्ण सड़कों के यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़कों को फोरलेन और फ्लाइओवर में परिणत करने की योजना है। पथों को बेहतर बनाने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों की गुणवत्ता में सुधार का भी कार्यक्रम है।



पुराने क्षतिग्रस्त और वैसे पुल जो यातायात व्यवस्था में बाधक साबित हो रहे हैं, उनके स्थान पर उच्चस्तरीय पुल बनाने की योजना है। इसके अलावा, लेवल क्रॉसिंग को कम करने का निर्णय किया गया है। इससे सड़क-रेलमार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पथ निर्माण विभाग और रेल मंत्रालय परस्पर समन्वय से विभिन्न ओवरब्रिज का निर्माण करेगा।

मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत वर्ष 2024-2025 में 70 पुल के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। फिलहाल 492 पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए 2500 किलोमीटर पथ और 200 पुलों के निर्माण का लक्ष्य है। इसके विरुद्ध 715 किलोमीटर लंबाई में पथ का निर्माण किया जा चुका है।

वर्ष 2025-2026 में ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 4576 करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 249 योजनाएं पूरी हो चुकी है, जिसकी लंबाई 734 किलोमीटर है। शेष 935 स्वीकृत योजनाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना के तहत पांच वर्ष एवं उससे पहले क्षतिग्रस्त 15000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण का लक्ष्य है। 1884 किलोमीटर की 474 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

## बनेगा एयर कार्गो हब

**साहिबगंज।** साहिबगंज में घरेलू हवाई अड्डा और एयर कार्गो हब, पर्यटन स्थलों के लिए हेलिकॉप्टर विमानन संरचना को मजबूत करने की इच्छाशक्ति भी सरकार के बजट में दिख रही है। राज्य सरकार ने इसके तहत संताल परगना के साहिबगंज में घरेलू हवाई अड्डा और एयर कार्गो हब के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इन परियोजनाओं के लिए चिन्हित की गई जमीन के अधिग्रहण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

साहिबगंज में पहले से गंगा नदी पर टर्मिनल है। विमानन संरचना विकसित होने से व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। इसके अलावा महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए हेलिकाप्टर सेवाएं भी आरंभ करने की योजना है।

इसके दायरे में देवघर, बासुकीनाथ, पारसनाथ, रजरप्पा, ईटखोरी समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों के अलावा मनमोहक पर्यटन स्थल बेतला पार्क, पतरातू घाटी, साहिबगंज के लिए राजधानी रांची से हेलिकॉप्टर शटर सर्विस प्रारंभ करने की कार्रवाई की जा रही है।राज्य में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए पहले से ही एयर एंबुलेंस योजना जारी है। सेवा का लाभ सबको सुलभ हो, इसे ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित दरों में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है।

# टुण्डी के कई ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा सत्र में किया गया पेश

## जल्द समाधान का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

टुण्डी। झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों की ज्वलंत मुद्दों को सत्र के शून्य काल में उठाया जा रहा है। आज सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अनुसूचित जाति जनजाति असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति लाभूक जिनका उम्र कम से कम 50 बर्ष हो को 90% प्रतिशत अनुदान राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान है। उक्त योजना में निर्धारित उम्र सीमा से कम उम्र की सभी असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग योजना का लाभ लेने से वंचित रहने के कारण वे आत्मनिर्भर नहीं हो पाते और उन्हें अपना जीवन यापन करने में काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। आगे सदस्य द्वारा मांग करते हुए कहा कि उम्र सीमा को समाप्त करते हुए योजना का लाभ दिया जाएं।

आसन्न के माध्यम से टुण्डी विधायक ने पूर्वी टुंडी के आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के साथ साथ अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। जहां आज भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र छात्राओं को करीब 20-30 किलोमीटर की दूरी तय कर स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं गरीब छात्र छात्राएं कॉलेज की अधिक दुरी होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रहा है। इसके अलावा टुण्डी के लूकैया पंचायत के गोपीनाथपुर भलपहरी पथ के जोरिया में पुल निर्माण तथा टुण्डी के रघुनाथपुर पंचायत काशीटांड मुख्य पथ के जोरिया में पुल निर्माण साथ ही



रामपुर गेठीबेडा.के दुन्दु नाला जोरिया में पुल निर्माण वहीं तोपचांची प्रखंड के ढांगी रोआम एवं सीधाबाद पथ के बीच रामकनाली जोरिया में पुल निर्माण साथ ही धारकिरों महेशपुर पथ में कतरी नदी जोरिया में पुल निर्माण समेत कई ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा सत्र के दौरान उठाया गया। बताते चलें कि टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र टुण्डी प्रखंड के प्रायः सभी क्षेत्रों की हर जनहित मुद्दों को आसन्न के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है ताकि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

# 'ढुकु प्रथा' से जूझ रहे 500 कपल की कराई गई शादी

## हिंदू तथा सरना रीति से विवाह कराते हैं संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** गुमला, सिमडेगा, खूंटी समेत झारखंड एवं छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रहने वाले सैकड़ों जनजातीय परिवार ढुकु प्रथा (लिव इन रिलेशन) में दशकों से साथ रह रहे हैं। उनके बच्चे जवान हो गए हैं, लेकिन समाज उनके दांपत्य को मान्यता नहीं देता।

उनके साथ सार्वजनिक एवं मांगलिक कार्यों में अछूत जैसा व्यवहार होता है। समाज से ऐसे तिरस्कृत परिवारों के उद्धार तथा सम्मान दिलाने के लिए नवयुवक संघ, तेलगांव (गुमला) ने अभियान चला रखा है।

हर वर्ष 101 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखते हुए अब तक पांच सौ से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से करा चुके हैं। हिंदू तथा सरना रीति से पुरोहित एवं पाहन-बैगा विवाह संपन्न कराते हैं।

नवयुवक संघ के संयोजक जगन्नाथ उरांव पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त हैं। वह अपनी पंचायत में नवयुवक संघ का गठन कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। छह वर्ष पूर्व उन्हें ऐसे ही एक सामूहिक विवाह समारोह में अतिथि के रूप में बुलाया गया था।

वहां पहुंचे तो ढुकु परिवार की पीड़ा से रूबरू हुए। उनके बच्चों से बात की तो दर्द सुन मन द्रवित हो गया। उन्होंने तय किया कि ऐसे बहिष्कृत परिवारों का उद्धार जरूरी है। वर्ष 2021 से वे ऐसे परिवारों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहे हैं। वृंदा गुमला निवासी दमरी उरांव तथा सरिता उरांव के चार बच्चे हैं। ईंट-भट्ठा में काम करने के दौरान दोनों में प्रेम हुआ। घर वाले नहीं चाहते थे, इसलिए दोनों ढुकू के रूप में रहने लगे।

इसी तरह, नवडीहा करंज टोली, घाघरा(गुमला) निवासी मनोज उरांव के चार बच्चे हैं। बड़ी लड़की आठवीं कक्षा में पढ़ती है। लेकिन इन परिवारों के दांपत्य को समाज ने मान्यता नहीं दी। वर्षों से वह तिरस्कृत थे। इस बार दो मार्च को उन्हें सामूहिक विवाह में शामिल कर शादी की डोर में बांधा गया।

जब कोई युवक- युवती के परिवार वाले शादी करने से इन्कार कर देते हैं तो लड़की अपने परिवार से भागकर लड़के के साथ रहने लगती है। दोनों-पति पत्नी के रूप में एक साथ रहते हैं, लेकिन समाज उनके दांपत्य को मान्यता नहीं देता।

क्योंकि गरीबी एवं बेबसी के कारण वे अपने समाज के लोगों को शादी के रस्में पूरी करने तथा भोज देने में सक्षम नहीं होते हैं। इस प्रेम विवाह की सजा न केवल वे स्वयं बल्कि उनकी पीढ़ियां तक भुगतने को मजबूर होती हैं। उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे परिवार को मांगलिक तथा सार्वजनिक कार्यों में शामिल नहीं किया जाता।

भले ही स्वयं अभाव में रहते हों, लेकिन तेलगांव पंचायत के लोग इस सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेना तथा अपना सहयोग देना नहीं भूलते। उन्हें इस बात के लिए गर्व होता है कि उनके यहां झारखंड



के विभिन्न जिलों से पहुंचकर वर-वधू शादी के पवित्र बंधन में बंधते हैं। बरातियों के सत्कार के लिए ग्रामीण महिलाएं जंगल से शाल का पत्ता लाकर पत्तल बनाती हैं। कम से कम 50 पत्तल का सहयोग तो अवश्य दिया जाता है। लेबर- कुली का काम करने वाले लोग थोड़ा चावल, आटा या फिर सब्जी लेकर पहुंचते हैं। कोई खाली हाथ नहीं आता।

तेलगांव निवासी कुवारी देवी, रीता देवी, चंद्रमणि देवी, मालती टोप्पो, ममता देवी आदि ने स्वयं अपने हाथों से पत्तल तैयार कर सहयोग किया। नवयुवक संघ के संयोजक जगन्नाथ महतो बताते हैं कि कुछ लोग जंगल से लकड़ियां लाकर मंडप सजाते हैं तो कई साफ-सफाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

इसके अलावा जमशेदपुर के सतीश चाचरा, कोकर (रांची) के आलोक गुप्ता, बड़गाईं के एजाज अंसारी तथा मेटास परिवार वर-वधू के लिए पोशाक, शृंगार प्रसाधन एवं उपहार की व्यवस्था करते हैं।

शादी के जोड़े राज्य के कोने-कोने से आते हैं। नवयुवक संघ के संयोजक जगन्नाथ महतो बताते हैं कि फोटो-आधार कार्ड लेकर जोड़े का पंजीकरण किया जाता है। पंजीकरण एवं शादी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है। दो मार्च 2025 को सामूहिक विवाह कराया गया है और 2026 के लिए भी अभी से ही लाइन लगने लगी है।

# सरकार की घोषणा से सहारा निवेशकों में बढ़ी आस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सहारा समूह की कंपनियों में निवेश करने वाले 11.61 लाख से अधिक निवेशकों को खुश करने वाली खबर आई है। इन निवेशकों का पैसा उन्हें जल्द मिलने वाला है। इसके लिए 2,025.75 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की घोषणा सरकार ने की है।

यह राशि उन निवेशकों को लौटाई जाएगी, जिन्होंने सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से अपनी दावेदारी की थी। इससे पहले भी सरकार ने पांच हजार करोड़ की राशि वापस करवा दी है।

चार फरवरी को लोकसभा में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सहकारी समितियों में जमा किए गए धन की वापसी के लिए यह पोर्टल 18 जुलाई 2023 को लांच किया गया था। इस पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में प्रत्यक्ष भुगतान किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि अब तक 50,000 रुपये तक की राशि ही प्रत्येक पात्र निवेशक को दी जा रही है।

यह राशि निवेशकों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जमा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों को उनकी पूरी जमा राशि वापस दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 29 मार्च 2023 को अपने आदेश में कहा था कि सहारा-सेबी रिफंड खाते में जमा 24,979.67 करोड़ रुपये में से 5,000 करोड़ रुपये को केंद्रीय सहकारी समितियों के पंजीयक को हस्तांतरित किया जाए।

इस राशि का उपयोग निवेशकों के वैध दावों के निपटारे के लिए किया जाना था। अदालत ने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी और अधिवक्ता गौरव अग्रवाल को नियुक्त किया है, जो कि पारदर्शी तरीके से राशि का वितरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : विराट कोहली ने रोनाल्डो स्टाइल में मनाया जश्न, फैंस हुए क्रेजी




**दुबई, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में विराट कोहली दुबई के मैदान पर फील्डिंग करते हुए खूब मजे लेते दिखे। भारतीय टीम जब पहली पारी में 249 रन बनाकर फील्डिंग कर रही थी, तभी विराट मस्ती के मूड में दिखे। उन्हें दर्शकों ने मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन मनाते हुए देखा गया। कोहली ने न्यूजीलैंड पारी के 8वें ओवर के दौरान यह सेलिब्रेशन मनाया जब रचिन रवींद्र की जल्द विकेट गिरने के बाद विल यंग और केन विलियमसन पारी को संभाल रहे थे। कोहली और रोनाल्डो सोशल मीडिया साइट्स पर सबसे ज्यादा फॉलो होने वाले एथलीट्स में से एक है। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर जहां 650 मिलियन फॉलोअर्स हैं तो वहीं, विराट के 270 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह भारत के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति भी हैं। विराट कोहली जहां इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सिर्फ सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा से ही पीछे हैं तो वहीं, रोनाल्डो के नाम पर सबसे ज्यादा क्लब गोल का रिकॉर्ड है। विराट पहले ही क्रिस्टियानो को अपना फेवरेट फुटबॉलर मानते आए हैं। साल 2019 में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि मैंने रोनाल्डो नाज़ारियो, रोनाल्डिन्हो, ओलिवर काह्न, लुका मोड्रिक, एंड्रेस इनिएस्ता, ज़ावी, लियोनेल मेस्सी और रोनाल्डो के प्रदर्शन का आनंद लिया। मेरे लिए क्रिस्टियानो हर किसी से पहले है। वह दृढ़ निश्चयी हैं और उनका काम किसी से पीछे नहीं है। वह सफलता चाहता है, आप इसे हर खेल में देख सकते हैं।

कोहली ने कहा कि रोनाल्डो। मुझे लगता है कि उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने उन सभी को पार कर लिया है। वह अब तक देखे गए खिलाड़ियों में सबसे पूर्ण हैं और उनकी कार्य नीति, जैसा कि आपने पहले कहा, किसी से पीछे नहीं है। वह बहुत से लोगों को प्रेरित करते हैं। बहुत से लोग ऐसा नहीं करते हैं। वह एक नेता भी हैं और मैं उन्हें पसंद करता हूं।

# वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा मोहम्मद शमी का यह बड़ा रिकॉर्ड, चैंपियंस ट्रॉफी में फाइफर लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बने



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी लीग मैच में मौका दिया गया और उन्होंने क्या गेंदबाजी की। वरुण की गेंदबाजी को कीवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए और उन्होंने 5 विकेट लेकर भारतीय टीम को 44 रन से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वरुण को उनकी इस घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यही नहीं उन्होंने इस गेंदबाजी के दम पर मोहम्मद शमी के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

### वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा शमी का रिकॉर्ड

वरुण चक्रवर्ती ने कीवी टीम के खिलाफ 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए और वो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले दूसरे बॉलर बने। वरुण ने शमी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे, लेकिन अब वो तीसरे नंबर पर चले गए जबकि 42 रन देकर 5 विकेट लेने वाले वरुण दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में रविंद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए बेस्ट गेंदबाजी

5/36 - रविंद्र जडेजा बनाम वेस्टइंडीज
5/42 - वरुण चक्रवर्ती बनाम न्यूजीलैंड
5/53 - मोहम्मद शमी बनाम बांग्लादेश
4/38 - सचिन तेंदुलकर बनाम ऑस्ट्रेलिया
4/45 - जहीर खान बनाम जिम्बाब्वे

# 6 मार्च से हरिद्वार में शुरू होगा युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का महासंग्राम

**हरिद्वार, एजेंसी।** अपनी तरह का पहला कबड्डी टूर्नामेंट युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप 6 मार्च 2025 से वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम हरिद्वार में शुरू होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले होंगे जबकि ग्रैंड फिनाले 4 अप्रैल को खेला जाएगा।

युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाले इस मंच के बारे में बताते हुए युवा कबड्डी सीरीज के सीईओ विकास गौतम ने कहा, यह टूर्नामेंट सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों की टक्कर वाला ऐसा प्रारूप होने वाला है, जैसा कबड्डी के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। 30 दिनों तक लगातार होने वाले इन रोमांचक मुकाबलों में देश भर के युवा सितारे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। चर्चा को बढ़ाते हुए उन्होंने आगे कहा कि, युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप हमारे और युवा खिलाड़ियों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। यह युवा कबड्डी को एक नए मुकाम तक ले जाने का पहला कदम है और इसमें सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को मैं



उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।इस टूर्नामेंट में 12 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगी। दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच खेले गए 11वें युवा कबड्डी सीरीज संस्करण से 6 टीमें इस चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। डिवीजन 1 के विजेता पलानी टस्कर्स इस चुनौती की अगुवाई करेंगे, जबकि सोनीपत स्पार्टन्स (रनर-अप) और कुरुक्षेत्र वॉरियर्स (तीसरा स्थान) भी अपनी दावेदारी पेश करते नजर आएंगे।डिवीजन 2 से यूपी फाल्कन्स (चैंपियन) और चंडीगढ़ चार्जर्स (रनर-अप) भी इस लीग का हिस्सा रहेंगे, वहीं डिवीजन 3 के विजेता वास्को वाइपर्स भी इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इन 6 क्वालीफाई टीमों के अलावा 6 इनविटेशनल यूथ टीमें भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिनके नाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

# केकेआर ने सीजन के लिए किया नई थ्री स्टार जर्सी का अनावरण




**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। सोमवार को जारी इस जर्सी में एक खास बदलाव किया गया है - इसमें तीन सितारे जोड़े गए हैं, जो टीम की तीन आईपीएल खिताबी जीत (2012, 2014, 2024) का प्रतीक हैं। केकेआर ने जर्सी लॉन्च के लिए एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमणदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीथ सिसोदिया नई जर्सी पहने दिख रहे हैं। टीम के लोगो के ऊपर तीसरे स्टार के अलावा इस बार जर्सी में एक और खासियत जोड़ी गई है। टीम की जर्सी की बांह पर एक सुनहरा आईपीएल बैज भी होगा, जो मौजूदा चैंपियन के सम्मान में 2025 सीजन से जोड़ा गया है। थ्री-एज्ड स्टार थीम पर बनी इस नई जर्सी को बिक्री के लिए भी लॉन्च किया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर का आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों से खरीद सकते हैं।केकेआर ने 3 मार्च (03/03) को नई बैंगनी और सुनहरी जर्सी लॉन्च करने का खास दिन चुना।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केएल राहुल की होगी छुट्टी ! ऋषभ पंत को मिलेगा मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी** ।भले ही बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका. न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई. केएल राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की परेशानी बढ़ा दी है. इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया. जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है. अब सवाल है कि क्या भारतीय टीम मैनेजमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या फिर ऋषभ पंत का रूख करेगी?




न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा. उस समय केन विलियमसन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके बाद केन विलियमसन 81 रन बनाकर पवैलियन लौटे. न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई. कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे. वहीं, केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था. रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए.

केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रूका... न्यूजीलैंड की इनिंग के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर फिर से केन विलियमसन का कैच छोड़ा. दरअसल, भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तो जीत गई, लेकिन अगर इन गलतियों को दुरूस्त नहीं किया गया तो नॉकआउट मैचों में परेशानी का सबब बन सकता है. दरअसल, ऐसा माना जाता है कि इस समय भारतीय सपोर्ट स्टाफ और कप्तान का भरोसा केएल राहुल के साथ है, लेकिन इसके बावजूद अगर ऋषभ पंत जैसे विकल्प बेंच पर बैठे हैं तो विचार किया जा सकता है. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में कप्तान और टीम मैनेजमेंट का फैसला क्या होता है?

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में तेलंगाना और दिल्ली की जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी** । डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की । दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया ।तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते । डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की । दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया । डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ ।



# भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का स्टार ओपनर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, ये खिलाड़ी लेगा टीम में जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में है. मगर वहां पहुंचने के बाद उसे एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. शॉर्ट के बाहर होने की वजह उन्हें लगी चोट हैं. ऑस्ट्रेलिया ने टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले मैथ्यू शॉर्ट को युवा कूपर कोनोली से रिप्लेस किया है. शॉन मार्श की तरह बनने का इरादा रखने वाले कूपर भी बल्लेबाज होने के साथ-साथ शॉर्ट की ही तरह गेंद को टर्न कराने में भी माहिर हैं.

मैथ्यू शॉर्ट को चोट अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करते हुए लगी थी, जिसके चलते उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है. कप्तान स्टीव स्मिथ ने प्राइम वीडियो को बताया कि शॉर्ट सही से मूव भी नहीं कर पा रहे थे. हमें लगा था कि मुकाबले के बीच में मिले ब्रेक में वो रिकवर कर जाएंगे. मगर ऐसा नहीं हुआ.

मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों में 63 रन की पारी खेली थी. उसके अलावा शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे. इस तरह उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 83 रन बनाए.

21 साल के कूपर कोनोली की ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री पर द्रुष्ट्ष्ट की टेक्निकल कमेटी की तरफ से मुहर लग चुकी है. कूपर टीम के ट्रेवलिंग रिजर्व का हिस्सा थे. कूपर कोनोली ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था. उन्होंने अब तक सिर्फ 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 10 रन बनाने के अलावा उनका कुछ खास योगदान नहीं है.

कूपर कोनोली सोमवार को यानी सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उनके बतौर ओपनर सेमीफाइनल में खेलने के भी कयास लग रहे हैं. हालांकि टीम के पास जैक फ्रेजर जैसे ओपनर पहले से ही हैं मगर कूपर के खेलने की बड़ी वजह उनकी लेफ्ट आर्म स्पिन होगी, जो की शॉर्ट की ही तरह टीम को गेंदबाजी का एक विकल्प देने का काम करेंगे.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव न करे टीम इंडिया: शास्त्री

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में बिना किसी बदलाव के विजयी टीम के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने इसका कारण यह बताया कि टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रन की जीत के दौरान दुबई की परिस्थितियों का अच्छा अनुभव लिया है। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। खास बात यह है कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवर के किसी भी आईसीसी नॉकआउट मुकाबले में यह पहली भिड़ंत हो रही है। उस मैच में भारत को अहमदाबाद में हार का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने आईसीसी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए क्योंकि अगले मैच के लिए केवल 48 घंटे का समय है। पिच पर खिलाड़ियों के दौड़ने से असर पड़ा है और वही पिच अगले मैच में इस्तेमाल होगी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका फिर से अहम रहेगी।




रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारत ने दुबई की धीमी पिच को देखते हुए चार स्पिनरों - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती - को खिलाया था। इन चारों ने कुल मिलाकर 9 विकेट लिए, जिसमें चक्रवर्ती सबसे सफल रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए, जो इस टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।शास्त्री ने सही समय पर चक्रवर्ती को मौका देने के लिए टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म देखें, तो यह शानदार है। मैं हमेशा मानता हूं कि वर्तमान फॉर्म सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनका आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज बेहतरीन है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें इस टूर्नामेंट में बनी हुई हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी चक्रवर्ती को ज्यादा खेला नहीं है और न ही उन पर ज्यादा अध्ययन किया है।

उन्होंने आगे कहा, उनका प्रदर्शन मुझे बहुत प्रभावित कर रहा है। टीम मैनेजमेंट ने सही समय पर उन पर भरोसा दिखाया। वह बीच के ओवरों में विकेट निकालने वाले गेंदबाज हैं और अब जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने पांच विकेट झटके। मुझे लगता है कि अब वह टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। शास्त्री ने यह भी कहा कि दुबई की पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240-250 का स्कोर बनाना सेमीफाइनल में जीत की कुंजी हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हैं और 240-250 से ज्यादा रन बना लेते हैं, तो यह इतने बड़े मुकाबले में काफी चुनौतीपूर्ण लक्ष्य होगा।

# दिल्ली वालों को वॉट्सऐप नंबर देकर सीएम रेखा गुप्ता ने मांगा सुझाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपना पहला बजट इसी महीने पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार 24 से 25 मार्च के बीच अपना बजट पेश करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने एक ईमेल आईडी और वॉट्सऐप नंबर जारी करके दिल्लीवालों से सुझाव मांगा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अपने मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम विकसित दिल्ली के बजट को 24 मार्च से 26 मार्च के बीच पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। हम जनता की सारी आकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कृत्य संकल्पित हैं। दिल्ली के विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए सरकार समाज के सभी वर्गों के सुझावों को शामिल करने का प्रयास करेगी। ये बजट विकसित दिल्ली बजट है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर, उनके सुझावों को शामिल करने का प्रयास करेगी। जनता के प्रत्येक वर्ग के सुझाव शामिल हों। महिलाओं को आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, नौकरियां, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था, यमुना की सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषय संकल्प पत्र में शामिल है। इसी दिशा में दिल्ली की जनता की प्राथमिकताओं का संज्ञान लेना और बजट की रूपरेखा तैयार करना हमारा ध्येय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला संगठनों से 5 मार्च को विधानसभा परिसर चर्चा की जाएगी। उसी दिन शाम को शिक्षा जगत के लोगों को बुलाया गया है। 6 मार्च को दिल्ली के व्यापारियों, उद्योग संगठनों को आमंत्रित किया गया है। 7 मार्च को दिल्ली देहात, किसान, युवा, शिक्षा जगत के लोगों से विधायक और मंत्री मुलाकात करके सुझाव लेंगे। यह बजट दिल्ली की जनता का बजट होगा और हमारी कोशिश है कि उनसे जुड़े हर पहलू को देखें और सुझावों पर अमल करें। आने वाले दिनों में सभी विधायक और मंत्री जनता के बीच जाकर उनसे सुझाव लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



### आबकारी नीति में आप ने 3 ब्रांडों को पहुंचाया फायदा, भाजपा ने बताए नाम; दागे सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि पिछली आप सरकार 3 ब्रांडों महादेव, इंडो स्पिरिट, ब्रिंडको को फायदा पहुंचाने के लिए मनमाने तरीके से आबकारी नीति को बदलने का काम किया। आप के नेता और उसके विधायक कैग की दो रिपोर्टों के विधानसभा में रखे जाने के बाद प्रदर्शन कर अपने भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में संकल्प लिया था कि विधानसभा की पहली बैठक में ही कैग की रिपोर्ट को रखेंगे और आज जब रिपोर्ट सामने आ गई है तो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से गायब हैं। उनके विधायक जो अब बेरोजगार हो चुके हैं और झूठे प्रदर्शन कर जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज जनता उनसे पूछना चाहती है कि आखिर आबकारी नीति को क्यों वापस ली, कमिशन क्यों बढ़ाए गए। अफसोस इस बात का कि आप की सरकार जानता को सुविधा प्रदान करने की बजाय केवल भ्रष्टाचार करने में लगी रही। शराब नीति किस तरह से जानबूझकर बदली गई। कैसे तीन ब्रांड्स को फायदा पहुंचाया गया। इनमें महादेव, इंडो स्पिट, ब्रिंडको प्रमुख हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा तीन ब्रांडों के चलते आबकारी नीति को बदल दिया गया। आप के नेता केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने यह खेल खेला। अब इस पूरे मामले की जांच होगी और दोषियों को माफ नहीं किया जाएगा। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि लोगों को सेवाएं प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आप जनसेवक कम दिल्ली की दुश्मन ज्यादा थी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हमने देखा कि दिल्ली के अस्पतालों की क्या स्थिति थी। इतना ही नहीं कैग की रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ है, उसके अनुसार 2016-17 में घोषित 10,000 नए बेड में से केवल 1,357 बेड ही जोड़े गए। मुझे विश्वास है कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार सभी कार्यों को पूरा करेगी।

### विश्व के 40 फीसदी छात्रों को अपनी भाषा में नहीं मिल रही शिक्षा, यूनेस्को की रिपोर्ट में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम ने कहा है कि वैश्विक आबादी के 40 प्रतिशत लोगों के पास उस भाषा में शिक्षा हासिल करने की सुविधा नहीं है, जिसे वे बोलते या समझते हैं।

विभिन्न देशों में घरेलू भाषा की भूमिका के बारे में समझ बढ़ने के बावजूद नीतिगत पहल सीमित बनी हुई है। इस मामले में घरेलू भाषाओं का उपयोग करने की शिक्षकों की सीमित क्षमता, घरेलू भाषाओं में पाठ्य सामग्री की अनुपलब्धता और सामुदायिक विरोध जैसी कुछ चुनौतियां शामिल हैं। जीईएम अधिकारियों ने कहा कि कुछ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक है। 25 करोड़ से अधिक शिक्षार्थी इससे प्रभावित हैं। उन्होंने राष्ट्रों से बहुभाषी शिक्षा नीतियां और तौर-तरीके लागू करने की सिफारिश की, जिसका लक्ष्य सभी शिक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली शैक्षिक प्रणाली बनाना हो। यूनेस्को की टीम ने लैंग्वेज मैटर : ग्लोबल गाइडेंस ऑन मल्टीलिंग्वल एजुकेशन नामक एक रिपोर्ट जारी की है।

# वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे मोबाइल नंबर और ई-मेल, नाम कटने पर तुरंत आएगा मैसेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा के। राजनीतिक दलों की ओर से मतदाता सूची से नाम काटने एवं जोड़ने को लेकर हाल में जिस तरह से आरोपों की बाढ़ आई है उससे निपटने के लिए चुनाव आयोग मुस्तैदी से जुट गया है।

जो अहम कदम उठाने के संकेत मिले हैं, उनमें मतदाता सूची को अनिवार्य रूप से मोबाइल और ईमेल से जोड़ने की तैयारी है। ताकि मतदाता सूची से नाम कटने या जुड़ने पर मतदाताओं को तुरंत ही इसकी जानकारी मुहैया कराई जा सके।

देश भर में इसे लेकर व्यापक अभियान चलाने की तैयारी है। मतदाता सूची में अभी किसी का नाम कटने पर उसे नोटिस भेजकर जानकारी देने की व्यवस्था है, लेकिन अधिकतर मामलों में उस पते पर व्यक्ति के न मिलने से वह नोटिस पहुंचता ही नहीं है। या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) इस पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर चुप बैठ जाता है।




**मोबाइल पर मिलेगी वोटर लिस्ट में नाम जुड़ने की जानकारी:** आयोग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो मोबाइल और ईमेल के अपडेट होने से मतदाता सूची से नाम कटने से जुड़ी जानकारी न मिलने जैसी सारी समस्या खत्म हो जाएगी। आयोग की ओर से नाम सूची से हटाने या जोड़ने के साथ ही मोबाइल पर तुरंत संदेश पहुंच जाएगा। खास बात यह है कि इनमें जिस वजह से नाम मतदाता सूची से हटाया गया उसकी भी जानकारी मिल जाएगी। ऐसे में यदि मतदाता इससे संतुष्ट नहीं है तो वह तुरंत उच्च स्तर पर उसे चुनौती भी दे सकेगा। आयोग इस मुद्दे पर चार व पांच मार्च को नई दिल्ली में होने वाली सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में भी चर्चा करेगा। माना जा रहा है कि इस चर्चा में ही इसके अमल का रोडमैप तैयार हो सकता है।

**देश में कुल 99 करोड़ मतदाता:** सूत्रों की मानें तो देश के लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से करीब 65 करोड़ मतदाताओं के मोबाइल व ईमेल आयोग के पास पहले से मौजूद हैं। इनमें से ज्यादातर मतदाताओं ने नाम जुड़ने के लिए आवेदन करने के साथ ही इसे दर्ज करा दिया है, जबकि बाकी मतदाताओं की ओर स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नंबर दिए जाने से चुनाव आयोग के पास यह ब्योरा मौजूद है।

ऐसे में आयोग का फोकस बाकी बचे करीब 34 करोड़ मतदाताओं को लेकर है, जिनके मोबाइल और ईमेल जुटाए जाने हैं। गौरतलब है कि अभी आयोग को ऐसे मामलों से जूझना होता है जब बूथ पर मतदान के लिए पहुंचने के बाद लोगों को पता चलता है कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है।

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के क्या हैं नियम:** मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के नियम काफी सख्त हैं। नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरना होता है। इसके साथ ही इस बात के प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं कि व्यक्ति उस क्षेत्र में इस पते पर रहता है। साथ ही उसका मतदाता सूची में कहीं दूसरी जगह नाम नहीं है। इनमें अधिकतर 18 वर्ष के नए मतदाता होते हैं। जबकि नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरना होता है। इसमें नाम हटाने के सही कारण देने होते हैं। यह फार्म किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दिया जाता है। जिसकी बीएलओ जांच करता है और यदि संबंधित व्यक्ति उस पते पर नहीं रहता है तो फिर उसके वोटर लिस्ट में जिस जगह से नाम है तो उसे हटा देता है।

# 'केवल 2 कैग रिपोर्ट आई हैं, 14 अब भी पेंडिंग'; दिल्ली के भाजपा विधायक ने आप की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न भाजपा विधायक हरीश खुराना ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के पास दिल्ली विधानसभा में पेश की गईं केवल दो कैग रिपोर्ट पर कोई जवाब नहीं है, जबकि 14 रिपोर्ट अब भी पेंडिंग हैं। खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार सभी कैग रिपोर्ट पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।




उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और अभी और रिपोर्ट आनी बाकी हैं। 'आप' के पास अपनी सरकार के लिए कोई जवाब नहीं है। अरविंद केजरीवाल आज प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं कर रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पास देने के लिए कई जवाब हैं। अभी तक केवल दो रिपोर्ट आई हैं, और 14 अभी भी लंबित हैं। उनके लिए जवाब देना मुश्किल है।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज कैग रिपोर्ट पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, इसके बाद नालों और सीवरों की सफाई पर संक्षिप्त चर्चा होगी। विधानसभा सत्र कानून और नियमों के अनुसार चलेगा। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार आज दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर अहम रिपोर्ट पेश करेगी। सत्र किसी भी राज्य के कल्याण पर चर्चा के लिए होता है। अगर विपक्ष ने तय कर लिया है कि उन्होंने न तो पहले काम किया और न ही मौजूदा सरकार को काम करने देंगे, तो यह संभव नहीं है। हम तय किए गए एजेंडे पर काम करना जारी रखेंगे। शराब घोटाला हो या स्वास्थ्य नीति, सभी क्षेत्रों में जो अनियमितताएं बढ़ी हैं, उन पर आज सत्र में चर्चा होगी। रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार आज राज्य विधानसभा में शहर के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश करेगी। ट्रेजरी बेंच द्वारा जारी कार्यसूची के अनुसार, कैग द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट दिल्ली सरकार से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन पर विधायकों द्वारा चर्चा की जाएगी, जो अध्यक्ष की अनुमति से नियम-280 के तहत मामले भी उठा सकते हैं।

# उड़ान के दौरान पाकिस्तानी लड़ाकू विमान का ईंधन टैंक गिरा, भारी नुकसान का दावा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान एयरफोर्स के एक फाइटर जेट का ईंधन टैंक उड़ान के दौरान गिर गया, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। यह घटना पंजाब के सरगोधा जिले के ग्रामीण इलाके में हुई, जहां तीन लड़ाकू विमान एक साथ उड़ान भर रहे थे। अचानक, एक विमान का फ्यूल टैंक अलग होकर जमीन पर गिर गया। पाकिस्तान एयरफोर्स का सरगोधा एयरबेस बेहद अहम है, लेकिन यहां पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अप्रैल 2023 में, एक फाइटर जेट का फ्यूल टैंक रावलपिंडी रोड पर एक पहाड़ी इलाके में गिरा था, जिससे जोरदार धमाका हुआ और स्थानीय लोग डर गए थे। 1997 में कराची के एक रिहायशी इलाके में गिरा फ्यूल टैंक 6 लोगों की जान ले चुका है। इस बार भी गिरा हुआ फ्यूल टैंक कई मवेशियों के लिए घातक साबित हुआ है।



हालांकि, किसी इंसानी नुकसान की खबर नहीं आई है, लेकिन स्थानीय लोग इस तरह की घटनाओं से भयभीत हैं। फाइटर जेट्स में बाहरी ईंधन टैंक (ड्रॉप टैंक) लगाए जाते हैं ताकि उनकी उड़ान क्षमता बढ़ सके। ये टैंक सिगार के आकार के होते हैं और विमान के धड़ या पंखों के नीचे फिट किए जाते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पहली बार स्पेनिश गृहयुद्ध (1936-1939) में इनका उपयोग शुरू हुआ था। फाइटर जेट्स के लिए फ्यूल टैंक गिराना कोई नई बात नहीं है। जब पायलट को लगता है कि विमान या खुद की जान खतरे में है, तो वे वजन कम करने के लिए इन्हें गिरा देते हैं। ऐसा करने से विमान की गति और गतिशीलता में सुधार होता है, जिससे पायलट को उड़ान के दौरान ज्यादा नियंत्रण मिलता है। पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों की तकनीकी स्थिति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। आए दिन घट रही इस तरह की घटनाएं संकेत देती हैं कि पाकिस्तान के जेट्स तकनीकी रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

# लंदन शिखर सम्मेलन में जेलेंस्की ने की यूरोप के मजबूत समर्थन की प्रशंसा

**लंदन, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार (स्थानीय समय) को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन को मिले समर्थन के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की. एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने यूक्रेन की स्वतंत्रता और सुरक्षा का समर्थन करने में यूरोप द्वारा अपनाए गए एकजुट रुख पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि लंदन में शिखर सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य को समर्पित था.

उन्होंने एक्स पर लिखा कि हम यूक्रेन, हमारे लोगों - सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए और हमारी स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन महसूस करते हैं. जेलेंस्की ने यूरोप के भीतर उच्च स्तर की एकता पर भी प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि यह लंबे समय से नहीं देखा गया था.

उन्होंने लिखा कि हम यूरोप में मिलकर सच्ची शांति और गारंटीकृत सुरक्षा की खोज में अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक ठोस आधार स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं. यूरोप की एकता असाधारण रूप से उच्च स्तर पर है, जो लंबे समय से नहीं देखी गई है.

उन्होंने कहा कि हम अपने भागीदारों के साथ सुरक्षा गारंटी और यूक्रेन के लिए न्यायपूर्ण शांति की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं. जेलेंस्की ने कहा कि निकट भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें और निर्णय तैयार किए जा रहे हैं. उन्होंने यूक्रेन के लिए एक स्थिर और गारंटीकृत शांति का समर्थन करने के लिए वैश्विक समुदाय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया.

उन्होंने कहा कि मैं यूक्रेन में एक स्थिर और गारंटीकृत शांति लाने के लिए अपने सभी मित्रों और भागीदारों के प्रयासों के लिए उनका आभारी हूं. उन्होंने कहा कि संयुक्त ताकत हमारे भविष्य की रक्षा कर सकती है. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शिखर सम्मेलन के दौरान, यूके के प्रधान मंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि यह अधिक बातचीत का समय नहीं है. यह कार्रवाई करने का समय है. जिसमें महाद्वीप के नेताओं ने यूक्रेन में युद्धविराम की दिशा में एक रास्ता बनाने का प्रयास किया. लंदन के भव्य लैंकेस्टर हाउस में शिखर सम्मेलन की तात्कालिकता तब और बढ़ गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओवल ऑफिस में जेलेंस्की को फटकार लगाई, जिससे पश्चिमी देशों में हड़कंप मच गया और मॉस्को खुश हो गया. संघर्ष में गहन चिंता के समय जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं का एक समूह उपस्थित था. सीएनएन के अनुसार, स्टारमर ने संवाददाताओं से कहा कि वह फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर लड़ाई को रोकने के लिए एक योजना तैयार कर रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिका के सामने पेश किया जाएगा.




# दुनिया पर राज कर रही भारत की व्हिस्की, टॉप 5 में भारतीय ब्रांड्स ने बनाई जगह

**लंदन/वाशिंगटन , एजेंसी।** भारत की व्हिस्की ने दुनिया में अपनी बादशाहत साबित कर दी है, जहां पहले भारत सिर्फ मसालों और चाय के लिए जाना जाता था, अब भारतीय व्हिस्की ग्लोबल मार्केट पर राज कर रही है। भारतीय ब्रांड्स ने दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्कियों की लिस्ट में 5 स्थान हासिल किए हैं, जबकि चीन का कोई भी ब्रांड इस सूची में नहीं है। यह केवल एक संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और व्हिस्की की बेहतरीन क्वालिटी का प्रतीक है। हर घूंट के साथ भारतीय व्हिस्की दुनिया को अपना स्वाद चखा रही है और यह कहानी आने वाले सालों में और बेहतर होने वाली है।



**भारत का ग्लोबल व्हिस्की मार्केट में दबदबा:** द स्पिरिट्स बिजनेस ब्रांड चैंपियंस 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की व्हिस्की ने दुनियाभर में अपनी ताकत साबित की है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्की भारतीय ब्रांड्स की रही। रिपोर्ट में भारतीय ब्रांड्स ने टॉप 10 में 5 स्थान प्राप्त किए हैं। जबकि चीन का कोई भी ब्रांड इस लिस्ट में नहीं है। यह भारत के व्हिस्की बाजार की बढ़ती ताकत और उसकी बेहतरीन क्वालिटी का एक स्पष्ट प्रमाण है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में भारत के ब्रांड्स ने सबसे ज्यादा बिक्री की। मैकडॉवेल्स 31.4 मिलियन केस के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं रॉयल स्टैग 27.9 मिलियन केस के साथ दूसरे स्थान पर था।

ऑफिसर्स चॉइस (23.4 मिलियन केस) और इम्पीरियल ब्लू (22.8 मिलियन केस) ने भी टॉप 4 में अपनी जगह बनाई। पांचवे स्थान पर स्कॉटलैंड का जॉनी वॉकर थी, जिसने 22.1 मिलियन केस बेचे। भारत की 8 पीएम व्हिस्की भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रही, जिसने 12.2 मिलियन केस बेचे। इसके अलावा भारत के अन्य ब्रांड्स जैसे ब्लेंडर्स प्राइड (9.6 मिलियन केस), रॉयल चैलेंज (8.6 मिलियन केस) और स्टर्लिंग रिजर्व (5.1 मिलियन केस) ने भी टॉप 20 में अपनी जगह बनाई।

### भारत में बढ़ती व्हिस्की की मांग

भारत में प्रीमियम व्हिस्की की मांग लगातार बढ़ रही है। उपभोक्ताओं का रुझान अब बेहतर गुणवत्ता वाली व्हिस्की की ओर बढ़ता जा रहा है, जिससे विदेशी कंपनियां भी भारतीय बाजार में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। हाल ही में भारत सरकार ने अमेरिका से आने वाली बॉर्बन व्हिस्की पर टैरिफ कम करने की घोषणा की है। इसके अलावा ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया भी भारत में अपने अल्कोहल ब्रांड्स की पहुंच बढ़ाने के लिए टैरिफ कटौती की मांग कर रहे हैं। यह भारत के बढ़ते व्हिस्की बाजार की और बढ़ती पहचान का स्पष्ट संकेत है।

### भारत का बढ़ता दबदबा

इस रिपोर्ट से यह साफ हो जाता है कि भारत का व्हिस्की बाजार अब दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। भारतीय ब्रांड्स की बढ़ती लोकप्रियता और बेहतरीन क्वालिटी ने उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। चीन जैसे बड़े बाजार का कोई भी ब्रांड टॉप 10 में न होना भारत की बढ़ती साख को और भी मजबूत करता है। आने वाले सालों में भारतीय व्हिस्की ब्रांड्स की मांग और बढ़ने की संभावना है, जिससे भारत का दबदबा और भी मजबूत होगा। यह सिर्फ संख्याओं की जीत नहीं, बल्कि भारत के स्वाद और गुणवत्ता की दुनिया में बढ़ती पहचान का प्रमाण है।

# मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, की बोकारो इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, किरण झा, पूनम झा, आशा पाठक, पद्मा चौधरी, रंजना भगत, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

# जिले में संचालित योजनाओं का उपायुक्त ने व्यापक प्रचार प्रसार का दिया निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी,जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार वित्तीय वर्ष 24-25 में छोटे एवं सीमांत कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को पंप सेट वितरण की योजना के संबंध में जानकारी ली। जिला भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी अंजली राय ने बताया कि योजना के तहत 1.5-3.0 एचपी का पंप सेंट 150 लाभुकों, 3.5-5.0 एचपी का 20 लाभुकों एवं 1.0 एचपी का सोलर पंपसेट 10 लाभुकों को दिया जाना है। इसी तरह कृषि यांत्रिकीकरण के प्रोत्साहन हेतु अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रांसप्लांटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना के 05-05 लाभुक कृषक समूह/कृषक पैकेज को योजना से लाभांवित करना है। दोनों ही योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। इस दिशा में उपायुक्त ने निदेशालय से पत्राचार करने को कहा। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषक यंत्रों का वितरण योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर पैकेज के लिए 50 लाभुक एवं कृषि यंत्र पैकेज के लिए 30 लाभुक का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 39 लाभुकों का आवेदन प्राप्त है। उक्त योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में भी 22 लाभुकों को योजना से लाभांवित किया जाना है, जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। समीक्षा क्रम में, मृदा एवं जल संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमि/राईस फेलो विकास उपयोजना अंतर्गत 05 एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जीर्णोद्धार/गहरीकरण की योजना एवं परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना का भी जानकारी ली। लक्ष्य अनुरूप लाभुकों को चिन्हित नहीं करने/आवेदन प्राप्त नहीं करने को लेकर कार्रवाई करने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी को लेकर व्यापक प्रचार झ प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं, योजनाओं एवं लाभुकों के चयन से संबंधित आहर्ता के संबंध में जानकारी को लेकर बीडीओ/सीओ के साथ बैठक करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 23 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, गोमिया अंचल कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



### टाटा एआईए ने निकाली इंश्योरेंस फॉर ऑल जागरूकता रैली

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जमशेद जी टाटा का 186 वीं जयंती के अवसर पर एवं रत्न टाटा की याद में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस परिवार धनबाद शाखा द्वारा इंश्योरेंस फॉर ऑल की जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बैंक मोड़ स्थित श्रीराम प्लाजा से निकलकर पुराना बाजार, जोड़ा फाटक रोड, धनसार चौक होते हुए पुनः श्री राम प्लाजा आई। इस अवसर पर डीडीओए मुकेश कुमार, ब्रांच मैनेजर आनंद मोहन गुप्ता, लीडर्स में आकाश गुप्ता संजय झा,माथुर प्रसाद रवानी राजीव कुमार,लालजी शर्मा समेत अन्य थे।



### उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को एच.ई. स्कूल में संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्षाओं का भ्रमण किया। परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखने व सतर्क रहने का निर्देश दिया।



# उपायुक्त ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थिति एच.ई. स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सौर ऊर्जा से संचालित है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। साथ ही उनके साथ वातार्लाप किया। उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के किचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित कुमार, सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन तिथि बढ़ी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रक्रिया आरम्भ है। नामांकन हेतु पंजीकरन ऑनलाईन माध्यम से http://transforming-bokarokgbv.com पोर्टल पर किया जा सकता है, अथवा सरकारी मध्य विद्यालय से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर संबंधित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि दिनांक 07 मार्च 2025 तक विस्तारित की गई है। जो, पहले दिनांक 28 फरवरी 2025 निर्धारित थी। नामांकन के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक मुस्लिम एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के बालिकाओं के लिए सीटें आरक्षित है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारी को ले विचार विमर्श

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहयोगिनी के कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि एकजुट होकर रही है । और महिलाओं को आजीविका के उपयुक्त अवसर देने के लिए सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, अंग्रेजी बोलने और ब्यूटीशियन कोर्स जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। बैठक में पॉक्सो अधिनियम, लैंगिक असमानता और महिला सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं पर भी विस्तृत



समाज में सकारात्मक बदलाव के मिशन की सफलता पर सभी को ध्यान देने की बात कही। बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया जिसके तहत 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कसमार ब्लॉक सामुदायिक भवन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह, बाल शोषण, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और लड़कियों की बेहतर शिक्षा की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति सभी को जागरूक करना है। बैठक के दौरान कल्याणी सागर ने पूरे जोश और संकल्प के साथ लैंगिक अन्याय से मुक्त समाज की अपनी दृष्टि साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लड़कियों और महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना बेहद जरूरी है। सहयोगिनी इस दिशा में सक्रिय रूप बोकारो जिले में कार्य कर चर्चा की गई। सहयोगिनी महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली नीतिगत सुधारों और जमीनी स्तर की पहलों की पुरजोर वकालत करता रहेगा। सूर्यमणि देवी ने कहा कि सुरक्षा और अवसरों के साथ सभी महिला जीवन व्यतीत कर सके इस पर कार्य किया जा रहा है। आगामी 8 मार्च का यह कार्यक्रम जागरूकता, संवाद और ठोस कदम उठाने के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा। जिससे एक बेहतर और समान भविष्य की दिशा में प्रगति की जा सकेगी। आज के बैठक के दौरान सहयोगिनी के सनी कुमार, अमरजीत कुमार, कुमारी किरण, मंजू देवी, सोनी कुमारी, अनिल हेंब्रम, गौतम सागर, नीतू कुमारी, विनीता कुमारी, संगीता देवी, रेखा देवी, प्रतिमा सिंह, प्रकाश कुमार महतो, अभय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त श विजया जाधव की अध्यक्षता में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं मास्टर ट्रेनर (आंगनबाड़ी सहायिका) का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में लेडी सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री के परिचय और उपयोगिता की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को पोषण के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके और बालकों मानसिक और शारीरिक क्षमता में अनुकूल वृद्धि की जा सके। जानकारी हो कि, बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 2,256 आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षण-अधिगम सामग्री का वितरण शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल शिक्षा को सशक्त बनाना है,वितरित की गई सामग्री में फ्लैशकार्ड, कहानी की किताबें, चित्र पुस्तिकाएँ, विभिन्न वस्तुओं के चार्ट और नैतिक शिक्षा की पुस्तकें शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र में बोकारो के 11 एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं से 02 लेडी सुपरवाइजर और 05 सेविकाओं सहित 77 लेडी सुपरवाइजर एवं सेविकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने इंटरएक्टिव गतिविधि-आधारित कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बच्चों की ग्रहणशील क्षमता कैसे कार्य करती है और ध्यान केंद्रित न होने से सीखने की प्रक्रिया में हानि कैसे होती है के संबंध में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण सत्र को नीति आयोग के फैलोज रूपल जैन, श्रुति मिश्रा एवं झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से अहमद उद्दीन द्वारा संचालित किया गया।

# आईआईटी आईएसएम ने अत्याधुनिक पाठ्यक्रम की शुरूआत की



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) धनबाद ने एक क्रांतिकारी नए पाठ्यक्रम की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस पहल को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रो. बिस्वजीत प्रधान की उपस्थिति से और भी विशेष बनाया गया है, जो इस कार्यक्रम में अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आएंगे। इस पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम में थ्रीडी फ्लड मॉडलिंग डेम ब्रेक एनालिसिस सब्सिडेंस मैपिंग डिजास्टर प्रोन एरिया आइडेंटिफिकेशन टीरैन एनालिसिस और वाटरशेड डेलीनीएशन जैसी व्यापक विषयवस्तु शामिल हैं। प्रो. एस.आर. समद्दर, एसोसिएट डीन और लोकल कोऑर्डिनेटर, ने निर्णय लेने की प्रक्रिया और आपदा शमन रणनीतियों में जियोलॉजिकल इंटेलिजेंस के महत्व को रेखांकित किया। सिभागियों को संबोधित करते हुए, प्रो. प्रधान ने आज के तेजी से बदलते जलवायु परिदृश्य में जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजीस की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा जियोस्पेसीएल टेक्नोलॉजीस मूल रूप से डेटा संग्रहण के बारे में हैं, लेकिन मुख्य बात यह है कि एकत्रित डेटा बुद्धिमान और पूवार्नुमान विश्लेषण के लिए सार्थक हो, विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाओं को कम करने में। हजार्ड रिस्क असेसमेंट और एस्प्लेनेबल एएल में अपनी विशेषज्ञता के साथ, उन्होंने स्पेसीएल मॉडलिंग और मशीन लर्निंग टीक्निक्स के एकीकरण की आवश्यकता को उजागर किया ताकि आपदा तैयारी और संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके। आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर, प्रो. धीरज कुमार ने जिओस्पेशियएल की भूमिका को प्राकृतिक संसाधनों की खोज और सतत प्रबंधन के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। यह पाठ्यक्रम जिओस्पेसीएल इंटेलिजेंस एप्लीकेशंस में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करने की उम्मीद है, जिससे प्रतिभागी संसाधन प्रबंधन और आपदा तैयारी से संबंधित समकालीन चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकेंगे।

# के राजू के बोकारो दौरे को सफल बनाने को लेकर हुआ विचार विमर्श

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा जायका रेस्टुरेंट में आगामी 7 मार्च को झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू के बोकारो आगमन की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी सुशील कु झा ने किया। आगामी 7 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के झारखण्ड प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सीरीवेला प्रसाद एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश झारखण्ड भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो,धनबाद और गिरिडीह का दौरा करेंगे। उस दौरान वे प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षो के साथ बैठक कर विचार विमर्श करेंगे। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी 7 मार्च 2025 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के झारखण्ड प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सीरीवेला प्रसाद एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का संयुक्त झारखण्ड भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो जिला में आगमन सुनिश्चित हुआ हैं।आगमन पर झारखंडी संस्कृति के गजा बजा के साथ भव्य रूप से स्वागत किया जायेगा। पूरा शहर झंडा बैनर से सजाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से बोकारो,धनबाद और गिरिडीह जिला के जिलाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष सहित तीनों जिला के प्रखंड अध्यक्षगणों, नगर अध्यक्षगणों, कार्यकारी अध्यक्षगण और मंडल अध्यक्षगणों होंगे शामिल।उक्त बैठक में झारखण्ड प्रभारी के राजू जी सह प्रभारी सीरिवेला प्रसाद और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय श्री केशव महतो कमलेश जी मुख्यरूप से प्रखंड नगर, कार्यकारी और मंडल अध्यक्षो से संगठन सशक्तिकरण पर संवाद करेंगे। इसके लिए सभी प्रखंड,नगर, कार्यकारी और मंडल कांग्रेस अध्यक्षो को सूचित कर दिया गया हैं। बैठक में हरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, सुशील कु झा, बिरिंची महाथा, इन्द्रदेव पासवान,देवेंद्र चौबे, नारायण सिंह चौधरी देवासिस मंडल, हाजी अब्दुल मलिक, अजित सिंह चौधरी, अशोक मिश्रा, रीता सिंह, महावीर सिंह चौधरी,कमरुल हसन, जितेंद्र यादव, सतेंद्र यादव, शिबू यादव, महेश मण्डल, इमरान आंसरी, जलेश्वर दास, गौरव राय, तुलसी महतो मोख्तर अंसारी रमेश महाराज, पंकज महाथा, सपन प्रमाणित, आशा देवी, नेहा यादव, पूनम यादव, रंजू कुमारी, शकुंतला देवी, निवारण तिवारी, हसनुअला अंसारी, बैद्यनाथ जायसवाल, मुस्लिम अंसारी, घनश्याम नारायण, जीबन मंडल, मनोज वर्मा, राजीव सिंह, रमेश राय, रफीक अमानत, ऐ के सुल्तान, रामबाबू यादव, अभिमुनया पंडित सहित बोकारो कांग्रेसजनों उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने दी श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से सेक्टर 12 में एस के बरियार की दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लव कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत मंजू सिन्हा सामाजिक कार्यों से लगातार जुड़ी रहती थी। कस्तूरी सिन्हा ने कहा की मंजू सिन्हा एक सरल एवं सहृदय महिला थी और वे सबके प्रति समभाव रखती थी। गीता कुमारी 'गुस्ताख' ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच को शक्ति देने में मंजू सिन्हा का एक अहम योगदान था। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि उनका प्रत्येक कार्य राष्ट्रीय विचार धारा से जुड़ा रहता था। उनके कार्य को देखकर एक उत्साह प्राप्त होता था। परिषद् श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ नरेंद्र कुमार राय ने कहा कि वे जब तक जीवित रहीं तब तक अखिल भारतीय साहित्य परिषद् को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित मेला में प्रत्येक वर्ष मंच प्रदान करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती थी जहाँ परिषद् के सभी कवि- कवयित्री एकत्र होकर अपनी कविता का पाठ करते थे।

## सभी प्रखंडों में 9 व 10 मार्च को मेगा हीमोग्लोबिन जांच शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु का सुरक्षा/बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसको लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी 09-10 मार्च को जिले के सभी 09 प्रखंडों में मेगा हेमोग्लोबीन जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार- प्रसार करने एवं जिले के सभी गर्भवती महिलाओं का हेमोग्लोबीन जाँच करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निम्न निर्देश दिया हैः-

जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, अनुमण्डलीय अस्पताल, सदर अस्पताल में हेमोग्लोबीन जाँच हेतु आवश्यक उपकरण/दवाईयों उपलब्ध रखेंगे।

# जमीन से संबंधित दाखिल खारिज के अस्वीकृत आवेदनों की भी होगी सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज के आवेदन अस्वीकृत होने के उपरांत ऐसे मामलों में अस्वीकृत आवेदन के विरूद्ध सम्बन्धित भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) के न्यायालय में अपील का प्रावधान है। बिहार (झारखंड) टेनेंट्स होल्डिंग्स (मेंटेनेंस ऑफ रिकार्ड्स) एक्ट 1973 के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा जिस दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया है. वैसे वाद की पुनः सुनवाई करने हेतु सक्षम प्राधिकार भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) है।

उपायुक्त विजया जाधव ने जनता दरबार एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत में प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि अंचल अधिकारियों के द्वारा मामूली कारणों यथा दस्तावेज संलग्न नहीं होना, झारभूमि पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या एवं अन्य के कारण दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत किया जा रहा है।

जांच क्रम में यह प्रकाश में आ रहा है कि आमजनों में दाखिल-खारिज के प्रावधानों से सम्बन्धित नियमावली की जानकारी नहीं होने के कारण बार-बार दाखिल-खारिज के आवेदन अंचल कार्यालय में समर्पित किये जा रहें हैं जिन्हें अंचल कार्यालय द्वारा अस्वीकृत किया जाता है। इसी को लेकर उपायुक्त बोकारो ने अंचल अधिकारियों द्वारा अस्वीकृत किए गए दाखिल-खारिज के आवेदनों के विरूद्ध अपील दायर करने हेतु सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता (डीसीएलआर) को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने चास एवं बेरमो (तेनुघाट) के भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारियों को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष दाखिल-खारिज अपील राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है।

साथ ही, दोनों भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर में स्वयं उपस्थित होकर अस्वीकृत दाखिल-खारिज वादों के विरूद्ध ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करते हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से ऑनलाईन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**निम्न तिथियों को लगेगा विशेष राजस्व शिविरः-**

- चास : विशेष राजस्व शिविर - 07/08 मार्च : सुनवाई शिविर - 15/17 मार्च
- चंदनकियारी : विशेष राजस्व शिविर - 05/06 मार्च : सुनवाई शिविर - 18/19 मार्च
- जरीडीह : विशेष राजस्व शिविर - 07 मार्च : सुनवाई शिविर - 15 मार्च
- कसमार : विशेष राजस्व शिविर - 08 मार्च : सुनवाई शिविर - 18 मार्च
- नावाडीह : विशेष राजस्व शिविर - 10 मार्च : सुनवाई शिविर - 19 मार्च
- पेटरवार : विशेष राजस्व शिविर - 11 मार्च : सुनवाई शिविर - 20 मार्च
- गोमिया : विशेष राजस्व शिविर - 12 मार्च : सुनवाई शिविर - 21 मार्च
- बेरमो : विशेष राजस्व शिविर - 15 मार्च : सुनवाई शिविर - 22 मार्च
- चंद्रपुरा : विशेष राजस्व शिविर - 17 मार्च : सुनवाई शिविर - 24 मार्च

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com